

सुपरटेक की 16 परियोजनाएं पूरा करे एनबीसीसी : उच्चतम न्यायालय - 12



अगले महीने से लागू हो सकता है भारत अमेरिका व्यापार समझौता : गोयल - 12



एआई से नौकरियां बचाने के लिए दक्षिण कोरिया की संसद में लाया गया विधेयक - 13



दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं: सुमित नागल - 14


आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.51
सूर्यास्त 05.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी 01:18 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 6 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 167, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# नई विश्व व्यवस्था का झुकाव भारत की ओर

## राज्यसभा में प्रधानमंत्री बोले- पहले देश पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, आज चौथी सबसे बड़ी

- मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान दिया जवाब
- कहा, विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है और दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है। राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौतों का उल्लेख किया और कहा कि जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है।

उन्होंने कहा, भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है। हम समाधान दे रहे हैं। कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच भाषण शुरू करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का तेज आर्थिक विकास और कम मुद्रास्फीति एक दुर्लभ संयोग है। पिछले कुछ समय में विश्व के नौ बड़े देशों के साथ हमारे समझौते हुए हैं और उसमें 'मदर ऑफ आल डील' में यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ एकमुश्त समझौता हुआ है। उन्होंने कहा, विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे हैं। जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है। ऐसे में साफ दिख रहा है कि दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है, जिस तरह दूसरे विश्व युद्ध के बाद एक वैश्विक व्यवस्था बनी थी। अपने भाषण के बीच वाकऑउट करने वाले विपक्षी दलों के सदस्यों की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग थककर चले गए, कभी न कभी उनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की कैसी हालत बनाकर रखी थी। कोई देश अपने आप हमारे साथ समझौता करने नहीं आता था। मोदी ने कहा कि हमारा देश पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, लेकिन आज हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के क्रम में हैं। प्रधानमंत्री के भाषण के बीच विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। मोदी ने कहा कि आज चाहे अंतरिक्ष हो, विज्ञान हो, खेल हो, भारत हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। कहा कि आज पूरा विश्व 'ग्लोबल साउथ' की चर्चा कर रहा है।

### तृणमूल कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए जनता के कल्याण के लिए काम नहीं किया। तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने चर्चा के दौरान केंद्र सरकार के विरोध में काफी कुछ कहा, 'किंतु वे अपने गिरेबान में भी देखें। पतन के जितने भी मानक हैं, सब मानकों में नए-नए रिकार्ड बनाते जा रहे हैं और यहां उपदेश दे रहे हैं। ऐसी सरकार से वहां के लोगों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है।

### कांग्रेस कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएगी


- मोदी बोले- मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं वे मोदी तेरी कब्र खुदेगी जैसे नारे लगा रहे हैं यह चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विपक्षी दल लगातार चुनावी हार को पचा नहीं पा रहा है और उनके प्रति गहरी नफरत रखने के बावजूद वह कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा में विपक्षी दल द्वारा डाले गए व्यवधान पर खेद जताया और कहा कि यह न केवल एक आदिवासी और महिला राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि उनके सर्वोच्च संवैधानिक पद और भारत के संविधान का भी अपमान है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर राहुल गांधी की 'गद्दार' टिप्पणी की भी निंदा की और इसे पूरे सिख समुदाय का अपमान बताया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग 'मोहब्बत की दुकान' की बात करते हैं, वे 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारे लगा रहे हैं, जो चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा को उजागर करता है। उन्होंने कहा, यह कैसी मोहब्बत की दुकान है? उन्होंने यह कौन से संविधान से सीखा है? क्या यह संविधान का अपमान नहीं है? मोदी ने कहा, वे कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा क्योंकि उन्हें करोड़ों माताओं, बहनों और देश के गरीबों का आशीर्वाद प्राप्त है, जिनके लिए वे निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। कांग्रेस हर भारतीय नागरिक को समस्या मानती थी, जबकि उनकी सरकार उन्हें अपनी ताकत और चुनौतियों का समाधान मानती है। प्रधानमंत्री ने करीब 100 मिनट लंबे भाषण में कहा कि वे (विपक्ष) उन्हें रोज गालियां देते हैं क्योंकि वे यह पचा नहीं पा रहे हैं कि उनके जैसा एक गरीब आदमी इस पद पर कैसे आसीन है।

# पीएम के साथ कुछ भी हो सकता था, इसलिए मैंने लोस में उनकी स्पीच टाली

- लोकसभा स्पीकर बिरला का दावा- अप्रत्याशित हमले की थी प्लानिंग
- प्रधानमंत्री के जवाब के बिना लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को सदन में कांग्रेस के कई नेता सदन के नेता के आसन के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उनके अनुरोध पर प्रधानमंत्री मोदी सदन में नहीं आए। बिरला ने यह भी कहा कि बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने उनके चैंबर में आकर जिस तरह का व्यवहार किया, वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ और यह दृश्य एक 'काले धब्बे' की तरह था।

लोकसभा की बैठक विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे पुनः शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि बुधवार सदन के नेता (प्रधानमंत्री मोदी) को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देना था। मेरे पास ऐसी पुख्ता जानकारी आई कि कांग्रेस पार्टी के कई सदस्य नेता सदन के आसन पर पहुंचकर कोई भी अप्रत्याशित घटना को अंजाम दे सकते थे। मैंने यह दृश्य सदन में देखा भी। अगर ऐसी घटना हो जाती तो यह अत्यंत अप्रिय दृश्य देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार कर देता।

### देश ने देखी पूरी घटना

बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सदन में नहीं आकर उनके आग्रह को मानते हुए सदन को अप्रिय दृश्य से बचाया और इसके लिए वह प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने यह भी कहा, बुधवार की घटना देश ने देखी है कि किस तरह महिला सदस्य वहां (प्रधानमंत्री के बैठने के स्थान) तक पहुंची हैं। यह किसी तरह उचित नहीं था। आप शब्दों से बात कह सकते हैं, आरोप लगा सकते हैं। लेकिन आप इधर (सत्तापक्ष की तरफ) आकर जिस तरह कर रहे हैं, यह उचित नहीं है।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी मामले में अल फलाह विश्वविद्यालय का चेयरमैन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विस्फोट के बाद यूजीसी की शिकायत पर दर्ज दो प्राथमिकी के आधार पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अल फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ईडी द्वारा कार्यवाही शुरू करने के बाद दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई की है। लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद अपराध शाखा ने निजी विश्वविद्यालय के कामकाज से संबंधित कथित अनियमितताओं और धोखाधड़ी के संबंध में मामले दर्ज किए थे। सिद्दीकी को स्थानीय अदालत में पेश किया जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।


### नीट पीजी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में रिक्त पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए संचालित तीसरी काउंसिलिंग में गुरुवार को मेरिट सूची जारी कर दी गयी हैं। कॉलेजों में एमडी-एमएस व डिप्लोमा सीटों पर दाखिले के लिए 8935 अभ्यर्थियों की और डीएनबी सीटों के लिए 290 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी है। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को छह फरवरी से 11 फरवरी तक मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी। अगले 14 फरवरी को सीट आवंटन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे और 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

# चाइनीज मांझे से मौत होना हत्या के समान : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम योगी का दुर्घटनाओं पर सख्त रुख पुलिस को प्रदेशव्यापी छापेमारी के दिए निर्देश
- प्रतिबंध के बाद भी चाइनीज मांझे की उपलब्धता कैसे, कार्रवाई की होगी उच्चस्तरीय समीक्षा



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु होना हत्या के समान है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद इसकी उपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस को प्रदेशव्यापी सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को लखनऊ के हैदरगंज ओवरब्रिज पर शोएब की चाइनीज मांझे से मौत का संज्ञान लेने के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस को निर्देश दिए कि यह पता लगाया जाए कि चाइनीज मांझा किन माध्यमों से बाजार में पहुंच रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि केवल बिक्री ही नहीं, बल्कि इसके भंडारण और परिवहन पर भी कड़ी नजर रखी जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जन-सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। चाइनीज मांझा आमजन, विशेषकर बच्चों और पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा खतरा है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिए कि आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और इसकी प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा नियमित रूप से की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। योगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश को चाइनीज मांझे के खतरे से पूरी तरह मुक्त करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें और प्रतिबंध का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

### प्रदेशभर में छापेमारी शुरू

योगी के निर्देश पर गुरुवार को पूरे प्रदेश में चाइनीज मांझे के खिलाफ विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। सभी जिलों में थानावार छापेमारी कर दुकानों, गोदामों और संदिग्ध ठिकानों की सघन जांच की जा रही है। पुलिस को चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बरामदगी की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान की उच्चस्तरीय समीक्षा होगी, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न रहे।

# अवैध कोयला खदान में विस्फोट, 16 मजदूरों की गई जान

- मेघालय में घटी बड़ी घटना, कई अन्य के फंसे होने की आशंका

शिलांग, एजेंसी



मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में विस्फोट होने से 16 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य के फंसे होने की आशंका है।

डीजीपी आई नोंगरंग ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई और बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अब तक 16 शव बरामद किए हैं, लेकिन विस्फोट के समय खदान के अंदर मौजूद लोगों की संख्या के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। ईस्ट जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि घटना में घायल एक व्यक्ति को एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे राज्य की राजधानी शिलांग रेफर कर दिया गया। शक है कि यह विस्फोट उस जगह पर कोयला खनन की गतिविधियों के दौरान हुआ, जिसे एक गैर-कानूनी काम माना जा रहा है। जब पूछा गया कि क्या खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी, तो कुमार ने कहा, हां, ऐसा ही लगता है। विस्फोट की वजह का पता अभी नहीं चला है, और इसकी जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एनजीटी ने 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन तथा खनन के दूसरे अवैज्ञानिक तरीकों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### मोदी ने शोक जताया, अनुग्रह राशि की घोषणा की

**शिलांग।** प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण कम से कम 16 मजदूरों की मौत होने पर शोक जताया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। पीएमओ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी के हवाले से कहा, ईस्ट जयंतिया हिल्स, मेघालय में हुई दुर्घटना के बारे में जानकर दुख हुआ। अपने प्रियजन को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल व्यक्ति के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।


## आरएसी बर्थ मिलने पर आंशिक किराया लौटाए रेलवे : पीएसी

- संसद में पेश की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने कहा है कि आरएसी श्रेणी के तहत बुक किए गए टिकटों के लिए पूरा किराया वसूलना उचित नहीं है। लोक लेखा समिति (पीएसी) ने संसद में पेश की गई अपनी रिपोर्ट भारतीय रेलवे में ट्रेन परिचालन में समय की पाबंदी और यात्रा का समय में कहा कि आरएसी (रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन) के तहत टिकटों के लिए पूरा किराया वसूलना, जिसमें चार्ट बनने के बाद टिकट धारक को पूरी बर्थ नहीं मिलती है, उचित नहीं है, आंशिक किराया वापस लौटाया जाना चाहिए। वहीं, 'सुपरफास्ट' ट्रेनों पर कहा कि ऑडिट में पाया गया कि किसी ट्रेन को सुपरफास्ट के रूप में वर्गीकृत करने के लिए 55 किमी प्रति घंटे का मानक अपने आप में ही कम है। 2007 से ट्रेनों के वर्गीकरण के मानदंडों में बदलाव नहीं हुआ है।

# दिल्ली-एनसीआर, गुजरात की सड़कों पर दौड़ी 'भारत टैक्सी'

- केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- तीन साल में देशभर में होगा विस्तार





**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को देश के पहले सहकारी-संचालित ऑनलाइन कैब सेवा 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की। अभी दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में शुरू होने वाली इस सेवा का अगले तीन साल में देशभर में विस्तार किया जाएगा।

शाह ने इस अवसर पर कहा कि अमूल सहित देश की आठ शीर्ष सहकारी संस्थाओं द्वारा स्थापित 'भारत टैक्सी' से चालकों (ड्राइवर) की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और उन्हें इस मंच पर स्वामित्व भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पायलट परीक्षण की सफलता के बाद प्रतिस्पर्धी टैक्सी सेवा प्रदाताओं ने अपने कमीशन घटा दिए हैं और मुफ्त सवारी जैसे प्रोत्साहन भी दिए हैं लेकिन भारत टैक्सी जैसा ड्राइवर-स्वामित्व मॉडल कोई दूसरा ऑनलाइन कैब सेवा प्रदाता नहीं देता है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद करीब 1,000 ड्राइवरों को संबोधित करते हुए कहा, आप ड्राइवर होने के साथ भारत टैक्सी मंच के मालिक भी होंगे।

# कब्जेदारों को लाभ पहुंचाने के आरोप में तीन पीसीएस अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तहसीलदार रहते की गड़बड़ी, अब एटा, गाजियाबाद व बुलंदशहर में एसडीएम पद पर हैं तैनात

**अमृत विचार:** चंदौली जिले में सरकारी एवं ग्रामसभा भूमि से जुड़े मामलों में बड़ी प्रशासनिक गड़बड़ी सामने आने पर सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। अवैध कब्जे हटाने के बजाय कब्जेदारों को लाभ पहुंचाने के आरोप में तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। तीनों अधिकारी पूर्व में तहसीलदार के रूप में तैनात रहे हैं।

निलंबित अधिकारियों में तत्कालीन तहसीलदार सतीश कुमार (वर्तमान तैनाती एसडीएम एटा), विराग पांडेय (वर्तमान तैनाती एसडीएम गाजियाबाद) और लालता प्रसाद (वर्तमान तैनाती एसडीएम बुलंदशहर) शामिल हैं। इन पर सार्वजनिक, आरक्षित और ग्रामसभा भूमि को नुकसान पहुंचाने के आरोप हैं। चंदौली के जिलाधिकारी द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर तहसील की पत्रावलियों के निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि कई मामलों में पूर्व में पारित बेदखली आदेशों के बावजूद वसूली के नोटिस वापस ले लिए गए। इससे कब्जेदारों को कार्रवाई से बचाया गया। जांच में जिन भूमियों का उल्लेख है, उनमें खलिहान, चकमार्ग, कब्रिस्तान, नवीन परती, बंजर व लोक उपयोगिता की भूमि शामिल है।

### डीएम की ओर से शासन को भेजी गई थी रिपोर्ट

मामले में एडीएम (न्यायिक), एसडीएम चकिया और अपर एसडीएम चंदौली की तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। समिति की विस्तृत जांच में स्पष्ट हुआ कि तत्कालीन तहसीलदारों ने पीठासीन अधिकारी की हैसियत से अतिक्रमणकारियों के पक्ष में आदेश पारित किए, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। डीएम की शासन को भेजी गई रिपोर्ट पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज की ओर से जारी आदेश के अनुसार जांच शुरू की गई है। जांच अधिकारी के रूप में वाराणसी के मंडलायुक्त को नामित किया गया है।

उपलब्धि | लखनऊ के साथ ही रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में अभिनव प्रयोग

# प्लास्टिक कचरे से बनाई 75 किलोमीटर लंबी सड़क

- पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल, कूड़े से तीन करोड़ रुपये की आय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के गांव अब स्वच्छता और नवाचार की नई पहचान गढ़ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण, घर-घर कूड़ा संग्रहण कर उससे खाद निर्माण और आय सृजन के अभिनव प्रयोगों ने प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को हाईटेक बना दिया है।

राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुरू कर वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। इस पहल से अब तक 3 करोड़ रुपये से अधिक की आय सृजित हो चुकी है। वहीं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों से 29 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई की गई है। इस योजना के तहत पंचायतीराज विभाग प्रदेश में 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल पर काम कर रहा है।



लखनऊ के साथ ही रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में इसी तरह प्लास्टिक कचरे से बनाई जा रही सड़क।

### प्रदेश के हर गांव में होगा प्रयोग

पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ गांव महाभियान के तहत कूड़े को संसाधन में बदला जा रहा है। प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग कर सड़क निर्माण, जैविक कचरे से खाद उत्पादन और पंचायतों की आय बढ़ाने के ये प्रयोग प्रदेश के हर गांव को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस योजना के जरिए प्रदेश के हर गांव में अभिनव प्रयोग किए जाएंगे।

### प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, विभाग ग्राम पंचायतों को नवाचार के माध्यम से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव-गांव स्वच्छता अभियान के साथ प्लास्टिक वेस्ट के उपयोग से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि करोड़ों रुपये की आय भी सृजित हो रही है।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## न्यूज ब्रीफ

### कन्नौज में पहली बार आज "संत कबीर उत्सव"

**कन्नौज।** संत कबीर अकादमी (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) एवं जिला प्रशासन, कन्नौज के संयुक्त तत्वावधान में जिले में पहली बार "संत कबीर उत्सव" का आयोजन किया जा रहा है। यह सांस्कृतिक आयोजन शुक्रवार 06 फरवरी को दोपहर बाद 03 बजे मुक्ताकाशी मंच, रोमा स्मारक, जी.टी. रोड, कन्नौज में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण होंगे। उत्सव में श्रीमती वीना राणा (लखनऊ) द्वारा कबीर पर आधारित नृत्य नाटिका, प्रेरणा राणा (लखनऊ) द्वारा नृत्य नाटिका, नीतू रावत (मथुरा) द्वारा चरकुला, होली एवं मयूर नृत्य, संग्राम सिंह (कन्नौज) द्वारा आल्हा गायन, राधेश्याम पाल "बंदा बैरागी" कबीर बैंड की प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण होंगी। यह उत्सव संत कबीर की विचारधारा, भक्ति परंपरा और लोक-सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित हो रहा है।

### महिला ने साड़ी से फंदा लगाकर दी जान

**छिबरामऊ।** सिकंदरपुर के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी महिला नेघरेलू कलह के कारण मध्य रात्रि अपने कमरे में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा और पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि नीलम (32) का विवाह वर्ष 2012 में रवि कुमार के साथ हुआ था, जो ट्रक ड्राइवर है। इस समय मृतका के घर आई बहन प्रिया ने बताया कि नीलम की देवरानी जय पत्नी शिवम ने उस पर उसके पति से अवैध संबंध होने का आरोप लगाया था। इसी कारण वह बहुत परेशान थी और इसी तनाव में उसने कमरे का गेट बंद करके साड़ी से फांसी लगा ली। मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चे विवेक, अनन्या और तनु को रोता-बिलखता छोड़ गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विशेष शिविरों में बने 49 आयुष्मान कार्ड

**कन्नौज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देशन में गुरुवार को जनपद की 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, 02 जिला स्तरीय केंद्रों एवं 01 मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान मित्रों द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से 49 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सतेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में 1,65,648 पात्र परिवारों के सापेक्ष अब तक 1,45,429 परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जो 88 .07 प्रतिशत है।

### फसलों को कीट से बचाने के लिए सोलर लाइट ट्रैप

**कन्नौज।** फसलों को कीट प्रकोप से सुरक्षित रखने के लिए सोलर लाइट ट्रैप जनपद के आठों विकास खंड की कृषि रक्षा इकाई में उपलब्ध हैं। इससे किसानों को कीड़ों से लगभग 100 प्रतिशत सुरक्षा मिलेगी। साथ ही आधुनिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा मिल सकेगा। जिला कृषि रक्षा अधिकारी संत लाल गुप्ता ने यह जानकारी दी है।

# 101 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बाल मैत्री फर्नीचर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शासन स्तर से प्रत्येक केंद्र के लिए 25-25 हजार रुपये स्वीकृत हुए
- हर केंद्र पर 05- 05 फर्नीचर का इंतजाम किया जाएगा

**अमृत विचार।** जनपद के परिषदीय विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों (को-लोकेटेड) में बाल मैत्री फर्नीचर मिलेगा। 101 स्थानों पर सुविधा उपलब्ध कराने की चिट्ठी भी आ गई है। टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

जिले में करीब 800 को-लोकेटेड केंद्र हैं। इनमें गोल मेज तरीके का बच्चों के लिए फर्नीचर मिलने की बात कही जा रही है। इस पर बच्चों की खेलने की सामग्री रखी जाएगी। राज्य परियोजना निदेशालय ने को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र और बाल वाटिकाओं पर बाल मैत्री फर्नीचर देने की व्यवस्था की है। बताया गया है कि शासन स्तर से प्रत्येक केंद्र के लिए 25-25 हजार रुपये स्वीकृत हुए हैं। हर केंद्र पर 05- 05 फर्नीचर का इंतजाम किया जाएगा। बच्चों की सहूलियत के हिसाब से नेशनल इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन (एनआईडी) ने फर्नीचर का डिजाइन बनाया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने भेजे पत्र में कहा है कि 31 मार्च तक सभी प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सैंपल के तौर पर रखा फर्नीचर।

# 464 स्कूल, 7 हजार से अधिक सीटें, प्रवेश 500 भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निजी स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई के लिए ऑनलाइन आवेदन करना आसान नहीं
- सरकार व अफसर पीटते हैं आरटीई का ढोल, जमीनी हकीकत से सब दूर


**अमृत विचार।** यूं तो सरकार व अफसर जनपद में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 का खूब ढोल पीट रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत से सब दूर हैं। बेसिक शिक्षा विभाग का दावा है कि कुल 464 स्कूल मैप हैं। उनमें 25 फीसदी यानि 07 हजार से अधिक सीटें दुर्बल व अलाभित समूह के लिए आरक्षित हैं। दूसरी ओर इन दावों की पोल खोलने के लिए पिछले वर्ष का आंकड़ा ही काफी है जिसमें 500 गरीब बच्चों के प्रवेश भी इस योजना के तहत नहीं हो सके थे।

हर जरूरतमंद या गरीब का सपना होता है कि उसका बच्चा अच्छे स्कूल में या अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई करे। इसके लिए फीस की समस्या उसका सपना तोड़ देती है। इससे निपटने के लिए सरकार ने आरटीई को शुरू किया है। इस निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 में इतनी खामियां हैं कि लाभ सभी जरूरतमंदों को मिलना संभव नहीं हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के मुताबिक पोर्टल पर 464 स्कूल मैप्ड हैं। इन्हीं निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटें जरूरतमंदों के लिए आरक्षित हैं। सीटों की संख्या 7 हजार से अधिक है। विभाग का दावा अगर मान लिया जाए तो पिछले साल महज 544 ऑनलाइन आवेदन ही हुए थे और उसके बाद भी सभी 544 बच्चे संबंधित विद्यालयों में प्रवेश नहीं पा सके।

### आवेदन में आ रहीं अड़चनों पर ध्यान नहीं

- अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने 08 जनवरी को जो शासनादेश जारी किया है उसमें कहा है कि जिस ग्राम पंचायत या नगर निकाय के वार्ड का रहने वाला व्यक्ति होगा उसे उसी मोहल्ले या वार्ड के स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा। यह नियम बनाते हुए यह ध्यान नहीं दिया गया कि अगर किसी मोहल्ले या ग्राम पंचायत में स्कूल नहीं है तो वहां के जरूरतमंद बच्चों के अंग्रेजी माध्यम या बड़े स्कूलों में पढ़ाई के मंसूबे पूरे नहीं हो पाएंगे। दूसरी ओर निजी स्कूलों में सैकड़ों सीटें खाली रह जाएंगी। बाद में अधिकारी व जनप्रतिनिधि यही कहेंगे कि अभिभावकों ने इस योजना में आवेदन ही नहीं किए जिस वजह से उनको लाभ मिलता। हालांकि आवेदन में आ रहीं अड़चनों पर अभी किसी का ध्यान नहीं है।

"पिछले साल के मुताबिक इस बार स्कूलों व सीटों की संख्या बढ़ी है। वह विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही हकीकत परखेंगे। जहां खामियां मिलेंगी, उस पर कार्रवाई होगी।
**संदीप कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**




# सरकारी योजनाओं की प्रगति खराब, 21 सचिवों का वेतन रोका

## जनवरी में फैमिली आईडी, प्रधानमंत्री आवास में जॉबकार्ड मैपिंग व उसकी मैपिंग में पिछड़े

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सात दिन का दिया गया समय, उसके बाद सुधार न होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी
- सरकारी योजनाओं की खराब प्रगति मिलने पर सीडीओ ने सख्त रुख अपनाया है

**अमृत विचार।** सरकारी योजनाओं की खराब प्रगति मिलने पर सीडीओ ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने जिले के 08 ग्राम पंचायत अधिकारी व 13 ग्राम विकास अधिकारियों का जनवरी का वेतन आहरण करने पर रोक लगा दी है। साथ ही कहा है कि सात दिन में अगर सुधार न हुआ तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने जारी किए आदेश में कहा है कि सभी बीडीओ ने जनवरी में फैमिली आईडी, प्रधानमंत्री आवास में जॉबकार्ड मैपिंग, मनरेगा में जॉबकार्ड की ई-केवाईसी की प्रगति रिपोर्ट दी है। इसमें आठों ब्लॉकों के 21 सचिवों का कार्य संतोषजनक नहीं मिला है। इस वजह से उन पर कार्रवाई हुई है। बताया गया है कि जिन ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है उसमें विकास खंड छिबरामऊ क्षेत्र के गौरीशंकर, विनीत व योगेंद्र सिंह शामिल हैं। साथ ही सौरिख क्षेत्र से विनोद पटेल, इंद्रपाल पटेल, स्वप्नेश सिंह, हसेरन के विशाल सिंह व आशीष कुमार, उमर्दा इलाके के सचिन वर्मा, मुकेश कटियार, विकास, तालग्राम से अजय मिश्र, युवराज सिंह, सुभाष चंद्र, कन्नौज से मुजीब खां, मनोज शर्मा, अवनीश चंद्र, गुगरापुर के धीरेंद्र प्रताप सिंह, जलालाबाद से प्रमोद कुमार, विनीत कुमार व सुधीर सिंह का भी वेतन रोका गया है। डीडीओ, डीपीआरओ, वरिष्ठ कोषाधिकारी को भी प्रतिलिपि भेजी गई है।

### कार्य नहीं कर रहे तकनीकी सहायक से जवाब-तलब

- **कन्नौज।** डीसी मनरेगा ने जिम्मेदारी का निर्वहन न करने पर तकनीकी सहायक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कारण न बताने पर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि ग्राम पंचायतो में सिर्फ 18 .62 प्रतिशत प्रगति है। साथ ही हाजिरी रजिस्टर देखने पर पता चला है कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद से तकनीकी सहायक गैरहाजिर हैं। विकास खंड तालग्राम क्षेत्र के तकनीकी सहायक संजय कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है। इसमें डीसी मनरेगा दिनेश यादव ने कहा है कि आवंटित ग्राम पंचायत में कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है। समीक्षा में पता चला है कि 15 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत दो ग्राम पंचायत अमोलर, सकरहनी में ही कार्य के मस्टर रोल जारी किए गए हैं। अन्य किसी भी ग्राम पंचायत में विकास कार्य नहीं चल रहा है। कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा की स्थिति अत्यंत खराब है। इससे विकास खंड की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बीडीओ तालग्राम ने फोन पर मनरेगा मानव दिवस सृजन करने, श्रमिकों की ई-केवाइसी करने के निर्देश दिए हैं। तकनीकी सहायक साप्ताहिक बैठकों में भी वह नहीं आते हैं।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कन्नौज।** तालग्राम थाना क्षेत्र में सुबह हुई दुर्घटना में एक बाइकसवार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को उठाकर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया गया कि एटा जिले के अलीगंज स्थित उमेद नगला निवासी उपेंद्र पुत्र नेत्रपाल तालग्राम में अपनी रिश्तेदारी में आया था। गुरुवार सुबह करीब सात बजे छिबरामऊ में एक दावत में जाने के लिए बाइक से निकला था। इस दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। युवक बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची तालग्राम पुलिस ने घायल को अपने वाहन से सीएचसी तालग्राम भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पत्नी का नाम विता देवी है। थाना प्रभारी विनय शर्मा ने जानकारी दी कि मृतक के पास से मिले फोन से परिजनों को सूचना दे दी गई है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।



फीता काटकर उद्घाटन करते राज्य मंत्री असीम अरुण व विधायक अर्चना पांडे।

# प्रेमपुर में बी-पैक्स सहकारी समिति का हुआ उद्घाटन

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** ग्राम प्रेमपुर में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स प्रेमपुर) का भव्य उद्घाटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों को गांव स्तर पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। समिति अध्यक्ष रामबाक्श लोधी और सचिव बृजेश कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष 42,924 बोरी खाद उपलब्ध कराई गई हैं। इससे किसानों को खेती में कोई परेशानी नहीं होगी।

कार्यक्रम में छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, फतेहगढ़ जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार, पीसीएफ लखनऊ निदेशक आनंद किशोर द्विवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य सहित कई नेता और अधिकारी मौजूद थे।

# खरौली पेयजल योजना पर विधायक ने किया 'जल अर्पण'

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- ग्रामीणों को मिली नियमित स्वच्छ जलापूर्ति की सौगात

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद के विकास खण्ड सौरिख की खरौली पेयजल योजना का निर्माण मैसर्स जी.वी.पी.आर. इंजीनियर्स ने सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। योजना के अन्तर्गत नलकूप, 175 कि.ली. क्षमता का अवर जलाशय, विस्तृत पाइप लाइन नेटवर्क एवं क्रियाशील नल जल संयोजनों सहित सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय की उपस्थिति में खरौली पेयजल योजना स्थल पर "जल अर्पण" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक ने ग्रामीणों को जल संकल्प दिलाया तथा योजना को विधिवत ग्राम प्रधान को हस्तगत कराया। उन्होंने कहा कि खरौली पेयजल योजना के सफल क्रियान्वयन से ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल की स्थायी सुविधा प्राप्त हुई है, जो जल जीवन मिशन के "हर घर जल" संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस अवसर पर वी.डब्लू.एस.सी. के सदस्यों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं एफटीके किट से प्रशिक्षित महिलाओं ने जल गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकालकर जल संरक्षण एवं स्वच्छ जल के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मनोज कुमार पोरवाल, खण्ड विकास अधिकारी सौरिख, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सचिन बाथम, सुरेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), पवन कुमार राजपूत, ग्राम प्रधान खरौली, जीशान आलम, डीसी डीपीएमयू, चारु उपाध्याय, डीपीएम टीपीआई तथा निर्माण फर्म के परियोजना प्रबन्धक रौनक सुतारिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




खरौली पेयजल योजना का लोकार्पण करतीं विधायक अर्चना पांडे व मौजूद लोग।

# एसआईआर प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप

संवाददाता छिबरामऊ

- सपाइयों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप की निष्पक्ष प्रक्रिया की मांग

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के निर्देश पर पदाधिकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं के विरोध में एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी/एआरओ ज्ञानेंद्र द्विवेदी को सौंपकर प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि प्रारूप 7 में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेताओं द्वारा सुपरवाइजर को प्रारूप 1 उपलब्ध करवाया जा रहा है तथा बीएलओ पर दबाव बनाकर उपस्थित मतदाताओं को अनुपस्थित दर्ज कराने की साजिश रची जा रही है। इसमें विशेष रूप से अल्पसंख्यक, पिछड़े और दलित मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। मांग की गई कि वितरित सभी फॉर्मों की जांच की जाए। प्रमाण के साथ जानकारी दी कि लगभग 20 बूथों पर सुपरवाइजर ने बीएलओ को 1700 से 2000 फॉर्म दिए हैं। मांग की है कि एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी वर्ग के मतदाताओं के साथ भेदभाव न किया जाए। इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, प्रदेश सचिव प्रताप सिंह, अमन खान, विधानसभा महासचिव अजीम सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष तस्लीम बरसी, रानू कुरेशी, सलमान खान, अख्तर अंसारी, शादाब खान तथा मीडिया प्रभारी अंकुर सिंह यादव और धीरज कठेरिया मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार



सफाई नायकों के साथ बैठक करते सफाई प्रभारी अमरदीप। अमृत विचार

### फुटपाथ पर निर्माण सामग्री रखने पर लगेगा जुर्माना

**छिबरामऊ।** नगर पालिका क्षेत्र में फुटपाथ पर निर्माण सामग्री रखे जाने पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगेगा। इस क्रम में अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर सफाई प्रभारी अमरदीप ने सभी गुरुवार को सफाई नायकों की बैठक बुलाई। बैठक में मौरंग, गिट्टी आदि निर्माण सामग्री का व्यापार करने वाले दुकानदारों के लिए कहा गया कि वे अपनी सामग्री को केवल अपने निजी स्थान (दुकान/गोदाम) पर ही रखें। बताया कि यदि कोई दुकानदार मोरम-गिट्टी को फुटपाथ, सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थान पर रखता पाया गया, तो एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के नियमों के तहत उस पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

**सेमिनार** | मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में विश्व कैंसर जागरूकता सप्ताह के तहत होगा आयोजन

# स्तन कैंसर व सर्जरी पर सेमिनार कल

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** भीमराव रामजी जी आबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज में सात फरवरी को कैंसर जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सेमिनार आयोजित किया जा रहा है।

सेमिनार को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में आयोजन समिति सचिव डॉ. निशांत रंजन, डॉ. निखिल गुप्ता,डॉ. आकाश वर्मा,डॉ. कौस्तुभ गुप्ता,डॉ. संजय दोसर एवं डॉ. इमरान अली ने बताया कि इस कार्यक्रम से न केवल चिकित्सा समुदाय को लाभ होगा, बल्कि आमजन में भी स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और शीघ्र उपचार के महत्व की जानकारी होगी। प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. सी. पी. पाल के संरक्षण एवं प्रो डॉ. मो. अतहर की अध्यक्षता में शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय सीएमई (सतत चिकित्सा शिक्षा) कार्यक्रम में "स्तन की सौम्य एवं घातक बीमारियाँ (ऑन्कोप्लास्टिक ब्रेस्ट सर्जरी सहित)" में स्तन रोगों से संबंधित नवीनतम जांच विधियों, आधुनिक उपचार तकनीकों एवं उन्नत शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी। ऑन्कोप्लास्टिक ब्रेस्ट सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीकों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्तन कैंसर उपचार के साथ-साथ सौंदर्यात्मक पुनर्निर्माण की नवीन अवधारणाओं पर चर्चा होगी।

सीएमई में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से आए अनुभवी ब्रेस्ट सर्जन, ऑन्कोलॉजिस्ट एवं प्लास्टिक सर्जन अपने अनुभव साझा करेंगे तथा प्रतिभागियों के साथ केस-आधारित संवाद करेंगे विश्व प्रसिद्ध कैंसर चिकित्सक प्रो. डॉ. राजीव सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे। सेमिनार में केजीएमयू, एस पीजीआई,सर गंगा राम एम्स के कैंसर सर्जन, कीमोथेरेपी रेडियोथेरेपी, पैथोलॉजी सहित कई विभागों के विशेषज्ञ संबोधन देंगे।



ब्रेस्ट कैंसर को लेकर होने वाले सेमिनार के बारे में जानकारी देते कैंसर शल्य चिकित्सक प्रो. डा. अतहर व उनकी टीम। अमृत विचार

### जन्म से बंद था मासिक धर्म का रास्ता, सफल सर्जरी

**तिर्वा।** भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज के गायनी विभाग द्वारा एक युवती की योनि का सफल ऑपरेशन किया गया। जन्म से उसका मासिक धर्म (पीरियड) का रास्ता बंद था।

गायनी विभागाध्यक्ष डॉ. सपना सिंह ने बताया कि युवती (20) को कभी पीरियड नहीं आए थे। अल्ट्रासाउंड और एमआरआई में गर्भाशय के अंदर खून जैसा तरल जमा मिला। जांच में योनि का रास्ता बंद पाया गया। इसके बाद मरीज की सर्जरी कर छोटा चीरा लगाकर नया रास्ता (नियोवैजाइना) बनाया गया। युवती को एक खास प्रकार का सांचा (मोल्ड) नियमित रूप से इस्तेमाल करने की सलाह दी गई।

# मदरसा परीक्षा केंद्र में लगेगी लोहे की जाली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसडीएम सदर ने किया निरीक्षण, 09 फरवरी से शुरू होंगे इम्तिहान

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 09 फरवरी से शुरू होकर 14 तारीख तक चलेंगी। इसी को लेकर एसडीएम ने शहर के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। दो कक्षों में लोहे की महीन जाली लगाने के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता जांची गई जिसमें वह सही मिले। 09 से 14

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि एसडीएम वैशाली ने मदरसा अरबिया हाजी इलाही बख्श, हाजीगंज का निरीक्षण किया। इसे मदरसा की परीक्षाओं के लिए केंद्र बनाया गया है। जिले के तीनों एसडीएम को परीक्षाओं को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी के तहत उन्होंने परीक्षार्थियों की धारण क्षमता, फर्नीचर, कक्षों की संख्या, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, इन्वर्टर की व्यवस्था, बिजली आपूर्ति व शौचालय की साफ-सफाई की हकीकत परखी। अन्य व्यवस्थाएं ठीक मिलीं। प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि नकलविहीन परीक्षाएं कराई जाएं। इस मौके पर प्रधानाचार्य अबू सुहैल व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के बाबू फैजुल हसन मौजूद रहे।



मदरसा अरबिया हाजी इलाही बख्श, हाजीगंज का निरीक्षण करतीं एसडीएम वैशाली।

अमृत विचार
कानपुर, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026



## न्यूज ब्रीफ

### मोबाइल दुकान के स्वामी से छीना फोन

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में एक मोबाइल शॉप संचालक से मोबाइल छीनने की घटना सामने आई है। दो बाइक सवार युवक मोबाइल छीनकर फरार हो गए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

नगला दीना भोलेपुर में गैलेक्सी मोबाइल गैलरी चलाने वाले जितेंद्र कुमार ने बताया कि वे अपनी दुकान की ओर पैदल आ रहे थे और मोबाइल पर कुछ काम कर रहे थे। दुकान के पास पहुंचते ही पीछे से आए दो बाइक सवारों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और तेज रफ्तार से भाग निकले। जितेंद्र ने शोर मचाया और बाइक से पीछा करने की कोशिश की, लेकिन चोरों की बाइक की गति तेज होने के कारण वे उन्हें पकड़ नहीं पाए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी रणविजय सिंह और कर्नलगंज चौकी इंचार्ज तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल की। फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एक फुटेज में दो बाइक सवार युवक, जिनमें चालक ने हेलमेट पहना हुआ है, जितेंद्र के पास जाते हुए दिख रहे हैं। पुलिस उनकी पहचान कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

### जमीनी विवाद में हुए संघर्ष में आधा दर्जन लोग घायल

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के हुसैनपुर नौखंडा गांव में गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर हुए संघर्ष में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना में लाठी-डंडे चले, जिसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

घायलों में सर्वेश, रजत, आदेश, सतीश, नन्ही देवी और राम श्री शामिल हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घायलों को तत्काल कमालगंज सीएचसी भेजा, जहां उनका उपचार किया गया। कमालगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीडितों में से एक आदेश ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते उन पर हमला किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि बीच-बचाव करने आई एक महिला भी इस दौरान घायल हो गई।

### सड़क हादसे में दो युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** बुधवार रात्रि एक सडक़ हादसे में दो युवक घायल हो गए। मोहम्मदाबाद के नीमकरोरी निवासी राजेंद्र कुमार (35) और टीटू को डॉ. राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने टीटू की गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। राजेंद्र कुमार का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। घायल राजेंद्र कुमार ने बताया कि वे ससुराल में हुई एक मौत के दाह संस्कार में शामिल होने पांचालघाट गंगा तट पर गए थे। वापस लौटते समय इटावा-बरेली हाईवे पर मुरहास कन्हैया के पास एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### पुलिस अधीक्षक ने किए 181 सिपाहियों के तबादले

**फर्रुखाबाद।** जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और सक्रिय बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बड़ा और साहसिक प्रशासनिक कदम उठाया है। एसपी के स्पष्ट निर्देश पर जनपद में तैनात कुल 181 सिपाहियों के तबादले किए गए हैं। इस व्यापक फेरबदल ने लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे कर्मियों की आरामदायक पोस्टिंग पर पूर्ण विराम लगा दिया है, जिससे पुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही का साफ संदेश गया है। इस क्रम में थाना मऊ दरवाजा में तैनात 21 सिपाहियों का विभिन्न थानों में स्थानांतरण किया गया है।

### यूजीसी के विरोध में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को जनतंत्र क्रांति मोर्चा (अराजनीतिक) के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को तत्काल समाप्त करने की मांग की।

आरोप लगाया कि यूजीसी कानून लागू करके देश को बांटने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बालिका स्कूल में वॉलीबॉल कोर्ट के लिए जमीन चिह्नित

## डीएम ने नसरापुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, नसरापुर का निरीक्षण किया। डीएम ने यहां प्रस्तावित वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि कोर्ट के लिए स्थान का चिन्हांकन हो चुका है। 10.56 लाख रुपये भी स्वीकृत हो चुके हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की कार्य करने में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा कराया जाए। गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। डीएम ने विद्यालय की मुख्य इमारत में टॉयलेट ब्लॉक के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर इसे गुणवत्ता के साथ पूरा करने को कहा।




बालिका विद्यालय का निरीक्षण करते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री।

- आत्मविश्वास से अध्ययन, व लक्ष्य पूरा करने को प्रेरित किया

जिलाधिकारी ने स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब को देखा। उन्होंने आगामी शैक्षणिक भ्रमण के संबंध में अधिकारियों से वार्ता की।

इस अवसर पर छात्राओं ने हस्तनिर्मित बैज, आसन एवं गुलदस्ते भेंट किए। जिलाधिकारी ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें आत्मविश्वास के साथ अध्ययन करने, अनुशासन में रहने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बीएसए संदीप कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी नूरुल हसन, यूपीपीसीएल एवं यूपीसीएलडीएफ कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल, मांगा सहयोग

**कन्नौज।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम को लेकर बीआरसी सदर सभागार में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों से कहा गया कि 10 फरवरी को स्कूली बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। उसे खिलाने की विधि, सावधानियां, अभिभावकों की सहमति लेने तथा ई- कवच पोर्टल पर रिपोर्टिंग एवं डाटा फीडिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालयों को दवा वितरण के लिए एल्बेंडाजोल की टैबलेट भी दी गईं। एनडीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद इरशाद ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी को चलेगा। इससे छूटे सभी पात्र बच्चों को 13 फरवरी को दवा खिलाई जाएगी।


बैठक में जिला सलाहकार आरकेएसके रागिनी सचान, डीईआईसी मैनेजर वीरेश कुमार, डॉ. पवन तथा इविडेंस सेक्शन से अभिषेक आनंद उपस्थित रहे।

# पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थी पढ़ेंगे 'शिष्टाचार'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के सभी 18 पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थी अनुशासन व तहजीब सीखने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुस्तक 'शिष्टाचार' पढ़ेंगे। इन सभी स्कूलों में दो- दो किताबें मुहैया कराई जाएंगी।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि पहले चरण में 08 परिषदीय विद्यालयों को पीएम श्री की श्रेणी में शामिल किया गया। उसके बाद दूसरे चरण में 10 स्कूल और शामिल हुए। कुल 18 पीएम श्री विद्यालयों में कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर, प्राथमिक स्कूल जसपुरापुर प्रथम, पीएस भुगैतापुर, नरमऊ, कांकरकुई, शरीफापुर, मिघौली, कनौली, इब्राहिमपुर, अनौगी प्रथम, महोना, इस्माइलपुर, तालग्राम, गुरसहायगंज, इंदरगढ़, बेहरिन, खोजीपुर और तिर्वागंज स्थित परिषदीय विद्यालय शामिल है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि शासन ने पीएम श्री विद्यालयों में शिष्टाचार पुस्तक को



पुस्तक दिखाते बीएसए संदीप कुमार।

- पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने लिखी है किताब
- छात्र-छात्राओं को अनुशासन व तहजीब सीखने को मिलेगी

वितरित करने के निर्देश दिए हैं। यह पुस्तकें कार्यालय में प्राप्त हो गईं हैं। जल्द ही इनको सभी पीएम श्री विद्यालयों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। रोस्टर के अनुसार सभी बच्चों को यह पुस्तक पढ़ने को मिलेगी। 36 पुस्तकें मिल गई हैं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## दंपति ने एक दूसरे पर लिखाई रिपोर्ट

**कन्नौज।** एक युवती की गत वर्ष जून में शादी हुई। कुछ ही समय बाद पत्नी ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप लगाकर मां को जानकारी दी। इस पर बहन खाना व सामान लेकर आ गई। इससे भड़के पति ने पुलिस बुला ली। सारा मामला समझने के बाद पुलिस के कहने पर बहन रहने आ गई तो उसकी मौजूदगी में पति ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर मारने का प्रयास किया। इस पर युवती ने रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद पति ने भी पत्नी, साली व सास पर घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करा दी। पत्नी ने एसपी से मिलकर एफआईआर से बहन का नाम हटाए जाने की गुहार लगाई है।

तालग्राम कस्बे के निवासी अगम सिंह की पत्नी स्वाति सिंह ने एसपी विनोद कुमार से मिलकर पति द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को झूठा बताया। बताया कि झगड़े के समय उसकी मां मौके पर मौजूद नहीं थीं। बहन प्राची एमएससी की पढ़ाई कर रही है और मुकदमे में नाम आने से वह परेशान है। उसका नाम मुकदमे से हटाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

# देश के विकास में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान:तहसीन

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** देश की अधिकांश आबादी गांवों में निवास करती है। हमारे देश का किसान समृद्ध और खुशहाल होगा तभी देश विकसित हो सकेगा।

यह बात गुरुवार को नगर के बाईपास स्थित कोल्ड स्टोरेज के नवीन सत्र का फीता काट कर शुभारंभ करने के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने कही। कहा कि देश का अन्नदाता किसान देश की तरक्की के सूत्रधार हैं।

इस दौरान अयूब सिद्दीकी, इरफान खान, आजाद खान, राजीव अवस्थी, हफीज खान, मुफीद खान, अनीश खान आदि लोग मौजूद रहे।



फीता काटकर कोल्ड का शुभारंभ करते पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी।

# डीएम ने नगर पंचायत कार्यालय मोहम्मदाबाद का किया निरीक्षण

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता अनिवार्य है।



नगर पंचायत मोहम्मदाबाद कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, कार्यालय अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, जिलाधिकारी द्वारा निष्प्रयोज्य मशीनरी का मूल्यांकन कराकर नीलामी कराने,कूड़ा गाडियों की मरम्मत कराने,नगर पंचायत परिसर में स्थित पानी टंकी का वॉल्व सही कराने,जलकर व गृहकर की बसूली में तेजी लाने के लिये निर्देशित किया गया व नगर में जलनिकासी की व्यवस्था को सही कराने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बालिका ने उठाई अन्ना पशुओं की समस्या

संवाददाता जलालाबाद/जसोदा, कन्नौज

- मंत्री ने सुनीं जनता की समस्याएं, अधिकारियों को दिये निर्देश

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत जसौरा के मजरा सहतेपुरवा स्थित बारात घर में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने पहुंच कर जनसमस्याएं सुनीं। उन्होने भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान बालिका साक्षी पुत्री रंजीत पाल ने अन्ना पशुओं की समस्या को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।

गुरुवार को समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने गर्भवती महिला संध्या बाथम की गोद भराई की। बारात घर में उपस्थित लोगों ने प्रार्थना पत्र भी दिए। समस्या के निस्तारण के लिए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का समय से निराकरण करें और उन्हे भी इससे



साक्षी से वार्ता करते मंत्री असीम अरुण।

अवगत कराएं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद कटियार, विवेक पाठक, मंडल अध्यक्ष रजनी पाल, सुधीर ठाकुर ग्राम प्रधान, दीपू कोटेदार, दिलीप पांडे, युवा भाजपा नेता सतेंद्र कटियार, उदय कटियार आदि उपस्थित रहे

# मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में प्रतियोगिता 'उमंग-2' का उद्घाटन

फर्रुखाबाद संवाददाता।

**अमृत विचार।** मेजर एसडी विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता उमंग 2.0 का शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने कहा कि खेल की तरह पढ़ाई में भी प्रतिस्पर्धा ज़रूरी है।

विश्वविद्यालय के मैदान पर शुरू हुए खेल उत्सव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा हमें बेहतर बनने की प्रेरणा देती है और आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती है। उन्होंने कहा कि आज का विद्यार्थी अगर पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहेगा, तो उसका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

उन्होंने कहा कि फार्मेसी एजुकेशन का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। फार्मेसी एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ हर समय सजग रहना,



मेजर एसडी सिंह विश्विद्यालय में उद्घाटन करते कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह यादव।

अपडेट रहना और पूरी क्षमता के साथ काम करना ज़रूरी होता है। उन्होंने कहा कि आज आप सभी जिस ऊर्जा और उत्साह के साथ यहाँ मौजूद हैं, यह साबित करता है कि आप अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव ने कहा कि खेलों से व्यक्तित्व का विकास होता है।

उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जीवन में बहुत ज़रूरी हैं। खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना सिखाते हैं, जो छात्रों को जीवन में सफल बनने में मदद करते हैं।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जिराऊ गांव में गुरुवार को विवाहिता सुरभि पत्नी विकास की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुरभि की शादी विकास से 11 महीने पूर्व हुई थी । सुरभि का मायका नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव शुकरुल्लाहपुर में है ।

पति विकास ने बताया कि उसकी पत्नी सुरभि कई महीनों से बीमार थीं जिसका इलाज चल रहा था। गुरुवार को एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग जिराऊ गांव पहुंचे। उन्होंने सुरभि की हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस ने पति विकास की फौती सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

# विजिलेंस टीम के छापे से विद्युत उपभोक्ताओं में मचा हड़कंप

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद कस्बे में गुरुवार तडक़े बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी के मामलों का खुलासा किया है। विजिलेंस टीम ने उन उपभोक्ताओं के घरों पर अचानक छापेमारी की, जिनके बिजली मीटर बकाया बिल जमा न करने के कारण पहले ही बंद किए जा चुके थे।

विजिलेंस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक अनुज कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान पाया गया कि कई उपभोक्ता बंद मीटर होने के बावजूद सीधी लाइन जोडक़र और कटिया डालकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। टीम ने मौके पर जांच कर बिजली चोरी की पुष्टि की। उप निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि विभाग के पास बंद मीटरों और



मोहम्मदाबाद में चेकिंग करती विजिलेंस टीम। अमृत विचार

संदिग्ध उपभोक्ताओं की पूरी सूची उपलब्ध है। जीपीएस लोकेशन सिस्टम के माध्यम से मीटरों को ट्रैक कर घर-घर जांच अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी के दौरान कई मामलों में बिजली चोरी प्रमाणित हुई है। विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी में संलिप्त पाए गए उपभोक्ताओं के नाम दर्ज कर लिए हैं और उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। तडक़े हुई इस अचानक कार्रवाई से पूरे कस्बे में हडक़ंप मच गया। विजिलेंस की इस सख्त कार्रवाई को बिजली चोरी के खिलाफ विभाग की बड़ी पहल माना जा रहा है।

बैठक | डीएम ने ली बोर्ड परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों की बैठक

# दो दिन में बोर्ड परीक्षा केंद्र व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** 18 फरवरी 2026 से शुरू होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए गुरुवार को डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक और जनपद के 79 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर फर्नीचर, वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे, हाईस्पीड इंटरनेट, पेयजल,




बैठक में मौजूद जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व अन्य अधिकारी।

शौचालय और बिजली की स्थायी व वैकल्पिक व्यवस्था अनिवार्य रूप से पूरी की जाए। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक केंद्र पर स्ट्रांग रूम बनाए जाने के निर्देश दिए गए। स्ट्रांग रूम में चार डबल लॉक वाली अलमारियां होंगी। प्रश्नपत्र शासनादेश के अनुसार सुरक्षित रखे जाएंगे। रिजर्व प्रश्नपत्रों की अलमारी की चाबियां स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और संबंधित थानाध्यक्ष या नामित निरीक्षक के पास रहेंगी। स्ट्रांग रूम के खोलने और बंद करने का पूरा विवरण लॉग बुक में दर्ज किया जाएगा, जिसे पुलिस अभिरक्षा में रखा जाएगा।

निर्देश दिये गये कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक संख्या में कक्ष निरीक्षकों का मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए गए। यह भी साफ किया गया कि बालिकाओं की जांच किसी भी स्थिति में पुरुष कर्मचारी नहीं करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने दो दिनों के भीतर सभी व्यवस्थाएं पूरी करने और सीसीटीवी कैमरे सुचारू रखने के निर्देश दिए। साथ ही उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 की जानकारी दी गई। परीक्षा के दौरान विशेष सर्च अभियान चलाकर परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा में बैठने दिया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) ने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल सूचना दी जाए और स्टैटिक मजिस्ट्रेट से समन्वय बनाकर परीक्षा सम्पन्न कराई जाए। जिलाधिकारी ने नए तैनात केंद्र व्यवस्थापकों को सभी निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा।

## जमीन पर खींचे तारों के पास करंट लगने से अधेड़ की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में हनुमान ट्रस्ट की जमीन पर खेत की रखवाली के लिए लगाए गए लोहे के तारों में छोड़े गए बिजली के करंट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई।

ग्राम आरापहाड़पुर निवासी 40 वर्षीय सर्वेश यादव अरापहाड़पुर में सब्जी आढ़त पर कर्मचारी थे। मृतक के भाई देवेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार शाम सर्वेश आढ़त से पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान बहादुरगंज निवासी एकलव्य के खेत में लगे लोहे के तारों में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी सुबह परिजनों को हुई। मौके पर पहुंचे तो सर्वेश यादव का शव खेत में पड़ा मिला। इसी दौरान खेत मालिक और मृतक के परिजनों के बीच कहासुनी हो गई, जो मारपीट और पथराव में तब्दील हो गई। सूचना मिलते ही थाना मऊ दरवाजा के एसएसआई वीरेंद्र सिंह, फर्रुखाबाद कोतवाल दर्शन सिंह, कादरी गेट थाना अध्यक्ष कपिल चौधरी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात पर काबू पाया। बताया गया कि गेहूं की फसल की रखवाली के लिए हनुमान मंदिर के पास गांव जाने वाले रास्ते से बिजली के खंभे से अवैध कनेक्शन लेकर खेत के तारों में करंट छोड़ा गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि उपनिरीक्षक शुभम वर्मा पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध तमंचा लेकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हाइवे से धरवार जाने वाली सड़क मार्ग पर घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुमित कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम झबरापुर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया।

### सट्टेबाजी करते युवक दबोचा गया

**जसवंतनगर।** रामलीला मैदान के पास सड़क किनारे सट्टे की खाईबाड़ी की सूचना पर कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार ने अपनी टीम के साथ छापा मारकर पुलिस ने कटरा बिल्लोचियान निवासी अकरम पुत्र असलम को सट्टा पर्ची, पैन व 680 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### अवैध शराब के साथ युवक धरा गया

**जसवन्तनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी के पास से गस्त के दौरान उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी ने गांव नगला भीखन निवासी धर्मेन्द्र पुत्र अनन्तराम को गिरफ्तार किया। उसके पास से 20 देशी शराब के क्वार्टर बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

### भ्रूण लिंग का परीक्षण कराना कानूनी अपराध

**बकेवर।** गर्भवती महिला के भ्रूण के लिंग का परीक्षण कराना कानूनन अपराध है और ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर दंड का प्रावधान है। उक्त बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राविधिक स्वयंसेवक/अधिकार मित्र अश्विनी त्रिपाठी ने ब्लॉक सभागार महेवा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा द्वारा महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जा रही है। यदि कोई अल्ट्रासाउंड सेंटर लिंग का परीक्षण करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। कार्यक्रम में रेखा रानी, गिरजेश कुमारी, अर्चना, नीतू, विजयलक्ष्मी, संगीता, शीला, अभिलाषा, सीता देवी, नीरू, उर्मिला, मनोज कुमारी, मिथिलेश कुमारी, कुसुमा देवी सहित दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

### चार के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**भरथना।** बकेवर क्षेत्र अंतर्गत कुशगवां अहिरान गांव निवासी राहुल कुमार ने पुलिस को तहरीर दी कि 2 फरवरी 2026 की सुबह वह इटावा जा रहा था। तभी गांव में ही रास्ते में खड़ी पिकअप को हटाने के लिए कहने पर पिकअप चालक सोनू व उसके साथी पिंटू, प्रेम सिंह, नारद व एक अज्ञात ने एक राय होकर बदतमीज़ी करने लगे। थोड़ी देर बाद आरोपी पिकअप हटाकर आगे ले गए। रास्ते में भरथना क्षेत्र अंतर्गत पाली बम्बा खितौरा मोड़ पर पहुचने पर आरोपियों ने जबरन मेरी गाड़ी रुकवा ली और गाली गलौज, धक्का मुक्की करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गलत साइड से आ रहे ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

## बाइक में सवार दो युवतियां हुईं घायल, अस्पताल में भर्ती

संवाददाता ताखा इटावा

- ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव भरतपुर खुर्द के पास देर शाम हुआ हादसा

**अमृत विचार।** ऊसराहार एरवाकटरा मार्ग पर बुधवार की देर शाम भरतपुर खुर्द गांव के पास गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने सामने से एक बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद चालक अपने ट्रक को छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया जहां से दोनों को गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

पुरैला गांव निवासी अनुज उर्फ लालू 25 पुत्र राम कुमार बुधवार की शाम को अपनी बाइक से बाजार करने के लिए गया था। वहीं उसके साथ बाइक पर उसके पड़ोस की प्रिया पुत्री अशोक कुमार और जूली पुत्री सतीश चंद्र, दोनों निवासी पुरैला भी उसके साथ गई थी। जब वह वापस लौट रहे थे तभी गलत दिशा में आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अनुज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रिया व जूली गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसई नावर भिजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायल युवतियों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया है। पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बलराज सिंह भाटी ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है, जबकि दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए पीजीआई सैफई भेजा गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## जहरखुरानों ने कार चालक को लूटा

**इटावा।** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत अड्डा पाय के पास सर्विस रोड पर जहरखुरानों ने कार चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया। बाद में उसका सामान लूट ले गए।

आकाश 20 बुकिंग की गाड़ी चलाता है। वह हरियाणा के गुरुग्राम से कुछ लोगों ने उसकी कार बुक की। बुकिंग लेकर इटावा आ रहा था तभी रास्ते मे उक्त लोगों ने उसे नशीला पदार्थ खिला दिया जिससे वह बेहोश हो गया। जहरखुरान उसके पास से बैग और पर्स ले गए। चालक के पिता राम सिंह ने बताया कि वह सुबह साइकिल से मंडी जा रहा था तभी अड्डा पाय स्थित सर्विस रोड पर गाड़ी खड़ी दिखी जब हमने पास जाकर देखा तो वो मेरे पुत्र की थी। जब गाड़ी के अंदर देखा तो मेरा पुत्र बेहोश पड़ा था। पिता ने बताया कि उसका पुत्र हरियाणा व गुड़गांव में ओला गाड़ी बुकिंग पर चलाता है। वह बुकिंग लेकर आ रहा था तभी उसके साथ घटना घटित हो गई। पिता ने बताया कि बेटे के पर्स में लगभग 3 हजार रुपये, आधार, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस लूट ले गये।

# बख्तियारपुर टोल प्लाजा चालू होने का जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता इटावा



डीएम को ज्ञापन देने जाते सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्वालियर बरेली हाईवे पर मानक के विपरीत 60 कि.मी दूरी में बख्तियारपुर टोल प्लाजा बनाए जाने पर लोगों में काफी रोष है। लोगों का कहना है कि मानक के विपरीत टोल प्लाजा बनाया गया है, उसे हटाया जाए। इस सम्बंध में सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने सपा नेताओं के साथ डीएम को ज्ञापन दिया।

सपाइयों ने ज्ञापन में बताया है कि इटावा-फर्रुखाबाद मार्ग पर चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगापुरा बख्तियारपुरा चौराहा स्थित नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा बनाया गया टोल प्लाजा बिना मानक के शुरू हो गया, जो अंशिका इंटरप्राइजेज, बनारस की कंपनी को तीन महीने के ट्रायल पर दिया गया है। एनएचआई के अंतर्गत किसी भी हाईवे पर 60 किमी के बाद दूसरा टोल बन सकता है जबकि इस टोल से लगभग 30 किमी दूर मध्य प्रदेश के जनपद भिण्ड के बरही मे टोल प्लाजा पहले से चालू है। उन्होंने बताया कि इटावा और टोल प्लाजा के बीच दतावली नहर पुल, लुहिया नहर पुल पर निर्माण कार्य चल रहा है और आगे भी कई पुल निर्माण का कार्य चल रहा है। इस टोल प्लाजा की वसूली को तत्काल रोका जाय। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव, सर्वेश शाक्य, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, जिला सचिव प्रवीण कुशवाहा, डॉ. संतोष राठौर, प्रशांत शाक्य राजेश यादव, अंकुर रहे।

### व्यापारी नेता ने भी किया ऐतराज

- वहीं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने जिला प्रशासन से मांग की है कि फर्रूखाबाद रोड पर नवनिर्मित बख्तियारपुर टोल प्लाजा पर इटावा नियमों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि मात्र 30 किलोमीटर दूरी पर चलने के लिए यह टोल टैक्स जायज नहीं है, इससे इटावा जिले के आस पास गांवों और कस्बों में रहने वाले निवासियों पर अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा, तथा छोटे माल वाहक से शहर में अपनी कृषि उपज को मंडी में लाने वाले किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा जिससे माल भाड़ा मंहगा होगा।



जरूरतमंद को आवास की चाबी देते एसडीएम। अमृत विचार

# जरूरतमंद को आवास भेंट करना सराहनीय कार्य

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** सेन्ट मेरी इंटर कॉलेज की होम स्वीट होम योजना का प्रसार के तहत गुरुवार को ब्रह्मानंद कठेरिया एसडीएम चकरनगर के द्वारा शहर के तिकोनिया के पास पुल कहारन में दिनेश और उनके परिवार को सेंटमेरी के विद्यार्थियों द्वारा एकत्रित किए गए चन्दा से निर्मित आवास भेंट किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम ब्रह्मानंद ने इसे सेंटमेरी परिवार की बहुत ही सराहनीय पहल बताया। मैनेजर फादर विन्सन ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत सेंट मेरी इंटर कालेज के विद्यार्थियों द्वारा एकत्र किए गए डोनेशन से यह तीसरा आवास भेंट करके इस योजना का विस्तारीकरण किया गया है।

# बीहड़ वाली दरगाह मामले में अब 16 को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता इटावा

- सामाजिक वानिकी न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी

**अमृत विचार।** बीहड़ क्षेत्र में स्थित सैकड़ों साल पुरानी सैय्यद बाबा दरगाह के ध्वस्तीकरण से जुड़ा मामला एक बार फिर चर्चा में है। इस मामले की सुनवाई सामाजिक वानिकी न्यायालय में हुई, जहां दरगाह के देखरेख करने वाले फजले इलाही की ओर से वन विभाग के नोटिस को चुनौती दी गई। न्यायालय में दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं और अगली सुनवाई की तारीख 16 फरवरी तय की गई है।

सामाजिक वानिकी न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान पक्षकार फजले इलाही और उनके अधिवक्ता नदीम अहमद खान ने प्रार्थना पत्र देकर वन विभाग से कुछ जरूरी जानकारियां मांगीं। उनका कहना था कि वे लोग सैकड़ों वर्षों से इस दरगाह पर जियारत करते आ रहे हैं और इस परंपरा को जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि यदि यहां से न्याय नहीं मिला तो वे सिविल कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे।

वन विभाग ने इस मामले की सुनवाई के लिए आज फजले इलाही को वन विभाग न्यायालय में बुलाया था। सुनवाई के दौरान फजले इलाही और उनके अधिवक्ता ने अतिरिक्त समय की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए अगली तारीख 16 फरवरी तय की गई। बढ़पुरा के वन रेंजर अशोक शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पूरे मामले की जांच की गई। जांच में यह सामने आया कि यह दरगाह वन विभाग के किसी भी नक्शे में दर्ज नहीं है। साथ ही यहां पहले से होने वाले किसी भी धार्मिक या अन्य कार्यक्रम के लिए वन विभाग से कभी अनुमति नहीं ली गई। इसी आधार पर नोटिस जारी किए गए हैं। पक्षकार फजले इलाही और उनके अधिवक्ता नदीम अहमद खान ने कहा है कि यदि उन्हें इस न्यायालय से न्याय नहीं मिलता है तो वे उच्च अदालतों का दरवाजा खटखटाने से पीछे नहीं हटेंगे। अब सभी की नजरें 16 फरवरी को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां इस सैकड़ों साल पुरानी दरगाह के भविष्य को लेकर अहम फैसला हो सकता है।

# मतदाता सूची में नाम शामिल करने का आज अंतिम दिन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** मतदाता सूची में नाम दाखिल करने के लिए फॉर्म 6 भरे जा रहे हैं। इसके साथ ही संशोधन और नाम को मतदाता सूची से अलग किए जाने के लिए भी फॉर्म भरे जा रहे हैं। इन आवेदनों को जमा करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी निर्धारित की गई है। इस संबंध में आयोग के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है कि 6 फरवरी को सभी बीएलओ 2 घंटे तक बूथों पर रहेंगे। सभी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर सुबह 10:00 बजे से 12:00 तक रहेंगे। अपर जिला अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया है कि मतदान केंद्रों पर नियुक्त किए गए अविहित अधिकारी 6 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान केंद्र पर रहेंगे।

### नाम शामिल करने को आए 27 हजार आवेदन

- **इटावा।** मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए फॉर्म 6 भर कर जमा करना पड़ता है। यह सिलसिला एक माह से अधिक समय से चल रहा है और 6 फरवरी इसकी अंतिम तारीख है। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल मिलाकर लगभग 27 हजार आवेदन आए हैं जिनमें मतदाताओं ने अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने का दावा किया है। सूची से नाम हटाए जाने के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्र में अभी तक कुल मिलाकर लगभग 400 आवेदन आए है इसके लिए फॉर्म 7 जमा किए गए हैं। खास बात यह है कि सबसे बड़ी संख्या में नाम और पते में संशोधन के लिए फॉर्म भरे गए हैं।

# यातायात व्यवस्था व अतिक्रमण पर हुई चर्चा

भरथना संवाददाता इटावा



व्यापारियों के साथ बैठक करतीं एसडीएम काव्या सी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**03** प्वाइंट व 2 स्टैंड रहे प्रमुख मुद्दे व्यापारियों ने भी रखीं अपनी- अपनी समस्याएं

**अमृत विचार।** नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी काव्या सी ने व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में नगर की दो स्टैंड व्यवस्था और तीन प्रमुख जाम पॉइंट को लेकर विस्तार से चर्चा हुई, साथ ही व्यापारियों की समस्याएं भी सामने आईं।

व्यापारियों ने बैठक में बताया कि ठेले वाले ठेले लेकर दुकानों के सामने खड़े हो जाते हैं, जिससे सड़क पर आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। व्यापारियों ने यह भी चिंता जताई कि फाटक बंद होने की स्थिति में यातायात व्यवस्था और अधिक बिगड़ जाती है। उपजिलाधिकारी काव्या सी ने आश्वस्त किया कि सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। फाटक बंद होने की स्थिति में उत्पन्न होने वाली यातायात समस्या के निदान के लिए भी ठोस व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर की जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। बैठक में ऑटो से लगने वाले जाम का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। व्यापारियों ने बताया कि सरोजनी रोड, मोना चौराहा, बालूगंज और मोतीगंज में रोजाना भीषण जाम लगता है, जिससे आमजन परेशान हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने कहा कि नगर में ऑटो स्टैंड निर्धारित होने के बाद ऑटो चालकों को स्टैंड पर ही वाहन खड़ा करने और नियमों के अनुसार संचालन के निर्देश दिए जाएंगे। इससे जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। बैठक में यह भी सहमति बनी कि सभी सब्जी विक्रेताओं को सब्जी मंडी में ही बिक्री करनी होगी। साथ ही दुकानदारों को निर्देश दिए गए कि यदि दुकानों के बाहर किसी प्रकार का ठेला लगा पाया गया तो संबंधित दुकानदार के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

स्टेट बैंक के बाहर वाहनों की अवैध पार्किंग से लगने वाले लंबे जाम को देखते हुए मिडिल स्कूल के पास बने पार्किंग स्थल में वाहन खड़े करने के लिए पत्र के माध्यम से निर्देश जारी किए गए हैं। नगर में सभी ठेले वालों का पंजीकरण कराया जाएगा, स्कूल संचालकों को स्कूल वाहनों को पांच-पांच मिनट के अंतराल पर छोड़ने के निर्देश देने पर भी सहमति बनी। इस दौरान ईओ नगर पालिका संतोष मिश्रा, तहसीलदार भरथना दिलीप कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राम दवन मौर्य, थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह समेत तमाम राजस्व अधिकारी व पुलिस कर्मचारियों मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षाएं छात्रों के शैक्षणिक जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव

कार्यालय संवाददाता इटावा

- सफलता के लिए नियमित अध्ययन सही रणनीति व सकारात्मक सोच जरूरी : कैलाश यादव



जानकारी देते पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक डॉ. कैलाश चन्द्र यादव

**अमृत विचार।** सीबीएसई की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती हैं। इन परीक्षाओं में सफलता के लिए नियमित अध्ययन, सही रणनीति और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। यदि छात्र-छात्राएं समय रहते योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करें, तो अच्छे अंक प्राप्त करना कठिन नहीं होता।

पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक, प्रधानाचार्य डा. कैलाश चन्द्र यादव ने सुझाव देते हुए बताया कि सबसे पहले विद्यार्थियों को परीक्षा पाठ्यक्रम और परीक्षा पैटर्न की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए। प्रत्येक विषय के महत्वपूर्ण अध्यायों की सूची बनाकर अध्ययन करना लाभकारी रहता है। एनसीईआरटी की पुस्तकों को आधार बनाकर पढ़ाई करें, क्योंकि प्रश्न अधिकतर इन्हीं पुस्तकों से पूछे जाते हैं। हर अध्याय को समझकर पढ़ें और मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में नोट्स के रूप में तैयार करें। नियमित अध्ययन के साथ-साथ समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कठिन विषयों को सुबह के समय पढ़ना अधिक प्रभावी होता है, जबकि हल्के विषयों का अभ्यास शाम को किया जा सकता है। प्रतिदिन पुनरावृत्ति अवश्य करें, ताकि पढ़ा हुआ विषय लंबे समय तक याद रहे। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों और सैंपल पेपर का अभ्यास करना अत्यंत आवश्यक है। इससे परीक्षा के प्रश्नों की प्रकृति, समय प्रबंधन और उत्तर लिखने की शैली में सुधार होता है। उत्तर लिखते समय साफ-सुथरी लिखावट, सही प्रस्तुति और निर्धारित शब्द सीमा का ध्यान रखें। संतुलित आहार लें, पर्याप्त नींद लें और बीच-बीच में हल्का व्यायाम या योग करें। तनाव से बचने के लिए सकारात्मक सोच बनाए रखें और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में सम्मिलित हों।

**ऐलान** मोदी सरकार द्वारा अमेरिका से किया गया समझौता किसान विरोधी : सुभाषिनी अली

# काले कानूनो के खिलाफ 12 को देशव्यापी हड़ताल

कार्यालय संवाददाता इटावा



सभा को सम्बोधित करती का सुभाषिनी अली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोदी सरकार द्वारा ट्रंप के सामने घुटने टेक किया गया मुक्त व्यापर समझौता भारत के कृषि क्षेत्र को बर्बाद करने वाला हैं, डीज़ल-पेट्रोल मंहगें होने से मंहगाई और भी बढ़ेगी। मोदी सरकार अडानी-अम्बानी जैसे पूजीपतियों के हवाले देश कि पूरी सम्पत्ती करना चाह रही है। स्मार्ट मीटर, फसल खरीद, बिजली दरें बढ़ाने, निजी गल्ला गोदाम बनाने आदि अधिकार अडानी को दिये जा रहे हैं। इससे सरकारी तौर पर फसल खरीद बन्द हो जाएगी। देश को इस संकट से बचाने के लिए बड़े एवं संयुक्त आंदोलन की जरूरत है। उक्त बातें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी कि वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद सुभाषिनी अली ने सुन्दरईया नगर सरसई नावर में बतौर मुख्यवक्ता के रूप में कही।

सुभाषिनी अली ने आगे कहा कि साम्प्रदायिक और जातिवादी जहर पूरे समाज में परोसा जा रहा है। अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैला कर मनुवादी सरकार वोट के खातिर हिन्दुओं को गुमराह कर रही है, वह मनुवादी व्यवस्था थोपना चाहती है, जिसमें सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोरों एवं महिलाओं के अधिकार छिन जाएंगे। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री मुकुट सिंह ने का. शमशेर खां- मास्टर रघुराज सिंह को याद करते हुए कहा कि किसानो- मजदूरो पर हो रहे हमलो और शोषण के खिलाफ जनता को एकजुट करना ही उनको सच्ची श्रद्धाजली होगी, 12 फरवरी को देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान केन्द्रीय ट्रेड युनियनों, सयुक्त किसान मोंचा एवं अन्य जनसगठनों ने किया है सभी देशप्रेमियों से अपील है कि वह इस हडताल में शामिल हो।

इस मौके पर किसान सभा के जिला मंत्री संतोष शाक्य, रामबृजेश यादव, उपाध्यक्ष वैद्य विश्राम सिंह, माकपा यनिट मंत्री कप्तान सिंह कठेरिया, पंचम सिंह यादव, रामौतार कठेरिया श्याम सिंह शाक्य व दिवारी लाल गुप्ता कें अलावा बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीपीआरओं के कारनामों का चिठ्ठा डीएम को सौंपा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिध मंडल ने जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला से भेंट कर जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह के द्वारा किए गए कर्मचारियों के शोषण / उत्पीड़न के साक्ष्य उपलब्ध कराए। इसके साथ ही ज्ञापन दिया और कार्रवाई की मांग की।

परिषद के अध्यक्ष राजेश मिश्रा द्वारा बताया गया है कि बनवारी सिंह विगत चार साल से जनपद में तैनात है तब से अब तक इनके द्वारा लगातार पंचायत सचिवों और सफाई कर्मचारियों का इतना आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया गया कि कोई कर्मचारी मुँह खोलने की हिम्मत भी नहीं जुटा सका। परेशान हो कर कर्मचारियों ने इनके रिश्वत लेते वीडीओ बनाए जो वायरल हुए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने इसकी न्यायोचित जाँच कराने की मांग की तो डी पी आर ओ ने फूट डालो राज्य करो की नीति अपनाते हुए अस्तित्व विहीन संगठनों से जिनका पंचायती राज विभाग से कोई लेना देना नहीं है उनसे अपने पक्ष में ज्ञापन दिलाए जो निराधार है।

ज्ञापन के समय राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव, रिजवान अहमद, दिलीप मिश्रा, पूरन सिंह, आलोक पारासर, अजय कुमार, वेदप्रकाश मिश्रा, राहुल कुमार, विपिन कुमार धनगर, मनीष कुमार, सुनील कुमार, आशीष शुक्ला, शिवशंकर यादव, शुभम, चन्द्र शेखर आदि रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रशिक्षण

**महेवा।** विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विकास खण्ड के सभागार में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड (आयुष्मान कार्ड) बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यकत्रियों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लाभार्थियों का पंजीकरण, आवश्यक दस्तावेजों की जांच, ई-केवाईसी प्रक्रिया तथा कार्ड प्रिंट करने की विधि की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि पात्र परिवारों को योजना से जोड़कर उन्हें निःशुल्क इलाज की सुविधा दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारियों ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां गांव-गांव जाकर पात्र लाभार्थियों की पहचान करेंगी तथा अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करेंगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय सुपरवाइजर, सीडीपीओ मनोरमा पाण्डेय, ब्लाक कोआर्डिनेटर दीपक कुमार कार्यालय के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।


**ग्राम पंचायत भटरी विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

निविदा सूचना

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत भटरी में मनरेगा योजना अंतर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक 6/2/2026 से 9/2/2026**

| क्र.सं. | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत भटरी में हनुमान के घर से रामभजन के घर तक इंटरलाकिग खरंजा निर्माण | 531907 | 10500 | 500 |
| 2 | श्यामलाल के घर से राजेश के घर तक इंटरलाकिग खरंजा निर्माण | 543788 | 10800 | 500 |

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत भटरी विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

न्यूज ब्रीफ


सुंदर कांड के दौरान मौजूद लोग।

## सुंदरकांड पाठ में उमड़े श्रद्धालु

**फफूंद, औरैया।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में 12वां सुंदरकांड पाठ का आयोजन पंजाब बैंक के पास सम्पन्न हुआ। आयोजक शिवम चौबे के नेतृत्व में हुए सुंदर कांड में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जिसमें हिन्दू युवा मोर्चा संघ के सभी पदाधिकारी, सदस्य व पूरे फफूंद नगर व समस्त क्षेत्रीय जनता मौजूद रहे। सुंदरकांड पाठ दो बजे से प्रारंभ होकर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर बाल कृष्ण मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष हिन्दू युवा मोर्चा संघ, विनोद कुमार, अनुराग धनगर नगर अध्यक्ष पं. विवेकानन्द त्रिपाठी, अखिलेश कुमार, गौरव श्रीवास्तव, ब्रजेंद्र कुमार उर्फ लाला सबीता, रामदास, विमलेश प्रकाश चतुर्वेदी, प्रसून शुक्ला, दिनेश चन्द्र अवस्थी, अनुराग दुबे, हिमांशु अवस्थी, शिवम चतुर्वेदी, राहुल शर्मा, सत्य देव दीक्षित, शिव कुमार रहे।

# एंबुलेंस की टक्कर से 5 साल की बच्ची की मौत

## परिजनों ने प्रदर्शन कर सड़क पर लगाया जाम, अधिकारियों के समझाने पर परिजनों ने खोला जाम

कार्यालय संवाददाता, औरैया


घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़ व पुलिस बल। अमृत विचार


सड़क पर जाम लगाये परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम चिचौली में गुरुवार दोपहर तेज़ रफ्तार एंबुलेंस की चपेट में आने से सड़क पार कर रही पांच साल की मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने औरैया- दिबियापुर मार्ग पर हंगामा करते हुए जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बूझकर मामला शांत कराया। मृत बच्ची की पहचान ग्राम चिचौली निवासी रिया पुत्री जयचंद्र यादव के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, औरैया की ओर से आ रही तेज़ रफ्तार एंबुलेंस ने सड़क पार कर रही रिया को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्ची उछलकर एंबुलेंस के पिछले पहिए के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए बच्ची का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। घटना की सूचना मिलते ही दिबियापुर सहित आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि टक्कर के बाद एंबुलेंस चालक वाहन को मौके से तेज़ी से भगाकर ले जाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस अधिकारियों के परिजनों और ग्रामीणों को काफी समझाने पर करीब एक घंटे बाद अधिकारियों के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और एंबुलेंस चालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कलश यात्रा के साथ कथा की हुई शुरुआत

संवाददाता, अछल्दा औरैया

**अमृत विचार।** अछल्दा के ग्राम मोहम्दाबाद में गुरुवार बड़े बाग वाले महादेव मंदिर परिसर में जाहरवीर गोगा जी कथा का भव्य आयोजन किया गया है। बुधवार को गणेश पूजन के बाद गुरुवार को धूमधाम से गांव में कलश यात्रा निकाली गई महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर गांव का भ्रमण किया। जिसके बाद इस पावन आयोजन में सारस्वत कथावाचक आचार्य सतेन्द्र सांवरिया महाराज एवं आचार्य मृत्युंजय दीक्षित महाराज द्वारा कथा का वाचन किया गया। कथा की पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन 12 फरवरी (गुरुवार) को किया जाएगा।

कार्यक्रम के दर्शन लाभार्थी के रूप में जागेश्वर दयाल, इन्दलजीत, सतीश कुमार, बबलू, गौरव सहित उनके परिवारजन सहयोग प्रदान कर रहे हैं। कथा आयोजन की जिम्मेदारी माधुरी देवी एवं सतेन्द्र कठेरिया के नेतृत्व में की जा रही है। वहीं मुख्य यजमान के रूप में चन्द्रभान कठेरिया, अजब सिंह, शशि देवी, तेज सिंह, कान्ति देवी एवं रामवरन का विशेष सहयोग रहेगा। आयोजन में समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# हादसे में घायल मजदूर की गई जान

- 1 फरवरी को हुआ था हादसा
- कानपुर ले जाने के पहले हुई मौत

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव अनंतपुर दौलतपुर निवासी 46 वर्षीय सुशील उर्फ लालू निषाद की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। वह औरैया में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे और बेहद गरीब थे।

बीती एक फरवरी को सुशील मजदूरी करके पैदल घर लौट रहे थे। दिबियापुर-औरैया मार्ग पर गांव तुर्कीपुर चित्तरसिंह के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। वहां से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उन्हें सौ शैय्या अस्पताल ले गई, जहां से हालत गंभीर होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बुधवार की शाम सैफई से उन्हें कानपुर रेफर किया गया। परिजन उन्हें लेकर घर आए और वहां से कानपुर ले जाने के लिए प्रयास करने लगे लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# गैंगस्टर एक्ट में आरोपी को दो वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया



**अमृत विचार।** अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) अतीकउद्दीन ने अजीतमल थाना क्षेत्र के एक गैंगस्टर एक्ट मामले में फैसला सुनाते हुए जेल में बंद आरोपी जहांगीर को दो वर्ष के कठोर कारावास तथा पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा न करने पर उसे अतिरिक्त 15 दिन का कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रभूषण तिवारी ने बताया कि अजीतमल पुलिस ने शाहजहांपुर जिले के इस्लामनगर पंखाखेड़ा निवासी जहांगीर पुत्र पप्पू अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार किया था। आरोपी 19 फरवरी 2024 से जेल में बंद है।

मामले की सुनवाई के दौरान दोषी जहांगीर ने न्यायालय में जुर्म स्वीकारोक्ति की अर्जी दाखिल की थी। उसने स्वयं को गरीब बताते हुए कहा था कि वह करीब दो वर्ष से जेल में निरुद्ध है, इसलिए उसके आवेदन को स्वीकार कर मामले का निस्तारण किया जाए।

बुधवार को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) अतीकउद्दीन ने निर्णय सुनाते हुए आरोपी को उपरोक्त सजा से दंडित किया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि सजा की अवधि में आरोपी द्वारा जेल में बिताया गया समय समायोजित किया जाएगा, जिससे उसकी रिहाई अगले माह तक संभव हो सकेगी।

# युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, अछल्दा औरैया

- पांच मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया


रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के आशा गांव में गुरुवार को एक युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान मुकेश वाल्मीकि पुत्र प्रेमदास वाल्मीकि निवासी आशा गांव के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 9 बजे मुकेश बिना कुछ बताए घर से निकल गया था। जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। दोपहर करीब 2:35 बजे आशा गांव में स्थित ताल खिरिया के पास खेत में खाद डाल रहे एक युवक ने पेड़ पर शव लटका देखा, जिसके बाद उसने ग्रामीणों और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान मुकेश के रूप में की, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता प्रेमदास वाल्मीकि ने बताया कि उनका बेटा 1 फरवरी को अपनी पत्नी अनिता और बच्चों को ससुराल कानपुर देहात छोड़ने गया था। 2 फरवरी को वापस लौटने के बाद से ही वह गुमसुम और परेशान दिखाई दे रहा था। बताया गया कि मुकेश अपने पिता का इकलौता पुत्र था और अपने पीछे पत्नी व पांच छोटे बच्चों को छोड़ गया है। मृतक की बड़ी बेटी महक (11 वर्ष), मधु (8 वर्ष), बेटा पुल्ली (6 वर्ष), एक बच्ची (2 वर्ष) और सबसे छोटी बेटी लाली (12 माह) है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। घटना की सूचना पर 112 पुलिस के माध्यम से अछल्दा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक राशिद हुसैन और इटैली चौकी प्रभारी हेमंत चौधरी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## संपर्क मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे, वाहन सवार परेशान

**जालौन।** चुंगी नंबर चार से प्रतापपुरा व सींगपुरा होकर सहाव गांव तक जाने वाले संपर्क मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे हो गये हैं। साथ ही दोनों ओर झाड़ियां भी उगी हुई हैं। जिससे वाहन चालकों को निकलने में दिक्कत होती है। गड्ढों के चलते लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगरवासियों ने सड़क के गड्ढे भरवाने और झाड़ियों को कटवाने की मांग डीएम को शिकायती पत्र भेजकर की है। नगर के चुंगी नंबर चार से ग्राम प्रतापपुरा व सींगपुरा होकर सहाव गांव तक संपर्क मार्ग बना हुआ है। इस मार्ग से होकर प्रतिदिन सैंकड़ों लोग तहसील मुख्यालय तक आवागमन करते हैं। वर्तमान में मार्ग जर्जर अवस्था में है। मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते है। साथ ही सड़क के दोनों ओर बड़ी बड़ी झाडियां उग आई हैं। झाड़ियां उगी होने से मार्ग काफी संकरा हो गया है। जिससे इस मार्ग से होकर निकालने में लोगों को दिक्कतें होती हैं।

## तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**जालौन।** किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े युवक को कोतवाली पुलिस ने एक तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली में तैनात एसआई जय किशोर को सूचना मिली कि ग्राम दहगुवां में काली माता मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक सड़क किनारे किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध रिसालत निवासी दहगुवां को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मध्यस्थता अभियान का प्रचार जारी

कार्यालय संवाददाता औरैया


प्रचार प्रसार करते जिम्मेदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंयक चौहान जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 2 जनवरी से 31 मार्च तक चलने वाले अभियान के तहत प्रशिक्षण प्राप्त मध्यस्थगण के द्वारा सुलहवार्ता कर पारिवारिक वाद, घरेलू हिंसा के वाद, चेक बाउंस के मामले, मोटर दुर्घटना के वाद, बिजली के वाद, शमनीय आपराधिक वाद तथा लघु प्रकृति के वादों को निस्तारित कराया जाएगा।

जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया के प्रभारी सचिव तारकेश्वरी प्रसाद सिंह ने कहा कि अभियान के वृहद प्रचार-प्रसार हेतु जनपद औरैया के समस्त शहरी क्षेत्र, कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं शरदोत्सव प्रदर्शनी, नुमाइश में स्टॉल, शिविर लगाकर पम्पलेट, स्टीकर इत्यादि के माध्यम से प्रावधिक स्वयं सेवकों के द्वारा वृहद प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के समस्त आमजनमानस से अपील की कि जिनके वाद न्यायालय में लंबित है, वे अपने-अपने वादों को सुलहवार्ता के माध्यम से निस्तारित करा राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान का लाभ उठा सकते हैं।


**उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक**
UTTAR PRADESH GRAMIN BANK
(सरकार के स्वामित्वाधीन अनुसूचित बैंक)
(Scheduled Bank Owned by Government)

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु 30 दिवस का विक्रय सूचना पत्र**

विषय : प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI Act, 2002) के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित, अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु द्वितीय नीलामी विक्रय सूचना।
सार्वजनिक रूप से तथा विशेष रूप से उधारकर्ता/बंधककर्ता को यह सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में बंधक/प्रभारित है, जिसकी भौतिक कब्जा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (सुरक्षित ऋणदाता) के अधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 15.07.2025 को ले लिया गया है, उसे "जहाँ है जैसे है, जो है जैसा है एवं जो कुछ भी है आधार पर नीलामी द्वारा दिनांक 06.03.2026 को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज में बेचा जाएगा।

**शाखा :– खड़नी, कन्नौज (क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज)**

| | |
|---|---|
| उधारकर्ता / बंधककर्ता का नाम एवं खाता संख्या | श्री अवधेश कुमार पुत्र श्री सुरेश चन्द्र (शिव राइस मिल), ग्राम एवं पोस्ट – गुलरियापुर, तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज खाता संख्या : 05147720000459, 051430100150132 कार्य |
| वसूली हेतु बकाया राशि (धारा 13(2) SARFAESI अधिनियम, 2002 के अंतर्गत मांग सूचना के अनुसार– | रू0 13,63,220/– (रुपये तेरह लाख तिरसठ हजार दो सौ बीस मात्र) साथ में अर्जित ब्याज, दंडात्मक ब्याज एवं अन्य प्रासंगिक शुल्क, जो भी हो। |
| आरक्षित मूल्य | 13,86,945/– |
| नीलामी का स्थान | उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज |
| नीलामी की तिथि | 06.03.2026 |
| विक्रय की विस्तृत शर्तो एवं नियमों हेतु कृपया समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना देखें अथवा सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट देखें | सूचना प्रकाशन की तिथि रू 06.02.2026 वेबसाइट : www.upgb.bank.in |

**(नीलामी द्वारा बेची जाने वाली अचल संपत्ति का विवरण)**

| स्वामित्व विलेख धारक का नाम | संपत्ति का पता (विक्रय विलेख अनुसार) | बंधक की सीमाएँ (विक्रय विलेख अनुसार) | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| श्री अवधेश कुमार पुत्र श्री सुरेश चन्द्र (शिव राइस मिल) | प्लाट, क्षेत्रफल 2589.68 वर्ग मीटर, ग्राम एवं पोस्ट – गुलरियापुर, तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज | पूर्व : ग्राम समाज की भूमि, पश्चिम : चक रोड, उत्तर : रोड दक्षिण : राम सेवक की भूमि | 2589.68 वर्ग मीटर |

**शाखा :- फगुहा, कन्नौज (क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज)**

सार्वजनिक रूप से तथा विशेष रूप से उधारकर्ता / बंधककर्ता को यह सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ;णदाता के पक्ष में बंधक/प्रभारित है, जिसकी भौतिक कब्जा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (सुरक्षित ऋणदाता) के अधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 18.06.2025 को ले लिया गया है, उसे जहाँ है जैसे है, जो है जैसा है एवं जो कुछ भी है आधार पर नीलामी द्वारा दिनांक 06.03.2026 को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज में दिनांक 06.03.2026 बेचा जाएगा।

| | |
|---|---|
| उधारकर्ता / बंधककर्ता का नाम एवं खाता संख्या | श्री जयवीर सिंह पुत्र श्री रामचन्द्र, श्री रामचन्द्र पुत्र श्री शिवराम, ग्राम– महमूदापुर, पोस्ट – लोहमगढ़, कन्नौज – 209732, खाता संख्या: 054630110000051 |
| जमानतकर्ता का नाम : | श्री रामचन्द्र पुत्र श्री शिवराम की आवासीय प्लाट, जो ग्राम महमूदापुर, पोस्ट – लोहमगढ़, तहसील कन्नौज, जनपद कन्नौज में स्थित है। |
| वसूली हेतु बकाया राशि (धारा 13(2) SARFAESI अधिनियम, 2002 के अंतर्गत मांग सूचना के अनुसार) | रू05,08,421/– (रुपये पाँच लाख आठ हजार चार सौ इक्कीस मात्र) साथ में अर्जित ब्याज, दंडात्मक ब्याज एवं अन्य प्रासंगिक शुल्क, जो भी हो। |
| वास्तविक/आरक्षित मूल्य | 510000/– |
| नीलामी का स्थान | उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय कन्नौज |
| नीलामी की तिथि | 06.03.2026 |
| विक्रय की विस्तृत शर्तो एवं नियमों हेतु कृपया समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना देखें अथवा सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट देखें | सूचना प्रकाशन की तिथि : 06.02.2026 वेबसाइट : www.upgb.bank.in |

**(नीलामी द्वारा बेची जाने वाली अचल संपत्ति का विवरण)**

| स्वामित्व विलेख धारक का नाम | संपत्ति का पता (विक्रय विलेख अनुसार) | बंधक की सीमाएँ (विक्रय विलेख अनुसार) | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| श्री रामचन्द्र पुत्र श्री शिवराम | आवासीय प्लाट, क्षेत्रफल 400 वर्ग मीटर, ग्राम – महमूदापुर, पोस्ट – लोहमगढ़, कन्नौज – 209732 | पूर्व : सियादुलारी का प्लाट, पश्चिम : वीरवती का प्लाट उत्तर : रामचन्द्र का क्षेत्र दक्षिण : 4 मीटर कच्चा रास्ता | क्षेत्रफल 400 वर्ग मीटर |

**नियम एवं शर्ते** (1) उक्त सम्पत्ति ऊपर दिये गये रिजर्व मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी। सम्पत्ति सबसे अधिक बोली लगाने वाले को बेची जायेगी। (2) नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अर्नेस्ट धनराशि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की सम्बन्धित शाखा के पक्ष में देय भुगतान आदेश/माँग ड्राफ्ट अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (ई0एम0डी0) के रूप में सम्बन्धित शाखा पर दिनांक 05.03.2026 को सायंकाल 4 बजे तक जमा करानी होगी। (3) नीलामी समापन समय पर सबसे अधिक बोली लगाने वाले को बोली की 25 प्रतिशत राशि भुगतान आदेश / माँग ड्राफ्ट द्वारा प्रारम्भिक डिपोजिट के रूप में जमा करानी होगी अन्यथा उसकी ई0एम0डी0 जब्त कर ली जायेगी। अदा की गयी ई0एम0डी0 प्रारम्भिक भुगतान राशि में समायोजित कर दी जायेगी। असफल बोलीकर्ताओं की ई0एम0डी0 नीलामी के समय पर ही लौटा दी जायेगी। (4) बोली की शेष राशि विक्रय की स्वीकृति के पश्चात् 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी अन्यथा उनके द्वारा जमा की गयी प्रारम्भिक डिपोजिट राशि जब्त कर ली जायेगी और विक्रय की पुष्टि नहीं की जायेगी। (5) जिस सम्पत्ति के लिए क्रेता अपनी ऑफर दे रहा है, उस सम्पत्ति के सम्बन्ध में देय सभी म्यूनिसिपल / टैक्स / बिजली पानी / अन्य प्रभार ड्यूटीज एवं कर जो भी होंगे भुगतान की पूर्ण जिम्मेदारी क्रेता की होगी। स्टाम्प ड्यूटी रजिस्ट्रेशन की अदायगी भी क्रेता के द्वारा ही वहन की जायेगी। (6) प्राधिकृत अधिकारी को बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त होगा। (7) यदि ऋणी विक्रय की तारीख से पूर्व बैंक की सम्पूर्ण राशि अदा कर देता है तो नीलामी रद्द कर दी जायेगी। (8) यदि नीलामी के दिन अवकाश घोषित किया जाता है तो नीलामी अगले दिन आयोजित की जायेगी। (9) उक्त सम्पत्ति जैसा है, जहां है, जितना है जैसा है के आधार पर बेची जायेगी। (10) ऋणियों / गारंटीदाताओं को सूचना दी जाती है कि डिमांड नोटिस के अनुसार समस्त राशि (ब्याज एवं अन्य खर्चा सहित) नीलामी की तारीख से पहले जमा करा दें। ऐसा न करने पर सम्पत्ति की नीलामी कर दी जायेगी और बची हुई राशि यदि कोई है, ब्याज एवं खर्चा

**स्थान– कन्नौज**
**प्राधिकृत अधिकारी,**
**उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक,**
**कन्नौज (उ.प्र.)**


धर्म अध्यात्म

श्रीमद भागवत कथा सुनने को उमड़े श्रद्धालु

# श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर की सभी की रक्षा


कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार


कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव केशमपुर में चल रही श्रीमद भागवत सप्ताह समारोह में राष्ट्रीय कथा व्यास प. प्रदीप मिश्रा ने गोवर्धन पूजा पर प्रवचन दिया।

बृहस्पतिवार को गांव में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास ने गोवर्धन पूजा कथा का वर्णन करते हुए कहा कि नन्दगांव में पूजा की तैयारियां जोर शोर से चल रही थी। बालक कृष्ण ने मां यशोदा और नंदबाबा से पूजा के बारे में पूछा तो उन्होंने इंद्र की पूजा की बात बताई। इस पर उन्होंने इंद्र के बजाए गोवर्धन पूजा की जिद पकड़ ली। अंत में सभी को कृष्ण की बात माननी पड़ी। कहा कि भगवान की लीला कोई नहीं जानता। यह बात इंद्र को पता चली तो वह आग बबूला हो गया और ब्रजवासियों को सबक सिखाने के लिए तेज आंधी और बारिश शुरू कर दी। इससे सभी लोग परेशान हो गए। बचाव की सारी व्यवस्थाएं फेल होने पर भगवान श्री कृष्ण ने अपनी उंगली में गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी की रक्षा की। इससे उन्होंने लोगों को सामूहिकता से हर समस्या के समाधान का संदेश दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### ओवरटेक करते समय दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** शाम करीब साढ़े चार बजे कस्बे के बांदा मार्ग में पारा मोड़ के पास ओवरटेक करते समय दो बाइकें आपस में टकरा गई। जिसमें सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चारों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। इंगोहटा निवासी शिवमोहन (26), मनीष कुमार (26), जुगल किशोर उर्फ राजा वर्मा (25), मनीष प्रजापति (27) किसी कार्य से दो बाइकों से टेढ़ा की ओर जा रहे थे।पारा मोड़ के समीप एक दूसरे को ओवरटेक करते समय आपस में टकरा गए और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।साथ ही बाइकें चकनाचूर हो गई। किसी ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। राहगीरों के सूचना पर एंबुलेंस ईएमटी अभिषेक कुमार, पायलट विकास के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को लाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर सभी को सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### अचरी गायन का आयोजन आज

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के बंधी मोहाल में स्थापित बड़ी देवी के मंदिर में लोक गायन में अचरी गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। प्रबंधक रामरूप पाठक की देखरेख में 6 फरवरी की सुबह 10 :00 से सायं 4 :00 बजे तक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विदोखर, बंडा, सायर, बजेहटा, उमरी आदि गांव के साथ बिवांर की दो टीम भाग ले रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा .अभिनंदन सिंह भदौरिया रहेगें। संयोजक शुभकरण सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि जीतेंद्र पाठक होंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कृष्ण बिहारी पाठक, रामबालक अलबेला, लालाराम सोनी निभाएंगे।

### घर जा रहे बाइक सवार को पीटकर किया घायल

**राठ (हमीरपुर)।** सरीला तहसील के जरिया थानाक्षेत्र के मंगरौल गांव के निवासी गुरुचरण ने कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को वह कोतवाली क्षेत्र के बड़ा गांव से अपने रिश्तेदारों को बाइक से छोड़ने के लिए सरसई गांव तक गया था। बताया कि सरसई से वापस बड़ा गांव लौटते नहर के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक कर उसकी जमकर पिटाई कर दी तथा उसकी जेब में पड़े 17 हजार रुपये भी लूट लिये। ई मारपीट से उसे चोटें भी आईं हैं।

# धर्मांतरण का दवाब बनाने का चौथा आरोपी दबोचा

## आरोपी पर पुलिस की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम था

संवाददाता सुमेरपुर (हमीरपुर)



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में 20 दिन पूर्व हुए लव जिहाद, दुष्कर्म एवं धर्मांतरण के दबाव बनाने के 25 हजार के इनामी चौथे आरोपी को पुलिस ने कस्बे से बाहर जाते समय नवीन गल्ला मंडी के पास से दबोच कर न्यायालय में पेश किया है। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

कस्बे में बीते माह 15 जनवरी को हुए लव जिहाद, दुष्कर्म एवं धर्मांतरण के दबाव की घटना के चौथे आरोपी फहीम उद्दीन उर्फ लाला खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बृहस्पतिवार को कस्बे से बाहर जाते समय इस इनामिया आरोपी को नवीन गल्ला मंडी के समीप से दबोचा गया है। इसे न्यायालय में पेश किया गया, इसको न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। इसके अलावा पुलिस तीन आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपी अवान उर्फ अफान खान को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पीड़िता के पिता ने मुकदमे में मुख्य आरोपी के साथ उसके पिता मौलाना खान को अभियुक्त बनाया था। बाद में पीड़िता ने अदालत में बयान के दौरान फहीमुद्दीन उर्फ लाला खान के साथ एक बाल अपचारी को भी घटना में शामिल होना बताया था। पीड़िता के बयान के बाद पुलिस ने दोनों को मुकदमे में आरोपी बनाया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ एसआई दुर्गेश कुमार राय,आरक्षी राहुल कुमार एवं प्रिंस कुमार शामिल रहे।

### सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र में अलग अलग तीन स्थानों में सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया।

कुरारा बेरी मार्ग में देवीगंज गांव के पास ई रिक्शा पलटने से इसमें सवार पूजा (26) पत्नी विनय, राम बहादुर (46) पुत्र मुन्ना निवासीगण शंकरपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना में शीतलपुर गांव निवासी प्रमिला (45) पत्नी बलवीर कस्बे के गल्ला मंडी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई। जबकि तीसरी घटना में जखेला गांव निवासी रामप्रकाश (55) पुत्र जियालाल साइकिल से डलिया सुपा लेकर बेचने जा रहा था। तभी कस्बे के पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को राहगीरों व पुलिस द्वारा उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां प्रमिला व राम प्रकाश की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

## छह सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन मौदहा ने छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप शासनादेशों का अनुपालन करते हुए निराकरण कराने की मांग की है।

बार एसोसिएशन मौदहा द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया की कृषि भूमि के धारा 80 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के बिना आदेश आवासीय प्लाटों के दाखिल खारिज वादो को धारा 80 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता का हवाला देकर जो वादे तहसीलदार व नायब तहसीलदार द्वारा नैसर्गिक नियमों का अनुपालन न कर खारिज किए जा रहे है वह विधिक प्रावधानों के खिलाफ है और मांग है की इन्हें पूर्व की भांति नामांतरण किए जाने की मांग की है। इसी तरह बटा नम्बर व मिन जुमला नम्बर के विषय में हदबंदी के बाद धारा 30(2) संहिता एवं हदबंदी वादों में भू चित्र के कम व अधिक होने की राजस्व निरीक्षक की आख्या, वादों को सुनवाई न करके मुकदमों को लंबित रखा जा रहा है। इस मौके पर कई लोग रहे।

### सात अभियुक्तों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) ने जनपद के सात लोगों को 06 माह के लिए जिला बदर किया है। जिसमें बृजेश पुत्र दयाशंकर, बलवीर पुत्र दयाशंकर निषाद, मोनू निषाद पुत्र आसाराम निषाद , आशीष उर्फ अंशु तिवारी पुत्र हरिओम तिवारी , सुजीत सिंह चौहान पुत्र नवल सिंह उर्फ पप्पू चौहान , आशीष राजपूत उर्फ डबूला पुत्र रज्जू उर्फ राजेन्द्र कुमार व महेश राजपूत पुत्र मियाजी लाल निवासी ग्राम औडेरा शामिल है। पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिला बदर की अवधि में जिला बदर अपराधी अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 06 माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे। साथ ही बाह्य जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना संबंधित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे।

## पुल मरम्मत कार्य के चलते 40 दिन बंद रहेगा चिकासी पुल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- चिकासी पुल बंद होने से बढ़ेगा राठ–हमीरपुर मार्ग पर यातायात का दबाव

**अमृत विचार।** उरई मार्ग पर स्थित चिकासी पुल को मरम्मत कार्य के चलते आगामी 40 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। ड़े वाहनों को अब जोल्हूपुर मोड़ अथवा राठ के समीप बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से होकर वैकल्पिक मार्ग अपनाना होगा।

गौरतलब है कि वर्षों पुराना चिकासी पुल लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में था। सुरक्षा को देखते हुए शासन ने इसके मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी है। विभाग द्वारा 6 फरवरी से मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस मार्ग से प्रतिदिन महोबा, बांदा व राठ डिपो की सरकारी व निजी बसों के साथ-साथ बेतवा नदी से मौरंग लादकर उरई जाने वाले सैकड़ों ट्रक गुजरते थे। अब इन वाहनों को जोल्हूपुर मोड़ होकर लगभग 40 किलोमीटर या बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के माध्यम से लगभग 60 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी।

मार्ग परिवर्तन के चलते आशंका जताई जा रही है कि राठ–हमीरपुर मार्ग पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ जाएगा। उरई से आने वाले वाहन राठ कस्बे की घनी आबादी के बीच से होकर गुजरते हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है। इसके बावजूद अब तक स्थानीय प्रशासन द्वारा यातायात प्रबंधन को लेकर कोई ठोस व्यवस्था या दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

### युवती का प्राइवेट बस में बैग चोरी

**राठ (हमीरपुर)।** दिल्ली निवासी 23 वर्षीय युवती का प्राइवेट बस में सफर के दौरान बैग चोरी हो जाने का मामला सामने आया है।

दिल्ली के वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया ए ब्लॉक निवासी शिवानी पुत्री सुरेशचंद्र जाटव ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह 4 फरवरी को दिल्ली से कस्बे आने के लिए प्राइवेट बस में बैठी थी। यात्रा के दौरान बस में रखा उसका बैग चोरी हो गया। बैग में कीमती कपड़े और करीब 4 हजार रुपये की नकदी रखी हुई थी। पीड़िता ने बताया कि बस स्टॉप पर मौजूद कर्मचारियों ने पहले बैग मिल जाने का आश्वासन दिया। लेकिन बाद में बैग लौटाने से साफ इंकार कर दिया। वह कस्बा निवासी अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आई हुई थी। पीड़िता ने मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# जिले में युवा एवं महिला मतदाताओं की संख्या कम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- विशेष अभियान चलाने के लिए प्रत्येक कॉलेज में कैंप लगाने के निर्देश दिए
- विशेष रोल प्रेक्षक ज्वाइंट सेक्रेटरी ने अधिकारियों व राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेते विशेष रोल प्रेक्षक जेवीएन सुब्रमण्यम।

**अमृत विचार।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त विशेष रोल प्रेक्षक ज्वाइंट सेक्रेटरी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय जेवीएन सुब्रमण्यम ने समीक्षा की। जिसमें युवा एवं महिला मतदाताओं की संख्या जनपद में काफी कम होने पर विशेष अभियान चलाने के लिए प्रत्येक कॉलेज में कैंप लगाने के निर्देश दिए।

बैठक के बाद उन्होंने वर्ष 2003 की मतदाता सूची का साक्ष्य न देने वाले मतदाताओं की सुनवाई स्थलों खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मौदहा व नगर पंचायत कार्यालय सुमेरपुर का निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत करने वाले अभिलेखों का निरीक्षण करें यदि कोई मतदाता उचित अभिलेख नहीं प्रस्तुत करता है तो उसे सही अभिलेख लाने को समझाएं। किसी भी मतदाता को बिना सुनवाई का उचित मौका दिए अनर्ह न किया जाए। अभिलेखों को उच्च गुणवत्ता में अपलोड किया जाए।ताकि सुनवाई में कोई दिक्कत न हो। निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में भाजपा के लक्ष्मी रतन साहू ने कहा कि बीएलओ एवं बीएलए के मध्य संवाद होने से अच्छा कार्य हुआ है। आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि मनीष गुप्ता ने कहा कि नोटिस की सुनवाई के लिए नागरिकों को अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि अधिक मतदेय स्थलों वाले मतदान केंद्रों में सुनवाई की व्यवस्था की जा रही है। इस पर सुब्रमण्यम ने निर्देशित किया कि सुनवाई कार्य में तेजी लाई जाए ताकि निर्धारित समय से एसआईआर का कार्य पूर्ण कराया जा सके।नेशनल ड्यूटी मानते हुए अधिकारी कार्य करें। आम नागरिकों का फीडबैक जरूर प्राप्त किया जाए। युवा एवं महिला मतदाताओं की संख्या जनपद में काफी कम है। विशेष अभियान चलाने के लिए प्रत्येक कॉलेज में कैंप लगाएं। ऐसे बूथ जहां महिला मतदाताओं की संख्या काफी कम है वहां पर महिला मतदाताओं के नाम बढ़ाने के लिए तेजी लाई जाए। बैठक में एडीएम राकेश कुमार, एसडीएम न्यायिक राजकुमार गुप्ता, एसडीएम राठ अभिमन्यु कुमार, एसडीएम सदर कड़ेदीन, एसडीएम सरीला बलराम गुप्ता, एसडीएम मौदहा करनवीर सहित समस्त तहसीलदार एवं भाजपा से लक्ष्मी रतन साहू व एसके तिवारी, बसपा से वीरेंद्र वर्मा, आप से मनीष गुप्ता, सपा से विवेक यादव उपस्थित रहे।



एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ। अमृत विचार

## एसआईआर को लेकर बड़ी संख्या में केंद्र पर आ रहे लोग

संवाददाता कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज में एसआईआर के तहत अंतिम मिलान और स्वीकृति का काम हो रहा है। इसको लेकर बड़ी संख्या में मतदाता अपना नाम बढ़वाने पहुंचे। केंद्र पर बीएलओ के साथ भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर और उनके साथ शक्ति केंद्र कुरारा कृष्ण कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। मतदाता सूची मिलान के बाद भाग 50 में कुल 108 आवेदकों के नाम स्वीकृत किए गए। वहीं 69 नाम बढ़ाए गए। उधर भाग 51 में 43 आवेदकों ने अपने नाम स्वीकृत कराए।

### युवक को रास्ते में रोककर पीटा

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ग्राम प्रधान के बेटे की बारात में शामिल होकर बाइक से गांव वापस लौट रहे युवक को गांव के तीन युवकों ने साथियों के साथ मिलकर बांकी मार्ग में चार पहिया वाहन सामने लगाकर रोक लिया और कनपटी में तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी देकर जमकर पीटा।

विदोखर पुरई निवासी संजय निषाद में आरोप लगाया कि वह गत 3 जनवरी को ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति की बेटी की शादी में शामिल होने कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आया था। रात 12:30 बजे बाइक से वापस गांव लौट रहा था मार्ग में कॉलेज के समीप गांव निवासी नीरज, सचिन कुशवाहा, सोनू ने अपने साथियों के साथ बीच सड़क पर चार पहिया वाहन सामने लगाकर रोक लिया और कनपटी में तमंचा अड़ाकर जमकर पीटा जिससे वह बुरी तरह से लहुलुहान हो गया।

## पानी छुयो नहिं, नैनन के जल सो पग धोए...

संवाददाता मौदहा (हमीरपुर)



कथा सुनते के लिए मौजूद महिला पुरुष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित राम कथा के 09 वें दिन गुरुवार को कथा व्यास सर्वेश द्विवेदी ने सुदामा चरित्र की कथा का रसपान कराया।

व्यासपीठ ने कहा कि जब फटे हाल सुदामा द्वारका के महल के द्वार पर पहुंचे, तो द्वारपालों ने उन्हें भिखारी समझकर अंदर जाने से रोक दिया। लेकिन जैसे ही कृष्ण को पता चला कि उनके प्रिय मित्र सुदामा आए हैं, वे नंगे पाँव दौड़ते हुए द्वार पर आए और उन्हें गले लगा लिया। उनकी दीन-दशा देखकर कृष्ण इतने द्रवित हुए कि उनकी आँखों से आँसू बहने लगे। व्यासपीठ ने इसका वर्णन कुछ इस प्रकार किया पानी छुयो नहिं नैनन के जल सो पग धोये। अर्थात्, कृष्ण ने सुदामा के पैर धोने के लिए पानी का पात्र छुआ तक नहीं, बल्कि अपने आंसुओं से ही उनके पैर धो दिए।

### आठ से 15 फरवरी तक होगा विष्णु महायज्ञ का आयोजन

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के महर्षि दयालदास बाबा के मंदिर के परिसर में 8 से 15 फरवरी तक विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 7 फरवरी के दोपहर से कलश यात्रा निकाले जाने का कार्य किया जाएगा। जिसमें यज्ञाचार्य प्रसून शुक्ला द्वारा यज्ञ वेदी में मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दिलाई जाएगी। वहीं वृंदावन धाम की देवी सत्यार्चा भागवत कथा वाचक होगी। 8 फरवरी से रात में वृंदावन के कलाकारों द्वारा हर दिन रासलीला का मंचन किया जाएगा। 15 फरवरी को मंदिर परिसर से भोले शंकर की शोभायात्रा निकाली जाएगी। 16 फरवरी को परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन होना है। यज्ञ की कमेटी ने पूरी तैयारी कर ली है।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता बिवांर (हमीरपुर)




- बीस दिन पहले बाइक की चैन टूट कर उलझनें से घायल हुआ था

**अमृत विचार।** बीस दिन पहले बाइक की चैन टूट कर उलझनें से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान बुधवार की रात मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

थानाक्षेत्र के उमरी गांव निवासी दिलीप सिंह (25) पुत्र रामशरण सिंह बीते 18 जनवरी को किसी कार्य से बाइक से इमिलिया गांव गया हुआ था। शाम करीब छह बजे वापस घर लौट रहा था। तभी जैसे ही शाश्वत शान्ति इंटर कॉलेज के पहले गौशाला के पास पहुंचा अचानक उसकी बाइक की चैन टूट कर पहिये में उलझ गई। जिससे बाइक सवार दिलीप झटके के साथ जमीन में गिरकर घायल हो कर अचेत हो गया। खेत से वापस लौट रहे गांव वासियों ने पुलिस और परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने पहुंचकर उसको एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया गया था। एक हफ्ते तक हालत में सुधार न होने पर लखनऊ ले गए। जहां करीब बीस दिनों तक चले उपचार के बाद बुधवार की रात उसने दम तोड़ दिया। मृतक अविवाहित व दो भाइयों में छोटा था।

समीक्षा बैठक | समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

# कार्यों में शिथिलता पर एडीओ को फटकार

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)



विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते ब्लॉक प्रमुख। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख ने विकास कार्यों समीक्षा बैठक के दौरान एसआईआर, मनरेगा आदि कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों में गति लाने के कड़े निर्देश दिए।

गुरुवार को ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में पंचायतों में सचिव द्वारा एसआईआर के लिए समय पर जरूरी अभिलेख नहीं मुहैया कराने पर एडीओ पंचायत को कड़ी फटकार लगाते हुए सचिवों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मनरेगा योजना के कार्यों में पारदर्शिता लाने तथा पत्रावलियों में की गई त्रुटियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई केवाईसी में श्रमिकों के सत्यापन के साथ आवास जॉबकार्ड का सत्यापन कार्य चल रहा है। इसमें पूरी ईमानदारी से कार्य किया जाए जब तक आवास निर्माण में मस्टर रोल निर्गत न हो तब तक आवास मजदूरी का भुगतान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड की बैठक में परिवार रजिस्टर का नवीनीकरण करके अद्यतन किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बाद यह कार्य नहीं हुआ है इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए एडीओ पंचायत को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंसलटिंग इंजीनियर लागत से अधिक के एस्टीमेट तैयार कर रहे हैं। एडीओ पंचायत को मौके पर जाकर सत्यापन के निर्देश देकर कहा कि वह नियमानुसार सीएस अवश्य करें। बैठक में खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार, एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, एडीओ आईएसबी राममनोहर सोनी, एडीओ समाज कल्याण आशीष कुमार, अवर अभियंता लघु सिंचाई सदानंद यादव, एपीओ मनरेगा विकास चंद्र, लेखा सहायक राम सजीवन आदि कर्मी मौजूद रहे।

### फार्मर रजिस्ट्री में नाम दर्ज कराने को लेखपाल की लगाई ड्यूटी

**बिवांर (हमीरपुर)।** फार्मर रजिस्ट्री में रह गए किसानों के लिए लेखपाल की ड्यूटी लगाई गई है। फार्मर रजिस्ट्री की साइड में उन किसानों के नाम दर्ज नहीं हो पा रहे थे, जिन्होंने नया बैनामा, वरासत अपडेट न होने और नाम में त्रुटि थी। जिससे इन सभी किसानों के नाम फार्मर रजिस्ट्री में नहीं जुड़ पाए थे। फार्मर रजिस्ट्री काम पूरा न होने की वजह से किसानों के फॉर्मर रजिस्ट्री में नाम दर्ज करवाने को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने साइड में नाम न आने वाले किसानों की जांच पड़ताल कर गांव में तैनात लेखपाल को फार्मर रजिस्ट्री में छूटे किसानों की सूची जारी कर सभी किसानों के नाम दर्ज कराने को कहा गया है।

# नुजूले हजरते आदम यही बताता है, कोई वतन न था हिंदुस्तान से पहले...

संवाददाता मौदहा(हमीरपुर)



मुशायरे में अपना कलाम सुनाते। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रसूले पाक के दिलकश बयान से पहले, कोई किताब न पढ़ना कुरान से पहले। नुजूले हजरते आदम यही बताता है, कोई वतन न था हिंदुस्तान से पहले.....।

हजरत ताजउद्दीन बाबा के उर्स के दूसरे दिन कुरान ख्वानी, लंगर और चादरपोशी के साथ रात में शानदार कव्वालियों की महफिल हुई, जिसमें बाहरी कव्वालों ने महफिल में जान डाल दी। कस्बे के मोहल्ला हैदरगंज बड़ा कसौड़ा स्थित हजरत ताजउद्दीन बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स मनाया जा रहा है। जिसमें बुधवार रात मजार पर शानदार नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें फरीद परछवी, मसीह निजामी, कुर्रतुल एन नजर, आकिल बिजनौरी, कारी फारूक, इस्लाम मौदवी, फजलुर रहमान छत्तीसगढी, फहीम रजा खेडवी सहित अन्य शायरों ने अपने शानदार कलाम से महफिल को बांध दिया। जिसमें फहीम रजा खेडवी के शेरों ने जमकर वाहवाही लूटी। मुशायरा में मंच का संचालन कारी अताउर रहमान ने किया। वहीं गुरुवार को सुबह मजार पर कुरान ख्वानी और लंगर शुरू हुआ।

न्यूज ब्रीफ

### चोरो ने आंगनबाड़ी से पोषाहार किया पार

**बेलाताल।** विकासखंड जैतपुर की आंगनबाड़ी केंद्र रावतपुराखुई में बीती रात अज्ञात चोरों ने प्रवेश कर उसमे रखा पोषाहार की सामग्री चोरी कर भाग गए। सुबह जब आंगनबाडी कार्यकत्री कार्य क्षेत्र पहुंची तो सामान गायब होने पर संबन्धित थाने में चोरी की सूचना दी। पुलिस चोरी का खुलासा करने में जुटी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत रावतपुरा खुर्द गांव के आंगनवाड़ी केन्द्र में तैनात कार्यकत्री देवंती अनुरागी ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि जब वह सुबह जब गांव के आंगनबाड़ी केंद्र को खोलने पहुंची, तो वहां के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। बताया कि जब उसने अंदर जाकर देखा, तो केंद्र के अंदर रखा वितरण करने वाला पोषाहार के सभी पैकेट गायब थे जिसमें 47 पैकेट चना दाल, 57 पैकेट दलिया, 47 पैकेट रिफाइंड तेल सहित अन्य सामग्री गायब मिली। आंगनबाड़ी कार्यकत्री बताया कि सामान चोरी होने की विकासखंड जैतपुर के बाल विकास परियोजना कार्यालय के सीडीपीओ को दूरभाष से जानकारी दी। उनके आदेशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने कोतवाली कुलपहाड़ पहुंचकर पोषाहार चोरी की लिखित सूचना दी गई।

### सदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बेलाताल।** थाना अजनर के अजनर गांव में एक युवक की अचानक हालत खराब हो गई। परिजन उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई संदिग्ध परिस्थिति में मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। अकौना गांव निवासी राममिलन (27) पुत्र राजू कुशवाहा भीलबाडा (राजस्थान) की एक प्राईवेट कम्पनी मे काम करते थे। बुधवार को वह अपने गांव वापस आया, लेकिन गुरूवार सबह करीब चार बजे अचानक उसकी तबियत खराब हो गई। परिवार के लोग सीएचसी जैतपुर लाये मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।

# गौशालाओं को कंट्रोल रूम से जोड़ने के निर्देश

## जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई

संवाददाता कार्यालय, महोबा


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, जल जीवन मिशन एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गौ आश्रय स्थलों में कैमरों की स्थिति और वहां के कंट्रोल रूम के प्रसारण की स्थिति की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गौशालाओं के ट्रांसमिशन हर दशा में कंट्रोल रूम तक सुनिश्चित होना चाहिए और इसमें यदि किसी भी प्रकार की किसी भी स्तर पर लापरवाही होती है तत्तकाल कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करते हुए एक सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जा रहा है, जिससे गो आश्रय स्थल में गोवंशों की संख्या अपने आप काउंट होगी। कहा कि इस प्रकार गो आश्रय स्थल में होने वाली प्रत्येक गतिविधियों पर कंट्रोल रूम के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी और किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो उसकी सूचना संबंधित को दिया जाएगा, जिससे समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि यदि गो आश्रय स्थलों में कैमरे बंद पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ग्राम पंचायत में पांच वर्षों में कराए गए कार्यों को पंचायत भवन की दीवारों पर लिखवाया जाए साथ ही ग्राम पंचायत के अभिलेखों को पंचायत घर में रखा जाए। डीएम ने पंचायत भवनों में वाईफाई ब्रॉडबैंड लगवा कर एक वर्ष का रिचार्ज कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में 40 ऐसे विद्यालयों का चयन कर इसरो लैब स्थापित कराया जाए। विद्यालयों में पूर्व में हुई बैठक में सचिवों को कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए, जो अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। उन्होंने अभियान चला कर किसानो की फार्मर रजिस्ट्री कराई जाए।

डीएम ने पीएम सम्मान निधि मिलने वाले लोगों की सर्वे कराकर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिन गांवों में सचिव ने अच्छा कार्य किया है फोटोग्राफ और सूची उपलब्ध करायी जाए। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश दिए कि गर्मी का मौसम आने से पहले सभी हैंडपंप का सर्वे कराकर उन हैंडपंपों की मरम्मत करा दी जाए, जिससे आने वाले समय में पानी की समस्या उत्पन्न न हो और सभी हैडपंप चालू अवस्था में हो। जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्य की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी सचिवो को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपनी अपनी ग्राम पंचायत की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी चंद्रकिशोर वर्मा, परियोजना निदेशक विपिन कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## जब धर्म की हानि होती है, तब भगवान धरती पर होते अवतरित

संवाददाता कार्यालय, महोबा


कथा सुनाते आचार्य अश्वनी शास्त्री।

**अमृत विचार।** अजनर गांव में श्रीमतद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जहां श्रीमद्भागवत कथा के जरिए भक्तों को ईश्वर के प्रति अटूट प्रेम, शरणागति, सांसारिक मोह से वैराग्य और निष्काम कर्म करने की सीख दी जा रही है। भगवत कथा का अनुशरण करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ पड़ाल में पहुंच रही है। कथा व्यास आचार्य अश्वनी शास्त्री ने जड़ भरत की कथा के अलावा वामन अवतार, रामावतार के अलावा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म कथा की सुंदर और भावपूर्ण व्याख्या की।

श्रीमद्भागवत कथा दौरान कथा व्यास आचार्य अश्वनी शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था, लेकिन भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री जी ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत पुराण के पंचम स्कंध में वर्णित एक महान ज्ञानी, पूर्वजन्म में राजा भरत, की कथा है, जो हिरण के प्रति अत्यधिक मोह के कारण अगले जन्म में मृग बने और फिर अंततः परम ज्ञानी होकर जड़ समान रहकर आत्म ज्ञान प्राप्त किया। कहा कि यह कथा मोह से बंधन और अनासक्ति से मोक्ष का मार्ग बताती है। कथा वाचक ने वामन अवतार, रामावतार आदि कथाओं का व्याख्या की।

## बुंदेलखंड की पांच विभूतियों को किया जाएगा सम्मानित

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** बुंदेली समाज हर वर्ष सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजित करता है, जिसके तहत जिला स्थापना दिवस पर 11 फरवरी को वीरभूमि का नाम रोशन करने वाली विभिन्न क्षेत्रों की 5 प्रतिभाओं को स्व. पुष्कल सिंह वीरभूमि सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। इन प्रतिभाओं में मध्य प्रदेश की अंडर 19 क्रिकेट टीम की खिलाड़ी जान्हवी राजपूत भी शामिल हैं।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि आल्हा चौक के अंबेडकर पार्क में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में क्रिकेट खिलाड़ी जान्हवी राजपूत के अलावा गौरहारी के प्रख्यात मूर्तिकार कालीदीन विश्वकर्मा, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान पाने वाले सुगिरा के उत्तम सिंह, मंच संचालक अपर्णा नायक व संदीप चंदेल को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्व. पुष्कल सिंह वीरभूमि स्मृति सम्मान प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिले वासियों के लंबे संघर्ष के बाद उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार ने बड़े नाटकीय अंदाज में महोबा को 11 फरवरी 1995 को जिला घोषित किया था।

## महिलाओं, किसानों, युवा वर्ग को बजट में प्राथमिकता : जिला प्रभारी

संवाददाता कार्यालय, महोबा



जानकारी देते जिला प्रभावी व अन्य जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

- भाजपा कार्यालय में पेश हुए बजट को लेकर हुई प्रेसवार्ता

**अमृत विचार।** भाजपा के जिला प्रभारी संजीव श्रंगऋषि केंद्र सरकार के प्रस्तुत किए गया बजट 2026 विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। इस बजट में महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीब वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

प्रत्येक जिला मुख्यालय पर महिला हॉस्टल निर्माण, महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से नारियल, काजू जैसी नकदी फसलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं एवं सुविधाएं प्रदान की गई हैं। जिला प्रभारी ने यह बात जिला प्रभारी ने भाजपा जिला कार्यालय में सरकार के प्रस्तुत किए गए आम बजट को लेकर हुई प्रेसवार्ता दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रत्येक जिला अस्पताल की क्षमता 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रावधान कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

सदर विधायक राकेश गोस्वामी जी ने कहा कि यह बजट गरीब, मजदूर, किसान और युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, कौशल विकास को बढ़ावा देने और नए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए इस बजट में ठोस प्रावधान किए गए हैं।विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि बजट में स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं को मजबूती दी गई है, जिससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। कहा कि यह आशाओं का बजट है यह एक दूरदर्शी बजट है जो शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढांचे, रेलवे और पर्यटन विकास पर केंद्रित कर बनाया गया है। कहा कि नौजवानों के लिए हर क्षेत्र में अवसर के साथ साथ अलग अलग क्षेत्र में रिफॉर्म का बजट है। भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए ये बजट मददगार साबित होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि यह बजट छोटे उद्योगों, स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए बेहद लाभकारी है। उद्योग जगत को प्रोत्साहन देने से स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। इस मौके पर जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाल श्रम के मामलो में कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता कार्यालय, महोबा


बैठक में जानकारी लेतीं एएसपी। अमृत विचार

- एएसपी की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक संपन्न

**अमृत विचार।** रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में गुरूवार को पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह (नोडल अधिकारी) की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) और थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एएसपी ने गुमशुदा, अपहृत बच्चों की बरामदगी, बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणों की कार्रवाई किए जाने के दिए गए निर्देश दिए।

बैठक दौरान गुमशुदा, अपहृत बच्चों की बरामदगी, बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम और पॉक्सो अधिनियम 2012 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के अंतर्गत प्रकरणों में नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि गुमशुदा बालक, बालिकाओं से संबंधित मामलों में धारा 137/87 बीएनएस के अंतर्गत त्वरित व प्रभावी कार्रवाई अमल में लायी जाए। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय विशेष अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए संबंधित विभागों के समन्वय से अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए।

एएसपी ने बाल श्रम विशेषकर पटाखा निर्माण फैक्ट्रियों एवं भंडारण गोदामों में बाल श्रम की रोकथाम के लिए चलाए गए चेकिंग अभियानों को सतत जारी रखा जाए। पॉक्सो अधिनियम एवं बीएनएस के अंतर्गत प्रारूप (क) व (ख) का विधिवत व अनिवार्य रूप से अनुपालन किया जाए साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। इस मौके पर किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय, अभियोजन कार्यालय, मुख्य चिकित्सालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## राज्यसभा सदस्य ने जिले में एम्स खोले जाने का उठाया मुद्दा

संवाददाता कार्यालय, महोबा


सदन में बोलते राज्यसभा सदस्य।

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने सदन में जिले में एम्स की स्थापना कराए जाने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड एक अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं का भारी अभाव है। बताया कि गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में मरीजों को इलाज के लिए 250 से 300 किमी. दूर बड़े शहरों के अस्पतालों में ले जाना पड़ता है, जिससे कई मरीजों को समय से उपचार न मिलने के कारण रास्ते में ही दम तोड़ना पड़ता है।

राज्यसभा सदस्य ने सदन में स्वास्थ्य मंत्री से एम्स की मांग करते हुए जल्द से जल्द महोबा जनपद में एम्स की स्थापना कराए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के मध्य में स्थित जिले में यदि एम्स की स्थापना की जाती तो इससे बुंदेलखंड के आठ जिले के लोगों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं समय से मिल सकेंगी और क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों को दूर दराज के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा।

उन्होंने सदन में बोलते हुए कहा कि बुंदेलखंड में कई जिले उत्तर प्रदेश के और कई जिले मध्यप्रदेश के आते हैं। यूपी एमपी के मध्य में महोबा जिला पड़ता है, यदि यहां पर एम्स की स्थापना करायी जाती है तो यूपी एमपी के बाशिंदों को स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और केंद्र में भी भाजपा की सरकार है, ऐसी स्थिति में इसका श्रेय भाजपा सरकार को ही मिलेगा।

### गांव में चलाया गया सफाई अभियान

**पनवाड़ी।** थाना क्षेत्र के सतौरा गांव में फैली गंदगी, नाली के जाम होने से सड़कों पर जलभराव की स्थिति से परेशान होकर ग्रामीणों ने इसी शिकायत संबन्धित अधिकारियों से की थी, जिस संज्ञान लेते हुए सफाई अभियान चलाते हुए सफाई कर्मियों ने गांव को स्वच्छ बनाए जाने का कार्य किया गया।

छीपचंद, शिवम, अर्जुन, राकेश, टीकाराम आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने से नालियां कूड़ा करकट से चोक हो गई और उनका पानी सड़क पर फैलने से जलभराव की स्थिति तक उत्पन्न हो गई थी। बताया कि इस समस्या को लेकर अधिकारियों कर्मचारियों से वार्ता की गई, ।बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर एक सफाई टीम ने गांव में सफाई अभियान चलाते हुए सफाई कार्य शुरू किया । कूड़ा हटाकर अवरुद्ध पानी का रास्ता बनाया गया साथ ही सड़कों व आसपास की जगहों पर झाडू चलाकर साफ कि या गया।

## अधिवक्ताओं ने आईआईटी की स्थापना को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- वरिष्ठ अधिवक्ता ने प्रयास किए जाने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री अरुण अरजरिया व संयोजक अंश सोनी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता एवं आईसीसी भारतीय तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले में आईआईटी का निर्माण कराए जाने की मांग उठाई।

ज्ञापन में बताया गया कि बुंदेलखंड क्षेत्र के मध्य में यह जिला बसा हुआ है। यहां से हवाई यात्रा के लिए 50 किमी दूरी पर खजुराहो है और झांसी, छतरपुर, सागर, चित्रकूट में उच्च शिक्षा के लिए पहले से विश्वविद्यालय हैं, लेकिन यहां के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। यहां से उच्च शिक्षा के लिए मात्र पलायन ही एक विकल्प है इसलिए यंहा आईआईटी की सर्वाधिक जरुरत है। बताया कि योग्यता, ज़रूरत और भौगोलिक न्याय के पैमाने पर देखा जाए तो बुंदेलखंड के महोबा जिले के लिए आईआईटी सबसे पात्र जनपद है। रक्षा, खनन, ऊर्जा और ड्राईलैंड रिसर्च जैसे क्षेत्रों के लिए उपयुक्त आईआईटी का निर्माण इस क्षेत्र के लिए क्रांतकारी बदलाव लाएगा।

ज्ञापन में बताया कि आईआईटी में अन्य ट्रेड के साथ साथ माइनिंग ट्रेड भी होती है और कालेज खुलने से यहां खनिज आधारित शिक्षा हासिल करने देश विदेश के छात्र आएंगे साथ ही खनिज के क्षेत्र में असीमित रोजगार नौकरी और खनिज से आधारित व्यवसाय भी बढ़ेगा, जिससे स्वरोजगार की अपार संभावनाएं होंगी। जिले के सभी अधिवक्ताओं की मांग को उचित फोरम में रखकर बुंदेलखंड के लिए स्वीकृत आईआईटी, बुंदेलखंड के सर्वाधिक उपेक्षित जिला में उसका निर्माण का प्रयास कराया जाए।

तैयारी

सूर्य महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तय की रणनीति

# जिले की वर्षगांठ पर 11 फरवरी से आरम्भ होगा सूर्य महोत्सव

संवाददाता कार्यालय, महोबा



सूर्य महोत्सव का पंपलेट दिखाते अधिकारी। अमृत विचार

- बुंदेलखंड के अलावा बाहरी कलाकार भी आएंगे

**अमृत विचार।** 11 फरवरी को जिले की वर्षगांठ पर सूर्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा। सूर्य महोत्सव के मौके पर बुंदेलखंड के कलाकारों के अलावा बाहरी कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया। 11 से 17 फरवरी एक सप्ताह तक मोदी ग्राउंड और सूर्य मंदिर परिसर में चलने वाले कार्यक्रमों में बुंदेली विधाओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। इस तरह के आयोजन से बुंदेली कलाकारों को एक शानदार मंच भी मिलेगा।

गुरुवार को सूर्य महोत्सव को लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि सूर्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 11 फरवरी को जनपद के स्थापना दिवस पर सूर्योदय के साथ रहेलिया सूर्य मंदिर पर भगवान सूर्य देव को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ अर्घ्य देकर किया जाएगा। यहां अंतरिक्ष दर्शन सन प्लेनिटोरियम का उद्घाटन किया जाएगा। सूर्य मंदिर से ही एक भव्य शोभायात्रा मोदी ग्राउंड तक निकाली जाएगी, जहां पर पुस्तक मेला एवं मेले का उद्घाटन किया जाएगा। दिन के कार्यक्रमों में 11 फरवरी को ही एफपीओ बाजार का उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रमों में विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे। 13 फरवरी को बुंदेली मिलेटस एवं पान से बने व्यंजन, पीतल एवं गौरा पत्थर की शिल्प प्रतियोगिता की जाएगी। बैठक में बताया कि 14 फरवरी को पर्यटन सम्मेलन में युवा टूरिज्म क्लब एवं पर्यटन नीति तथा इतिहास पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान जिंगल एवं टैगलाइन प्रतियोगिता के अलावा वीर रस काव्य समागम भी किया जायेगा। 15 फरवरी को पतंगोत्सव का आयोजन किया जायेगा। 16 फरवरी को रूरल स्पेश लैब का उदघाटन और नीलेश एम देसाई निदेशक इसरो द्वारा बाल संवाद किया जायेगा।

सायंकालीन कार्यक्रमों में स्थानीय एवं बुंदेली कलाकारों के साथ ही 11 फरवरी को प्रसिद्ध भजन गायन पंडित सुधीर व्यास द्वारा भजन प्रस्तुति की जायेगी, वही 12 फरवरी को प्रसिद्ध गायिका अधिष्ठा अनुष्का की प्रस्तुति रहेगी, 13 स्थानीय युवाओं द्वारा तैयार किये गये लोकप्रिय नाटक दीवान हरदौल की प्रस्तुति देगे। 14 फरवरी संदीप चंदेल आदि टीम द्वारा हवेली दरवाजा की प्रस्तुति की जायेगी। 15 फरवरी को ही शिवरात्रि के अवसर पर शिव आराधना पर आधारित कार्यक्रम होंगे।

16 फरवरी को बालीबुड नाईट के अंतर्गत हर्षित सक्सेना, माधुरी डे और क्रैजी हापर द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी, इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित सभी अधिकारी और कलाकार उपस्थित रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं, आर्मी नंबर 5050820X CHM तोरन श्रीस, 4 UP Bn NCC, इटावा, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे बेटे प्रसङ्ग श्रीस की जन्मतिथि मेरे सर्विस रिकार्ड में गलती से 23/10/2016 लिखी गई थी, जबकि उसकी सही जन्मतिथि 27/10/2016 है।

**सूचना**
मैं **राममिलन शर्मा पुत्र फूलचन्द्र शर्मा निवासी फिरोजपुर पोस्ट फिरोजपुर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज**, मेरा बड़ा पुत्र सौरभ शर्मा व उसकी पत्नी बृजेश कुमारी शर्मा मेरी देखरेख नहीं करते है अपनी मर्जी के हिसाब से चलते है। इसलिए मैं उन्हे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूॅ। मेरे पुत्र सौरभ व वहू बृजेश कुमारी शर्मा के द्वारा कोई कृत्य किया जाता है तो इसके वह स्वयं जिम्मेदार होगे उनसे मेरा कोई लेना देना नहीं है।

**सूचना**
मैं,सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मैंने अपने तीसरे नंबर के पुत्र विपिन कुमार एवं उसकी पत्नी नेहा को उनके गलत चाल–चलन के कारण अपनी चल–अचल संपत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा भविष्य में किए जाने वाले किसी भी प्रकार के गलत, गैरकानूनी या आपराधिक कृत्यों में मेरा कोई भी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष सहयोग नहीं होगा। ऐसे सभी कार्यो के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इससे मेरा कोई लेना–देना नहीं रहेगा। **–रमेश चन्द्र पुत्र श्री मान सिंह, निवासी ग्राम आशा, पोस्ट भैंसोल, थाना अछल्दा, जनपद औरैया**

**सूचना**
मेरा पूर्व में अंग्रेज़ी में नाम "Mool Shankar" सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेज़ों में अंकित है, अब मैंने अपना नाम "Mool Shankar" के स्थान पर "Mool Shanker" कर लिया है। ये दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में मेरे समस्त कार्य एवं अभिलेख नए नाम "Mool Shanker" से ही मान्य होंगे। मूल शंकर, निवासी– लखना पुराना पुल जनपद इटावा

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की गई जान

**राजापुर** । राजापुर कस्बे के तुलसी चौक में एक अज्ञात युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई थी, जिसे पुलिस ने अज्ञात दिखाते हुए शव विच्छेदन के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया था। सोशल मीडिया की पोस्ट को देखकर मृतक की पहचान की जा चुकी है। रजवंती निषाद ने बताया कि मेरे पति अनिल कुमार निषाद 26 वर्ष घर से चित्रकूट किसी काम से गए थे। वे तुलसी चौक के पास सड़क के किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे तभी ट्रक चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए उसे टक्कर मारी दी, जिससे मेरे पति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। साथ ही उसने बताया कि उसके पति भूमिहीन थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**चित्रकूट**। भरतकूप थाना क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 7 बजे तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान जबरापुर निवासी सुनील कुमार पुत्र रामचरन (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

### दुकान आवंटन में धन वसूली की जांच अब तहसील से होगी

**जालौन**। गत वर्ष टरननगंज स्थित पालिका परिषद की एक दुकान के लिए पालिका के एक संविदा कर्मी ने एक दर्जन से अधिक लोगों की रसीद काटकर उन्हे दुकान देने का भरोसा दिया था। इस मामले में अधिशाषी अधिकारी की तहरीर पर उक्त संविदा कर्मी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था पर आरोप लिपिक पर भी लगे थे जिसे जिलाधिकारी द्वारा निलम्बित कर जांच करने के निर्देश दिए थे।

### युवक लापता, जांच शुरू

**बरगढ़ चित्रकूट**। बरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चौकीताल निवासी रामकृपाल पाल ने बरगढ़ थाने में अपने पुत्र शिवशंकर पाल की गुमशुदगी की सूचना दी है। परिजनों के अनुसार, शिवशंकर पाल को कुछ लोग काम दिलाने के बहाने प्रयागराज ले गए थे। उसे एक निजी कंपनी में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया गया था। बताया गया कि प्रशिक्षण के बाद 1 फरवरी 2026 को उसे काम पर लगाया जाना था, लेकिन उस दिन के बाद से उसका कोई संपर्क नहीं हो सका। परिवार ने कई बार शिवशंकर के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद आ रहा है।

# जल जीवन मिशन की नहीं बिछी पाइपलाइन

## जल जीवन मिशन के कार्यों पर उठे सवाल, पोर्टल में हो रही जलापूर्ति, अधिकारियों ने कहा जल्द बिछेगी पाइपलाइन

हरिनारायण पांडेय/अभिनव राज त्रिपाठी, चित्रकूट

**अमृत विचार**। ग्रामीण भारत के हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को की थी। योजना के तहत प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया, जिससे महिलाओं को दूर-दराज से पानी ढोने की परेशानी से राहत मिल सके। हालांकि शुरुआती लक्ष्य वर्ष 2024 रखा गया था, जिसे अब बढ़ाकर 2028 कर दिया गया है। इसी योजना के क्रियान्वयन को लेकर आकांक्षी ब्लॉक रामनगर में गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आकांक्षी ब्लॉक रामनगर में योजना की जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। ग्राम पंचायत बरुवा के मजरा गंज में अब तक गांव के अंदर पाइपलाइन नहीं बिछ पाई है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि जल जीवन मिशन के अधिकृत पोर्टल पर यहां निर्बाध जल आपूर्ति हो रही है। लोगों को कनेक्शन भी दे दिए गए हैं। इस मजरे तक ग्राम पंचायत सिरावल माफी के रास्ते आसानी से पहुंचा जा सकता है।


पाइपलाइन बिछाने को खोदी गई नाली और बाहर पड़ा पाइप। अमृत विचार

### जब नहीं थे नल तो कैसे जारी किया प्रमाणपत्र

- 19 सितंबर 2023 को हर घर जल प्रमाण पत्र में ग्राम प्रधान ममता गुप्ता एवं सचिव देवेंद्र सिंह बकायदा घोषणा करते हुए कहते हैं कि गांव के सभी घरों को नल कनेक्शन प्रदान कर दिया गया है। हर नल से पर्याप्त मात्रा में और नियमित रूप से शुद्ध जल मिल रहा है। जब हर घर जल योजना के तहत पोर्टल पर दर्ज लाभार्थियों से जानकारी ली गई तो योजना की पोल खुल गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब गांव के बाहर ही पाइपलाइन पड़ी है तो निर्बाध जल आपूर्ति का सवाल ही नहीं उठता। ऐसे में तीन साल पहले ही प्रमाणपत्र जारी कर हर घर जल की झूठी घोषणा करना गलत है। यह बड़ा सवाल है।

### एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल यादव ने बताया

- एडीएम स्वप्निल यादव से जब 2023 में ही प्रधानों और सचिवों द्वारा जारी प्रमाण पत्र के अनुसार गांव में सभी को नल कनेक्शन मिल जाने के बाबत सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि ये प्रमाण पत्र विभाग द्वारा नहीं, बल्कि प्रधानों और सचिवों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किए गए हैं। बरुवा के गंज के बारे में बताया कि वहां एक बार चेक करवा लेते हैं तभी कुछ कह पाएंगे।

### ग्रामीणों ने बताई सच्चाई


- ग्रामीण सुनील कुमार ने बताया कि उन्होंने नल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, जिस पर नमामि गंगे की ओर से जवाब मिला कि फिलहाल मजरा गंज उनके नक्शे में प्रदर्शित नहीं हो रहा है। नक्शे में शामिल होने के बाद ही कनेक्शन दिया जाएगा। धरातलीय हकीकत और दस्तावेजों के बीच इस विरोधाभास ने ग्रामीणों में नाराजगी पैदा कर दी है।

### क्या कहते हैं आंकड़े

- रामनगर ब्लॉक अंतर्गत बरुवा ग्राम पंचायत की कुल जनसंख्या 3810 है। सिलौटा गांव योजना के तहत यहां जलापूर्ति की व्यवस्था है। आईएमआईएस में दर्ज योजना की कुल लागत 21359 .00 लाख रुपये है। 2020-2021 में मंजूर हुई इस योजना को 31 दिसंबर 2025 तक पूरा होना था। लेकिन फिर इसकी समय सीमा बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 कर दी गई। जलजीवन मिशन के आधिकारिक दावों के अनुसार अंतिम बार 17 जून 2025 को बरुवा में पानी सप्लाई की वॉटर टेस्टिंग की गई। जबकि नियमानुसार हर तिमाही में वाटर टेस्टिंग की जानी चाहिए।

### बोले लोग...


बरुवा के गंज पुरवा निवासी राजकरण ने कहा कि उम्मीद लगाए थे कि नमामि गंगे से हमें भी पानी मिलेगा लेकिन यह योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ ही गई।


शिवभान सिंह ने बताया कि हमारे घर में कोई नल नहीं लगा है। पानी की बहुत समस्या है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द नल कनेक्शन दिलवाए जाने की मांग की है।


गंज की ही मनोज कुमारी हर घर जल योजना पर सवाल खड़े करते हुए कहती हैं कि हमें नल नहीं अब पहले यहाँ की जाँच चाहिए। जब पानी ही नहीं मिला तो नल का कनेक्शन कैसे हो गया।


शोभा पत्नी जगत नारायण ने कहा कि मामले की जांच करवानी चाहिए। प्रशासन से मांग करते हुए उन्होंने कहा है कि जल्द से जल्द नल कनेक्शन देकर ग्रामीणों को राहत दी जाए।


ज्ञानमती पत्नी पवन कुमार कहती है कि हमारे मोहल्ले में पाइप लाइन ही नहीं आई है। पानी की बहुत समस्या है। पता नहीं कब पाइप लाइन बिछेगी और कब पानी आएगा।


सुनील ने कहा कि हमने ऑनलाइन नल कनेक्शन के लिए आवेदन किया तो नमामि गंगे वालों ने जवाब दिया कि वेबसाइट पर अभी गंज मजरा शो नहीं कर रहा है जब पोर्टल में दुरुस्त होगा तब कनेक्शन मिल जायेगा।


ग्रामीण राजेश ने सवाल खड़ा करते हुए कहते हैं कि हैं जब गांव में पाइप लाइन ही नहीं पड़ी है तो क्या हवा में लोगों को कनेक्शन बाट कर पानी पिला रहे हैं। जिले के जिम्मेदारों को जाँच करनी चाहिए और नमामि गंगे के दोषी कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

### गंज में नहीं है लगा नल वेबसाइट में दिया कनेक्शन

- 3810 लोगों की जनसंख्या वाले इस गांव में आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार कुल 596 घर हैं। जहां 596 नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। बरुवा को जोड़कर गांव में कुल पांच मजरे हैं। अकेले बरुवा में 2146 लोगों के बीच 346 नल कनेक्शन हैं। गंज में 732 लोगों के बीच 110 नल कनेक्शन हैं। करीरा पुरवा में 87 लोगों के बीच 14 नल कनेक्शन हैं। खुथाई में 374 लोगों के बीच में 55 नल कनेक्शन तो वहीं शिवल्हा पुरवा में 471 लोगों के बीच में 71 नल कनेक्शन का दावा किया जा रहा है।

### जल निगम के अधिशासी अभियंता आशीष कुमार ने दी जानकारी

- जल निगम के अधिशासी अभियंता आशीष कुमार भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि अधूरी गंज पुरवा में अभी तक पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है। पूर्व में प्रधान के विरोध के कारण काम रुका था, जिसे अब सुलझा लिया गया है। जब उनसे पूछा गया कि जेजेएम पोर्टल पर गंज पुरवा के 110 लोगों के नाम नल कनेक्शन के साथ दर्ज हैं, जबकि धरातल पर पाइपलाइन ही नहीं है। तो उन्होंने इसे पोर्टल की त्रुटि बताया और कहा कि कुछ गांवों का डेटा आपस में मिल गया होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही पाइपलाइन बिछाकर इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

**प्रधान और सचिव के प्रमाणपत्र पर उठे सवाल :** 19 सितंबर 2023 को ग्राम प्रधान बरुवा ममता गुप्ता और सचिव के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र के अनुसार 'ग्राम पंचायत एवं वीडब्ल्यूएससी के लिए मार्गदर्शिका' के प्रावधानके तहत गांव में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य पूर्ण होने के बाद एक उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमे उस गांव के फील्ड इंजीनियर एक रिपोर्ट और प्रमाणपत्र के आधार पर ग्राम सभा एक प्रस्ताव पास करेगी। उसके बाद ग्राम पंचायत / वीडब्ल्यूएससी हर घर जल' प्रमाण पत्र जारी करेगी। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि मुंशी लाला गुप्ता से जब जानकारी की गई तो उन्होंने फोन काट दिया।

## जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**चित्रकूट**। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने नगर क्षेत्र कर्वी के आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया ।

जिलाधिकारी सर्वप्रथम आंगनबाड़ी केन्द्र शत्रुध्नपुरी प्रथम वार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान वहां पर मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री सपना ने बताया कि उनके केन्द्र पर 3 से 6 वर्ष के 85 बच्चे, 16 गर्भवती एवं 19 धात्री माताएं तथा 29 किशोरियां पंजीकृत हैं। मौके पर 15 बच्चे व 12 महिलाएं उपस्थित मिलीं। उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र प्राइवेट भवन में संचालित हो रहा है। केन्द्र में 3 सैम श्रेणी के बच्चे एवं 23 मैम श्रेणी के बच्चे पंजीकृत है। जिलाधिकारी ने उन्हें निर्देश दिये कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुए सैम/मैम श्रेणी के बच्चों की संख्या अतिशीघ्र शून्य की जाये। निरीक्षण के समय तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


नगर पालिका का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय। अमृत विचार

## जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र लम्बित न रहें :डीएम

**कालपी-जालौन**। गुरुवार को नगरपालिका परिषद का निरीक्षण करने आए जिलाधिकारी के तेवर राजस्व को लेकर तल्ख रहे। उन्होंने कहा कि सभी व्यवसायिक भवनों का कर निर्धारण मानकों के अनुसार हो।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कम्प्यूटर कक्ष के साथ अभिलेखागार, प्रकाश व्यवस्था एंव जन्म मृत्यु पंजीकरण कार्यालय के साथ निर्माण तथा राजस्व निरीक्षक के कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुहल्ला आलमपुर में सात लाईटे खराब हैं, जिन्हें शीघ्र बदला जाए। ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र किसी भी कीमत पर लम्बित नहीं रहने चाहिए। इसके अलावा उनका सबसे ज्यादा फोकस राजस्व वसूली और कर निर्धारण पर रहा। उन्होंने राजस्व निरीक्षक को शासन के नियम के मुताबिक गृहकर लगाने के निर्देश दिए हांलाकि उन्होंने कहा कि यह कार्य घर पर बैठकर न किया जाए ताकि किसी गृह स्वामी के साथ अन्याय न हो।

## विधवा महिला की हत्या के मामले में पुलिस की जांच जारी

**जालौन**। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी बेवा महिला खेतों में मटर तोड़ने का काम करती थी। बुधवार की सुबह जब महिला घर के बाहर नहीं निकली तो उसका भतीजा उसे देखने के लिए घर के अंदर गया। जहां घर के आंगन और बिस्तर पर खून पड़ा था और महिला का शव घर के सामने ही खेत में निर्वस्त्र अवस्था में पड़ा हुआ था।

मामले के खुलासे के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस ने इस मामले में कुछ संदिग्धों को भी उठाया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। कोतवाल आनंद सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला की हत्या गला दबाकर की गई है। पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं। शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## श्रीकृष्ण का जन्म होते ही गूंजा जय श्रीकृष्णा

संवाददाता राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार**। राजापुर तहसील के बरद्वारा गांव के गौरव वन आश्रम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य कथा का वर्णन किया गया।

बरद्वारा गांव के गौरव वन आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन आचार्य देवशरण त्रिपाठी जी महाराज ने श्रीकृष्ण के जन्म का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा स्थल पर जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। आचार्य देवशरण त्रिपाठी जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि अधर्म के नाश और धर्म की पुनर्स्थापना का दिव्य संदेश है। उन्होंने कंस के अत्याचार, देवकी-वसुदेव की कारागार पीड़ा तथा रोहिणी के गृह में बालकृष्ण के पालन-पोषण की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा व्यास ने बताया कि श्रीकृष्ण का जीवन मानव को सत्य, प्रेम, करुणा, नीति और भक्ति का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भागवत कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन से अज्ञान और भय का नाश होता है तथा आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर बालकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई। भजन-कीर्तन, शंख-नाद और आरती के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा परिसर कृष्णमय हो गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

## 5 से 10 वर्ष के बच्चों को लगेगा खसरे का टीका

**कालपी-जालौन**। 5 से 10 वर्ष के बच्चों को खसरे का टीका लगाए जाने का अभियान चलेगा। जिसकी तैयारी को लेकर एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक की है।

स्वास्थ्य विभाग 5 से 10 वर्ष के बच्चों को खसरे के टीके लगाए जाने का अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक चलने जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 5 से 10 वर्ष तक के बच्चों को एम आर के टीके लगाए जाएंगे। जिसको लेकर गुरुवार को एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश वर्दियां ने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम विद्यालयों में जाकर निर्धारित उम्र के बच्चों का टीकाकरण करेंगी। हांलाकि उन्होंने एस डीएम से कहा कि टीकाकरण के दौरान बच्चों के अभिभावक किसी तरह का विरोध न करें। इसके लिए विद्यालय के शिक्षकों को भी सहयोग के लिए निर्देशित किया जाए। वहीं कदौरा सीएचसी के अधिकारी ने बताया कि यह अभियान सोमवार, मंगलवार,गुरुवार तथा शुक्रवार को चलेगा।

## दो साल से शिक्षकविहीन स्कूल को मिले शिक्षक

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- हाईकोर्ट की पहल पर तीन सहायक अध्यापक नियुक्त

**अमृत विचार**। सरदार वल्लभभाई पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रैपुरा विकासखंड मानिकपुर में बीते दो वर्षों से चले आ रहे शिक्षक संकट का अंत आखिरकार हो गया है। प्रयागराज हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर होने के कुछ ही दिनों बाद विद्यालय में दो और सहायक अध्यापकों की नियुक्ति कर दी गई, जिससे अब यहां कुल तीन सहायक अध्यापक तैनात हो गए हैं।

रैपुरा गांव के ग्रामीणों ने लंबे समय से स्कूल में शिक्षकों की तैनाती न होने पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीणों का कहना था कि कक्षा 6 से 8 तक संचालित इस विद्यालय में लगभग 140 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन दो साल से शिक्षकों के अभाव में पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। नियमों के अनुसार 30-35 छात्रों पर एक शिक्षक की नियुक्ति होनी चाहिए, ऐसे में यहां कम से कम तीन शिक्षकों की आवश्यकता बताई गई थी। ग्रामीण राहुल कुमार पटेल, मुरली मनोहर, दीपक कुमार पटेल, सुनील कुमार, अभिषेक कुमार, मनोज सिंह, शैलेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया था कि इस गंभीर समस्या पर न तो प्रबंधन समिति और न ही ग्राम प्रधान द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रयागराज हाईकोर्ट के अधिवक्ता जगदीश सिंह बुंदेला ने जनहित याचिका दायर की। याचिका पर सुनवाई के बाद प्रशासन हरकत में आया और खंड शिक्षा अधिकारी मानीकपुर द्वारा जारी आदेश के तहत पहले एक सहायक अध्यापक की अस्थायी सहायता के रूप में तैनाती की गई, इसके बाद दो और सहायक अध्यापकों की नियुक्ति कर दी गई।

अब विद्यालय में कुल तीन सहायक अध्यापक कार्यरत हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।


प्रभारी मंत्री मन्नू लाल कोरी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

## मुआवजा और रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- जिलाधिकारी और प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार**। जनपद में रेलवे भूमि अधिग्रहण को लेकर एक बार फिर ग्रामीणों की परेशानी सामने आई है। मजरा कसहाई शोभा सिंह पुरवा के ग्रामीणों ने प्रभारी मंत्री मन्नू लाल कोरी और जिलाधिकारी चित्रकूट को शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि रेलवे द्वारा अधिग्रहित की जा रही भूमि और मकान के मामले में उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है ।

ग्रामीणों ने बताया कि कसहाई गांव वार्ड संख्या 8 ट्रांसपोर्ट नगर (नगर पालिका) क्षेत्र में आता है। पीड़ित परिवार का मकान रेलवे बाउंड्री से सटा हुआ है और रेलवे द्वारा लगभग 35 से 40 फीट भूमि अधिग्रहण किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। इससे मकान का बड़ा हिस्सा प्रभावित हो रहा है और परिवार के सामने रहने तक का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित शोभा सिंह ने ज्ञापन में कहा कि उनका मकान करीब 60 फीट क्षेत्रफल में बना हुआ है। अधिग्रहण के बाद मकान का केवल 15 से 20 फीट हिस्सा ही बच पाएगा। साथ ही परिवार के आने-जाने के लिए रास्ता भी बाधित हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि कम से कम 10 फीट रास्ता छोड़ा जाए, ताकि आवागमन बना रहे। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि भूमि का मुआवजा कृषि दर पर दिया जा रहा है, जबकि क्षेत्र अब आबादी में शामिल है और मुआवजा आबादी दर से मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि भूमि की रजिस्ट्री कराए जाने के बावजूद दाखिल-खारिज की प्रक्रिया फीस अधिक होने के कारण लंबित है, जिससे मुआवजा पुराने मालिकों के नाम पर जाने की आशंका बनी हुई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुहल्ले के तमाम ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोग रहे।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

- कृषि भूमि के स्थान पर आबादी भूमि के उचित दर पर मुआवजा दिया जाए।
- मकान अधिग्रहण के बाद रेलवे द्वारा कम से कम 10 फीट रास्ता छोड़ा जाए।
- रजिस्ट्री के बाद दाखिल-खारिज शीघ्र कराकर मुआवजा सही नाम दर्ज हो।
- प्रस्तावित रास्ते का मुआवजा भू-स्वामी को देने से रोका जाए।

**आक्रोश** प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कर्वी को सौंपा

## यूजीसी बिल के समर्थन में एससी, एसटी, ओबीसी ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार**। उच्च शिक्षा संस्थानों में संविधान प्रदत्त समानता, सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी बिल के समर्थन में सोमवार को चित्रकूट में एससी,एसटी और ओबीसी संगठनों ने आंदोलन किया। सैकड़ों की संख्या में जुटे प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कर्वी को सौंपा और यूजीसी बिल को शीघ्र लागू किए जाने की मांग की।

आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां और बैनर थे, जिन पर "यूजीसी बिल लागू करो", "समानता, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा करो" जैसे नारे लिखे थे। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि यह कानून देश के बहुजन समाज के छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ है और इसे किसी भी हाल में कमजोर नहीं किया जाना चाहिए।

आभास महासंघ चित्रकूट के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने कहा कि 13 जनवरी 2026 को सरकार द्वारा लाया गया यूजीसी कानून स्वागत योग्य है। यह कानून देश के दबे-कुचले, शोषित, पीड़ित और वंचित समाज के साथ-साथ 85 प्रतिशत बहुजन समाज के बच्चों के हित में है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभुत्वादी और सामंतवादी सोच रखने वाले कुछ वर्ग इस कानून का असंवैधानिक तरीके से विरोध कर रहे हैं, जिसके चलते माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 29 जनवरी 2026 को इस पर रोक लगाई। इससे बहुजन समाज के अधिकारों पर सीधा असर पड़ा है। इस अवसर पर आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही, समाजसेवी जानकीशरण प्रजापति, एडवोकेट विनोद पाल, त्रिभुवन सिंह यादव, धर्मेंद्र कुमार भास्कर, रजनीश एडवोकेट, सीएल भारती, कंचन सिंह एडवोकेट, मीरा भारती, शिव नरेश, लक्ष्मी प्रसाद फौजी, प्रकाश चंद्र, मानसिंह पटेल, लक्ष्मण पटेल, मोहित कुमार, अनुरोध कुमार, तीरथ प्रसाद, हनुमान प्रसाद, श्याम सुंदर, संजय कुमार, विपिन कुमार, कुबेर प्रसाद पाल, विनय पाल, चंद्रभान भारती, वासुदेव, विनोद कुमार वर्मा, महेंद्र प्रताप सहित लगभग तीन सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहे।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी। अमृत विचार

### यूजीसी बिल पर रोक से बहुजन समाज में आक्रोश

- समाजसेवी जानकीशरण प्रजापति ने कहा कि यूजीसी बिल पर रोक लगाना बहुजन समाज के हक और अधिकारों पर कुठाराघात है। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय का अधिकार देता है, लेकिन इस रोक से वंचित समाज के छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इसी कारण पूरे देश में बहुजन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### उच्च शिक्षण संस्थानों में यूजीसी कानून जरूरी

- त्रिभुवन सिंह यादव ने कहा कि देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में यूजीसी कानून लागू किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, समान अवसर और सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके। प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में मांग की कि सुप्रीम कोर्ट में लगी रोक को हटाकर यूजीसी बिल को पूरी तरह लागू किया जाए, ताकि वंचित वर्गों के छात्रों को उनका संवैधानिक अधिकार मिल सके।

## 8 से 13 फरवरी तक लगेगा ह्रदय रोग कैंप

**चित्रकूट**। परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज द्वारा स्थापित संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित जानकीकुंड चिकित्सालय में 8 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक ह्रदय रोग कैंप का आयोजन होना तय हुआ है। कैंप में अमेरिका के डॉ प्रकाश डी शाह मुख्यरूप से अपनी सेवा देंगे। जानकीकुण्ड चिकित्सालय की जनरल वरिष्ठ सर्जन डॉ. पूनम अडवाणी और डॉ दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चित्रकूट जैसे ग्रामीण अंचल में अच्छी चिकित्सा सेवाओं का अभी काफी अभाव है। इसी को देखते हुए 8 फरवरी से 13 फरवरी तक ह्रदय रोग शिविर लगेगा और अमेरिका के ह्रदय रोग विशेष डा प्रकाश डी शाह इस कैंप के माध्यम से ह्रदय रोगियों को देखेंगे। वहीं श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने बताया कि मानव सेवा के लिए समर्पित ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल उनकी धर्मपत्नी रूपल बहन कि सोंच है कि ज्यादा से ज्यादा आम जनमानस को अच्छी चिकित्सा प्रदान की जाय ।

अमृत विचार
शुक्रवार, 6 फरवरी 2026



कमजोर लोग हमेशा न्याय और समानता के लिए चिंतित रहते हैं। बलवान लोग इन दोनों की परवाह नहीं करते।
-अरस्तू, दार्शनिक



# आयोग पर अभियोग

मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होती है। यदि उसमें त्रुटि या पक्षपात का संदेह पैदा हो जाए, तो चुनाव की निष्पक्षता पर ही प्रश्न चिह्न लग जाता है। मुद्दा किसी एक राज्य या दल का नहीं, बल्कि मताधिकार की पवित्रता का है। ऐसे में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए सवालों को दलगत राजनीति से इतर गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

सामान्यतः गहन पुनरीक्षण एक जटिल प्रशासनिक कार्य है, जिसमें घर-घर सत्यापन, दस्तावेजों की जांच और आपत्तियों के निस्तारण जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। इसे त्रुटि रहित ढंग से पूरा करने में लंबा समय लगता है। यदि दो वर्ष में होने वाला कार्य तीन महीने में समेटा जा रहा है, तो स्वाभाविक है कि जल्दबाजी से त्रुटियों की आशंका बढ़ेगी। चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करना होगा कि किन तकनीकी साधनों या अतिरिक्त संसाधनों के आधार पर वह इतनी तेज गति से यह काम कर रहा है। केवल पश्चिम बंगाल में ही सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति जैसी अतिरिक्त निगरानी की व्यवस्था समानता के सिद्धांत पर प्रश्न उठाता है। यदि आयोग के पास इसके लिए पूर्व में शिकायतों का इतिहास या उच्च जोखिम वाले क्षेत्र जैसे कारण हैं, तो वह उन्हें सार्वजनिक करे। 58 लाख से अधिक नामों का हटाया जाना अत्यंत गंभीर तथ्य है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए है या बड़े पैमाने पर बहिष्करण का। आयोग का दायित्व केवल 'डुप्लीकेट हटाना' नहीं, बल्कि 'वास्तविक मतदाता को शामिल रखना' भी है। समावेशन और शुद्धिकरण के बीच संतुलन ही लोकतांत्रिक मर्यादा है। लैंगिक भेदभाव या विशेष समुदायों के नाम अधिक हटने के आरोपों की स्वतंत्र ऑडिट से जांच होनी चाहिए। विवाहित महिलाओं के नाम केवल उपनाम परिवर्तन के कारण हटने के मामलों में स्व-घोषणा और सरल सत्यापन पर्याप्त होना चाहिए। नामों की गलत वर्तनी या तकनीकी त्रुटियों के कारण नाम हटना भी चिंताजनक है। आयोग को डिजिटल डेटाबेस में सुधार, स्थानीय स्तर पर त्वरित सुधार शिविर और ऑनलाइन शिकायत निस्तारण प्रणाली को सशक्त बनाना होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने आधार को एक वैकल्पिक पहचान के रूप में स्वीकार किया है, उसे न मानना आदेश की अवमानना की श्रेणी में आ सकता है। आयोग को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा नोटिस जारी किया जाना इस पूरे विवाद को संवैधानिक आयाम देता है।

यदि 'तार्किक विसंगतियों' की सूची सार्वजनिक नहीं की गई है, तो अदालत निश्चित रूप से स्पष्टीकरण मांग सकती है। चुनाव आयोग की स्वायत्तता लोकतंत्र की आधारशिला है। उस पर 'सरकारी प्रश्रय' का आरोप तभी कमजोर होगा जब वह पारदर्शी, समान और तर्कसंगत आचरण प्रदर्शित करे। अंततः सर्वोच्च न्यायालय का कथन स्मरणीय है कि हर समस्या का समाधान संभव है। पर समाधान तभी संभव होगा, जब प्रक्रिया का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को बाहर करना नहीं, बल्कि हर योग्य नागरिक को शामिल करना हो।

## प्रसंगवश

# चूल्हे से चांद तक महिलाओं की बदलती पहचान

रसोई की दीवारें केवल ईंट-सीमेंट की बनी हुई संरचना नहीं होतीं, वे उस सामाजिक सोच की मूक प्रतीक हैं, जिसने सदियों से महिलाओं की दुनिया को सीमाओं में बांध दिया। इन दीवारों के भीतर सिर्फ़ भोजन नहीं पकता, बल्कि अनगिनत सपने भी धीमी आंच पर सुलगते रहते हैं। यहां हर दिन समझौते होते हैं- खुद से, अपनी इच्छाओं से, अपनी पहचान से। बाहर की दुनिया तेज़ी से बदल रही है, पर इन दीवारों के भीतर आज भी वही पुरानी अपेक्षाएं गूंजती हैं। फिर भी, इन्हीं सीमाओं के बीच एक दृढ़ आवाज़ जन्म लेती है- मैं इससे अधिक हूं और इससे आगे जा सकती हूं।

भारतीय समाज में महिला को अक्सर त्याग और सहनशीलता की प्रतिमा बना दिया गया है। उसकी सफलता इस कसौटी पर परखी जाती है कि उसने परिवार के लिए कितना त्याग किया, न कि उसने अपने लिए क्या हासिल किया। बचपन से उसे सिखाया जाता है कि सपने देखना ठीक है, पर उन्हें सीमाओं में रखना ज़रूरी है। धीरे-धीरे वह भी मान लेती है कि उसकी ज़िंदगी की प्राथमिकता हमेशा दूसरे होंगे। फिर भी, उसके मन के किसी कोने में उसकी इच्छाएं जीवित रहती हैं- शांत, धैर्यवान और अपने सही समय की प्रतीक्षा करती हुई।



कृति जैन
लेखिका


आज की महिला एक साथ कई भूमिकाएं निभा रही है। वह मां है, पत्नी है, बहू है, लेकिन इन सबसे पहले वह एक संपूर्ण इंसान है, जिसके अपने सपने और आकांक्षाएं हैं। दिन भर वह घर की ज़िम्मेदारियों में उलझी रहती है, पर रात के सन्नाटे में उसका मन जाग उठता है। तब वह किताब खोलती है, ऑनलाइन कक्षाओं में समय लगाती है या अपने भविष्य की नई तस्वीर गढ़ती है। समाज भले ही उसकी इस कोशिश को अनदेखा करे, लेकिन उसके भीतर आत्मनिर्भर बनने की आग हर दिन और प्रखर होती जाती है।

कई बार महिलाओं के सपने उसी रसोई से आकार लेते हैं, जहां कभी उन्हें सीमित कर दिया गया था। वर्षों तक स्वाद और मेहनत से खाना बनाने वाली महिला एक दिन समझ पाती है कि यही उसका हुनर है। वह अपने काम को घर की चारदीवारी से बाहर लाने का साहस जुटाती है। शुरुआत में ताने मिलते हैं, शक किया जाता है, लेकिन वह पीछे नहीं हटती। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और उसका हुनर उसकी पहचान बन जाता है। यह बदलाव सिर्फ़ कमाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की नींव रख देता है।

यह सफ़र आसान नहीं होता। समय की कमी, शारीरिक थकान, परिवार की अपेक्षाएं और समाज की आलोचना, हर मोड़ पर नई बाधाएं खड़ी हो जाती हैं। कई बार महिलाओं को यह महसूस कराया जाता है कि उनका आगे बढ़ना घर के संतुलन को बिगाड़ देगा। अपराधबोध चुपचाप उनके मन में जगह बना लेता है। फिर भी कुछ महिलाएं इन दबावों के बावजूद आगे बढ़ती हैं, क्योंकि वे जानती हैं कि उनका सपना किसी का नुकसान नहीं करता, बल्कि दूसरों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

संघर्ष की इस राह पर महिलाएं कई बार गिरती हैं, लेकिन हर बार थोड़ा और सशक्त होकर उठती हैं। वे समझ जाती हैं कि सफलता का अर्थ पूर्णता नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास और धैर्य है। उनके चेहरे पर थकान साफ़ दिखती है, पर आंखों में संतोष की रोशनी होती है। वे जानती हैं कि यह लड़ाई सिर्फ़ उनकी नहीं है, वे उन अनगिनत महिलाओं के लिए रास्ता बना रही हैं, जो अभी खामोश हैं, लेकिन सपने देखना नहीं छोड़ा है।

# नेपाल: युवा बदल सकते हैं चुनाव नतीजों की तस्वीर





यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वही पुराना राग है। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है।

नेपाल का चुनाव कई मायनों में बड़ा दिलचस्प है। नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वही पुराना राग ही है। नेपाली कांग्रेस जो इस बार पूर्व महामंत्री गगन थापा के नेतृत्व में अपने पुराने दावे और वादों के साथ मैदान में हैं। पार्टी के नए सभापति गगन थापा ने तो पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा को टिकट से ही वंचित कर दिया। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है। इन तीन पुरानी पार्टियों के इतर इस बार पूरे नेपाल में चुनाव मैदान में उतरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लोग भरोसे की दृष्टि से जरूर देख रहे हैं।

नेपाल के पहाड़ी लोगों को इस पार्टी से परिवर्तन की अनुभूति की आश है, लेकिन इसका भी कोई क्लियर एजेंडा नहीं दिख रहा, हां इस पार्टी में जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग और काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह सहित ढेर सारे युवाओं के आ जाने से इस पार्टी को युवा मतदाताओं पर भरोसा ज्यादा है। नेपाल में सत्ता आती जाती रही है, लेकिन समस्याएं जस की तस हैं। बेरोजगारी,पलायन, मंहगाई, भ्रष्टाचार सब बेकाबू है। इस सबसे युवा ही ज्यादा प्रभावित और आक्रोशित हैं। जैसा कि दिख रहा है, यदि युवाओं का फैसला एक तरफा हुआ तो संभव है, परिणाम चौंकाने वाला हो, लेकिन यह भी संभव है कि सत्ता की चाभी मधेश के हाथ में हो।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ। इसके अध्यक्ष रवि लामी छाने नेपाल के पत्रकार रहे हैं। इनका टीवी टाक शो नेपाल मं काफी लोकप्रिय रहा है। पिछले चुनाव में पश्चिम नेपाल में इस पार्टी को अच्छी खासी सफलता मिली थी। एक दर्जन से अधिक सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार कामयाब हुए थे। ओली सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री थे। बतौर गृह मंत्री उनकी पहचान एक सख्त मंत्री की थी। उन्हें अमरीकी नागरिक विवाद में पद और प्रतिनिधि सभा से त्यागपत्र देना पड़ा था। बाद में इस विवाद के सुलझ जाने पर वे प्रतिनिधि सभा में वापस आए और फिर गृहमंत्री बने। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। कई बड़े अफसरों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर वे सुर्खियों में रहे, हालांकि उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

प्रचंड और ओली के अलग होने के बाद जब नेपाली कांग्रेस और ओली की सरकार बनी तो इस सरकार में रवि लामी छाने शामिल नहीं हुए। इस बीच वे खुद धोखाधड़ी के बड़े लपेटे में आ गए। उन्हें जेल जाना पड़ा। अभी वे जमानत पर हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पूरी तरह रवि लामी छाने के नेतृत्व और जेन जी आंदोलन के नायकों के भरोसे है। वालेन शाह जब काठमांडू के मेयर थे, तब अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाए हुए थे, वे कभी-कभी हिंदुत्व की भी बात करते हैं। ग्रेटर नेपाल के नक्शे में भारत के सीमावर्ती हिस्से को दर्शाया गया है। यदि उनकी राजनीति का केंद्र बिंदु यही है, तो समझा जा सकता है कि सत्ता में आने पर इस पार्टी का भारत से कैसा रिश्ता हो सकता है।

यह चुनाव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'हामी नेपाल' के संचालक सुडान गुरूंग और वालेन शाह की अग्निपरीक्षा है। वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ झापा क्षेत्र संख्या पांच से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सुडान गुरूंग कुछ बड़ा करने के लिए गोरखा क्षेत्र संख्या एक से चुनाव लड़ रहे हैं। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की बात करें, तो यहां का चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। सुडान ओली के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के किंगमेकर की भूमिका में थे। पिछले कई चुनावी निराशाओं से थके यहां के लोगों को इस बार सुडान से उम्मीद है। कुछ समय पहले तक सुडान की प्राथमिकता में राजनीति नहीं थी। जेन-जी आंदोलन ने अचानक उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिला दी।

आंदोलन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में जुड़े सुडान, आंदोलन खत्म होते-होते सत्ता समीकरण में 'किंगमेकर' की भूमिका तक पहुंच गए। सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार और मंत्रियों की नियुक्ति में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका रही। जिस तेजी से वे राष्ट्रीय राजनीति में उभरे, उसी तेजी से आगे बढ़ पाएं, तो नेपाल की राजनीति में यह एक परिवर्तन होगा, जो नेपाल के मिजाज को रेखांकित करेगा।

झापा क्षेत्र संख्या पांच से वालेन शाह केपी शर्मा ओली के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। पिछले दिनों नेपाल के एक बड़े गुटखा व्यवसायी द्वारा गिफ्ट की गई मंहगी डिफेंडर गाड़ी को लेकर वे सुर्खियों में थे। अब उनके खिलाफ चुनाव आयोग में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज की गई है। वालेन शाह पर चुनावी आचार संहिता, प्रचलित कानूनों और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

नेपाल के चुनाव में इस बार 'मधेश' मुद्दा गायब है, लेकिन यह भी सच है कि मधेश फतह किए बिना किसी भी पार्टी के लिए सत्ता की कुर्सी आसान नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने इसी के दृष्टिगत मधेश में अपेक्षाकृत अच्छे और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर मैदान में उतारा है। अब वे कितना कामयाब हो पाएंगे, यह आकलन अभी मुश्किल है। नेपाल के मधेश क्षेत्र का 23 जिला भारत सीमा से सटा है। यहां की करीब 90 लाख की आबादी नेपाली भाषा के साथ हिंदी भाषी भी हैं। ये लोग खुद को भारत के करीब महसूस करते हैं। पूर्व में यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम को था। तब मधेश से मधेशी उम्मीदवार ही चुनाव जीतते थे, वे चाहे जिस दल के हों।

लोकतांत्रिक संविधान लागू होने के बाद इसका सीमांकन उत्तर दक्षिण की ओर कर दिया गया। इसके पीछे का मकसद यही था कि नेपाल की राजनीति में मधेश का वर्चस्व कम किया जाए। इस सीमांकन के खिलाफ मधेश में आंदोलन भी खूब हुआ लेकिन कोई असर नहीं डाल सका।

## आमने सामने



जब चीन के टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया था। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में आते हैं तो मैं यह पुस्तक उन्हें भेंट करूंगा।
-राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

राहुल गांधी के पास ठोस मुद्दे नहीं हैं, इसलिए वे सुर्खियों में बने रहने और चर्चा बटोरने के लिए इस तरह के बयान देते रहते हैं। सेना और शहीदों का सम्मान पूरे देश के लिए सर्वोपरि है। इस तरह की बयानबाजी से देश की छवि को नुकसान पहुंचाती है।
-देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र



# जरूरी है बच्चों की परवरिश पर भी हो चिंतन



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

एक ही परिवार की तीन बच्चियों ने नौवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। यह हमारे डिजिटल युग का नंगा और क्रूर सच है।

एक ही परिवार की 12, 14 और 16 साल की तीन बच्चियों ने रात के दो बजे, ग़ाज़ियाबाद की एक ऊंची इमारत की नौवीं मंज़िल से छलांग लगा दी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हमारे डिजिटल युग का नंगा और क्रूर सच है। यह घटना सिर्फ़ एक परिवार का निजी शोक नहीं है, यह पूरे समाज के लिए चेतावनी की घंटी है। यह हमें बताती है कि जिस तकनीक को हमने सुविधा, प्रगति और सुरक्षा का प्रतीक मान लिया, वही तकनीक जब बिना निगरानी और संवेदनशील समझ के बच्चों के हाथ में पहुंचे, तो वह उनके मन, रिश्तों और जीवन पर चुपचाप कब्ज़ा कर सकती है।

कोविड काल से हुए बड़े बदलावों में एक यह भी है कि बड़ी तादाद में बच्चों की दुनिया सिमटकर मोबाइल स्क्रीन पर आ गई और बच्चों को मोबाइल दिया जाना भी न्यू नॉर्मल हो गया। पढ़ाई ऑनलाइन हुई, दोस्ती वर्चुअल हुई, खेल डिजिटल हुए और अकेलापन सामान्य हो गया। माता–पिता को यह एक सुरक्षित विकल्प लगा कि बच्चा घर के भीतर है, बाहर की बुरी संगत से दूर है। पर हम यह भूल गए कि आज की बुरी संगत गलियों में नहीं, ऐप्स में घूमती है। कई ऑनलाइन गेम, फैनडम और वर्चुअल कम्युनिटी बच्चों को एक समानांतर पहचान का भ्रम देती हैं, जहां वे अपने वास्तविक जीवन की परेशानियों से भागकर एक काल्पनिक दुनिया में शरण लेते हैं। यह शरण शुरू में मनोरंजन लगती है, फिर आदत बनती है और अंततः मानसिक निर्भरता में बदल जाती है। इसके बाद 'लेवल', 'टास्क' और 'चैलेंज' जैसे शब्द बच्चों के मन पर ऐसा दबाव बनाते हैं कि वे वास्तविक जीवन की संवेदनाओं, रिश्तों और खतरे के बोध से कटने लगते हैं। यही वह बिंदु है, जहां खेल मनोरंजन नहीं रहता, बल्कि मानसिक नियंत्रण का औज़ार बन जाता है।

यह समस्या किसी एक देश, किसी एक गेम या किसी एक ट्रेंड तक सीमित नहीं है। कुछ समय पहले भी ऐसे जानलेवा गेम और ऐप्स चर्चाओं में रह चुके हैं- प्रतिबंधित हो चुके हैं, आज कोरियन गेम चर्चा में है, कल कोई और होगा, पर खतरे का ढांचा वही अकेलापन, स्क्रीन पर बढ़ता समय, नींद और दिनचर्या का टूटना, परिवार से संवाद का खत्म होना और धीरे–धीरे मनोवैज्ञानिक असंतुलन। इसके बावजूद तमाम परिवारों में अभिभावकों का सबसे बड़ा भ्रम यही है कि 'मेरे बच्चे के साथ ऐसा नहीं हो सकता।' अभिभावक मान लेते हैं कि उनका बच्चा समझदार है, अच्छे स्कूल में पढ़ता है, या सिर्फ़ कुछेक रील देखता है-गेम खेलता है। यही आत्मसंतोष बच्चों को सबसे असुरक्षित स्थिति में धकेल देता है। सच्चाई यह है कि डिजिटल दुनिया में कोई बच्चा पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। न उसकी बुद्धिमत्ता, न उसकी सामाजिक हैसियत और न ही पारिवारिक अनुशासन उसे स्वतः सुरक्षित बनाता है।

इस संकट का समाधान भावनात्मक प्रतिक्रियाओं या घटना बीत जाने के बाद की बहसों में नहीं है। समाधान घर के भीतर नीति बनाने में है। मोबाइल और इंटरनेट को बच्चों के लिए 'असीम आज़ादी' की तरह नहीं, बल्कि नियंत्रित संसाधन की तरह देखना होगा। छोटे बच्चों को व्यक्तिगत स्मार्टफोन देने की प्रवृत्ति पर पुनर्विचार ज़रूरी है। रात के समय बच्चों के कमरे में मोबाइल का न होना, सभी डिजिटल उपकरणों का एक साझा स्थान पर रखा जाना, पढ़ाई और मनोरंजन के लिए अलग–अलग समय सीमा तय करना, ये कोई कठोर कदम नहीं, बल्कि न्यूनतम सुरक्षा मानक हैं। बच्चे विरोध करेंगे, नाराज़ होंगे, लेकिन माता–पिता को यह समझना होगा कि अस्थायी असहमति स्थायी सुरक्षा की कीमत है।

तकनीकी नियंत्रण भी अब विकल्प नहीं, जिम्मेदारी है। पैरेंटल कंट्रोल, स्क्रीन टाइम लिमिट, कंटेंट फ़िल्टर और सुरक्षित ब्राउज़िंग जैसे उपाय केवल सेटिंग नहीं, बल्कि डिजिटल सुरक्षा की बुनियादी संरचना हैं। जिस तरह हम बच्चों को सड़क पार करना सिखाते हैं, वैसे ही उन्हें ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहना भी सिखाना होगा। यह निगरानी अविश्वास का प्रतीक नहीं है, बल्कि संरक्षण का आधुनिक रूप है, लेकिन तकनीक से भी बड़ा हथियार संवाद है। माता–पिता और बच्चों के बीच रोज़मर्रा की बातचीत, बिना स्क्रीन के साथ बिताया गया समय, उनके ऑनलाइन व्यवहार को समझने की ईमानदार कोशिश, यही वह भावनात्मक पुल है जो बच्चों को आभासी दुनिया में डूबने से बचाता है। यदि बच्चा अचानक चिड़चिड़ा हो जाए, नींद कम हो जाए, पढ़ाई या सामाजिक गतिविधियों से कटने लगे, तो इसे उम्र का असर कहकर नज़रअंदाज़ करना खतरनाक हो सकता है। यह मानसिक स्वास्थ्य संकट का शुरुआती संकेत भी हो सकता है और समय रहते मदद लेना शर्म नहीं, समझदारी है।

बिना निगरानी और सीमाओं के दिया गया मोबाइल बच्चों के हाथ में खिलौना नहीं, जोखिम का साधन बन सकता है। यहां मुद्दा डिजिटल हो चुकी दुनिया के साथ रफ्तार बनाए रखने का नहीं है, सवाल यह है कि क्या हम अपने बच्चों को इस दुनिया के लिए मानसिक, भावनात्मक और नैतिक रूप से तैयार कर रहे हैं?

## सोशल फोरम

# अरिजीत सिंह का संन्यास

अरिजीत सिंह शानदार गायक और शानदार शख़्स हैं, वरना किसकी हिम्मत कि 39 की उम्र में एलान कर दिया कि अब फिल्मों में प्लेबैक सिंगिंग नहीं करूंगा। वह भी तब, जब वे अपने पार्श्वगायन में टॉप पर हैं। अरिजीत सिंह भारत के सबसे बड़े म्यूजिकल आइकन हैं और ग्लोबली स्पॉटिफाई पर दुनिया के सबसे ज़्यादा फॉलो किए जाने वाले आर्टिस्ट हैं। सबसे ज्यादा फॉलोअर्स 17 करोड़ 22 लाख से ज्यादा उन्हीं के हैं। लगातार सात साल (2019-2025) स्पॉटिफाई के सबसे ज्यादा स्ट्रीम्ड आर्टिस्ट रहे।



डॉ. प्रकाश हिंदुस्तानी
ब्लॉगर

कामयाब तो बहुतेरे होते हैं, पर शिखर पर होते हुए शिखर को छोड़ने का एलान करने के लिए गहरी सोच, समझ, हिम्मत और तजुर्बा चाहिए। अरिजीत ने कहा है कि वे संगीत जगत में बने रहेंगे। गायन जारी रहेगा, केवल फिल्मों के लिए, किसी हीरो को अब अपनी आवाज़ नहीं देंगे। मुझे कुछ अलग म्यूजिक करना है, ताकि मैं जी सकूं। मैं कई दूसरे सिंगर्स को सुनना चाहता हूं, जो मुझे असली मोटिवेशन दें।

बलिहारी है अरिजीत।

अरिजीत ने साफ किया कि मैं बहुत जल्दी बोर हो जाता हूं... तो सच यही है कि मैं बोर हो गया था। मैं इंडियन क्लासिकल म्यूजिक में वापस जाना चाहता हूं। मैं अपनी खुद का म्यूजिक बनाना चाहता हूं और स्टार्ट अगेन चाहता हूं। अब अरिजीत लाइव कॉन्सर्ट्स, इंडिपेंडेंट म्यूजिक और अपने क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स पर फोकस करेंगे। उन्होंने ये भी क्लियर किया कि कुछ पुराने कमिटमेंट्स पूरे करेंगे, तो 2026 में कुछ रिलीज़ अभी भी हो सकती हैं। कई इसे उनकी सादगी और क्रिएटिव फ्रीडम की मिसाल मान रहे हैं। अरिजीत 36 साल से गा रहे हैं। केवल तीन साल की उम्र से उन्होंने गाना शुरू किया था। नौ साल की उम्र में उन्हें सरकार की तरफ से क्लासिकल वोकल्स के लिए स्कॉलरशिप भी मिली थी। उनकी मां तबला बजाती और गाती थीं, जिससे उनका संगीत का सफर शुरू हुआ।


2005 में फेम गुरुकुल में हिस्सा लिया, टॉप सिक्स तक पहुंचे, लेकिन ऑडियंस वोटिंग से बाहर हो गए। कई लोग यहीं रुक जाते, लेकिन अरिजीत ने हार नहीं मानी और मेहनत की। अरिजीत सिर्फ गायक नहीं, वो अच्छे तबला वादक हैं, गिटार और पियानो भी बजाते हैं और म्यूजिक प्रोडक्शन भी करते हैं। मल्टी-टैलेंटेड होना उनकी आवाज़ की गहराई का राज है।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# दिव्यांगता और समावेशन का अधूरा सपना

भारत में दिव्यांग महिलाओं की स्थिति को केवल स्वास्थ्य, सहायता या कल्याण की समस्या के रूप में देखना एक गंभीर भूल होगी। यह मूलतः सत्ता, संसाधनों, अवसरों और निर्णय-प्रक्रियाओं तक असमान पहुंच की समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया की लगभग 16 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता के साथ जीवन जी रही है। भारत में जनगणना 2011 के अनुसार लगभग 2.7 करोड़ लोग दिव्यांग हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। इसके बावजूद नीति-निर्माण, योजनाओं और सामाजिक विमर्श में उनकी उपस्थिति अत्यंत सीमित बनी हुई है। वे सरकारी रिपोर्टों में दर्ज तो होती हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में बहुत कम दिखाई देती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (NFHS-5) और जनगणना के आंकड़े भी यह संकेत देते हैं कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में दिव्यांग महिलाओं की भागीदारी अभी भी बहुत कम है।



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

दिव्यांग महिला का जीवन तीन स्तरों पर नियंत्रित होता है घर, समाज और व्यवस्था। घर के भीतर पिता, भाई और पति स्वयं को 'संरक्षक' मानते हुए उसकी हर पसंद पर अधिकार जताते हैं। निर्णय-प्रक्रियाओं पर पुरुषों का वर्चस्व आज भी बना हुआ है। समाज उसे 'कमज़ोर' और 'निर्भर' मानकर हाशिये पर रख देता है और व्यवस्था उसे प्राथमिकता सूची के अंत में पहुंचा देती है। इन तीनों स्तरों पर पितृसत्तात्मक शक्ति-संबंध उसके जीवन की दिशा तय करते हैं।

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज़, एनसीपीईडीपी, यूएन वीमेन इंडिया और सामाजिक शोधकर्ता अनीता घई के अध्ययन बताते हैं कि कई परिवारों में बेटियों को चाहे वे दिव्यांग हों या न हों, आर्थिक निर्णयों और संपत्ति से जुड़े मामलों में पूरी भागीदारी नहीं मिलती, लेकिन जब बेटी दिव्यांग होती है, तो यह उपेक्षा और गहरी हो जाती है। उसे अक्सर 'दीर्घकालिक आश्रित' मान लिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह भविष्य में परिवार की आर्थिक ज़िम्मेदारी नहीं उठा पाएगी। इसी सोच के कारण उसकी शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता पर पर्याप्त निवेश नहीं किया जाता। धीरे-धीरे उसे आर्थिक रूप से निर्भर बना दिया जाता है। विवाह को ही उसका 'सुरक्षित भविष्य' मान लिया जाता है और कई बार यह निर्णय उसकी इच्छा और सहमति के बिना होता है।

उसकी आवाजाही पर भी नियंत्रण रहता है। कहां जाएगी, किससे मिलेगी, कब बाहर निकलेगी? इन सब पर परिवार का अधिकार माना जाता है। 'इज़्ज़त', 'सुरक्षा' और 'देखभाल' के नाम पर यह नियंत्रण जीवनभर चलता रहता है। यह नियंत्रण उसके आत्मविश्वास और सामाजिक विकास को सीमित कर देता है। सवाल यह है, क्या हम सच में सुनते हैं कि वह क्या चाहती है?

यौनिक स्वायत्तता और प्रजनन अधिकार भी इसी नियंत्रण संरचना का हिस्सा बन जाते हैं। अनेक महिलाओं के लिए गर्भनिरोध, गर्भधारण या नसबंदी उनके स्वयं के निर्णय नहीं होते। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें बताती हैं कि कई मामलों में दिव्यांग महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े फैसलों में स्वतंत्र भूमिका नहीं मिलती। डॉक्टर भी अक्सर महिला से सीधे बात करने के बजाय परिवार से संवाद करना अधिक सुरक्षित समझते हैं। यह स्थिति महिला की इच्छा, सहमति और गरिमा को कमजोर करती है।

हम अक्सर 'दिव्यांग' शब्द का प्रयोग ऐसे करते हैं, जैसे यह एक समान स्थिति हो, जबकि वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, बौद्धिक दिव्यांगता, मनोसामाजिक दिव्यांगता, ऑटिज़्म और सेरेब्रल पाल्सी से जुड़ी महिलाओं की ज़रूरतें, क्षमताएं और चुनौतियां अलग-अलग होती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


खोज



# ऐसे हुई गर्म हवा के गुब्बारे की खोज


मानव की उड़ने की इच्छा जितनी पुरानी है, उतनी ही रोमांचक है गर्म हवा के गुब्बारे की कहानी। इस सपने को पहली बार वास्तविकता में बदलने का श्रेय 18 वीं शताब्दी के फ्रांस के दो भाइयों– जोसेफ और एटियेन मोंटगोल्फियर को जाता है। कागज बनाने के व्यवसाय से जुड़े ये भाई आकाश में उड़ते बादलों और धुएं को देखकर अक्सर सोचते थे कि क्या हवा की मदद से कोई वस्तु ऊपर उठ सकती है। एक दिन जोजेफ ने आग के ऊपर उठते धुएं को देखा और महसूस किया कि गर्म हवा में कोई "उठाने की शक्ति" है। इसी विचार ने उन्हें प्रयोग के लिए प्रेरित किया। 1783 में उन्होंने कागज और कपड़े से बना एक बड़ा थैला तैयार किया और उसके नीचे आग जलाकर उसमें गर्म हवा भरी। आश्चर्यजनक रूप से वह गुब्बारा ऊपर उठ गया। यह मानव इतिहास में पहली सफल गर्म हवा के गुब्बारे की उड़ान थी। बाद में, इसी वर्ष पेरिस में एक और ऐतिहासिक प्रयोग किया गया, जिसमें पहले जानवरों और फिर मनुष्यों को गुब्बारे में बैठाकर उड़ाया गया। यह घटना आधुनिक विमानन की नींव मानी जाती है।

इस आविष्कार के पीछे का विज्ञान सरल, लेकिन प्रभावशाली है। गर्म हवा ठंडी हवा की तुलना में हल्की होती है। जब गुब्बारे के अंदर की हवा गर्म की जाती है, तो उसका घनत्व कम हो जाता है। बाहर की ठंडी और भारी हवा गुब्बारे को ऊपर की ओर धकेलती है।यही सिद्धांत उत्थापन बल (Buoyancy) कहलाता है। जब तक गुब्बारे के अंदर की हवा आसपास की हवा से हल्की रहती है, तब तक गुब्बारा आकाश में तैरता रहता है। गर्म हवा का गुब्बारा केवल एक आविष्कार नहीं था, बल्कि यह मानव जिज्ञासा, प्रयोगशीलता और विज्ञान की शक्ति का प्रतीक बना। इसने यह सिद्ध कर दिया कि कल्पना और विज्ञान मिलकर असंभव को भी संभव बना सकते हैं।




### वैज्ञानिक के बारे में

जोसेफ और एटियेन मोंटगोल्फियर फ्रांस के अन्नोने (Annonay) नगर में जन्मे थे और एक कागज निर्माण करने वाले प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते थे। जोसेफ–मिशेल (1740–1810) स्वभाव से कल्पनाशील, जिज्ञासु और प्रयोगप्रिय थे। उन्हें प्राकृतिक घटनाओं को देखकर नए विचार सूझते थे। इसके विपरीत जैक्स–एटियेन (1745–1799) अधिक व्यावहारिक, अनुशासित और व्यवस्थित व्यक्तित्व के थे। उन्होंने परिवार के व्यवसाय और सार्वजनिक संबंधों को संभाला।



# जब कण टकराते हैं तब खुलते हैं ब्रह्मांड के राज

हिग्स बोसोन की खोज लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (LHC) के पहले रन में दर्ज किए गए कोलिजन डेटा से संभव हुई थी, जो 2009 के अंत से 2012 के अंत तक चला। इस खोज ने स्टैंडर्ड मॉडल के अंतिम अधूरे हिस्से को पूरा किया, लेकिन साथ ही कई नए सवाल भी खड़े कर दिए। 2015 के बसंत में व्यापक मेंटेनेंस के बाद LHC को अधिक ऊर्जा पर दोबारा शुरू किया गया। दूसरा रन इस मायने में निर्णायक है कि वह हमें हिग्स बोसोन को गहराई से समझने और स्टैंडर्ड मॉडल से आगे की भौतिकी की खोज करने का अवसर देता है।



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक


### कोलिजन की क्वांटम प्रकृति


प्रोटॉन टकराव पूरी तरह प्रेडिक्टेबल नहीं होते। क्वांटम मैकेनिक्स के अनुसार, हर कोलिजन केवल संभावनाओं का समूह होता है। स्टैंडर्ड मॉडल यह बता सकता है कि औसतन कौन-सी प्रक्रिया कितनी बार होगी, लेकिन किसी एक टकराव का परिणाम पहले से तय नहीं किया जा सकता। इसलिए दुर्लभ प्रक्रियाओं को देखने के लिए बहुत अधिक संख्या में कोलिजन आवश्यक होते हैं। यह ठीक वैसा ही है जैसे पासे की निष्पक्षता जांचने के लिए उसे बार-बार फेंकना पड़ता है।

### हिग्स बोसोन: डिके और मास मैकेनिज्म

हिग्स बोसोन का महत्व इस बात में है कि वही अन्य कणों को द्रव्यमान देता है। कोलिजन में बनने के तुरंत बाद हिग्स विभिन्न कणों में डिके (विघटन) हो जाता है। इसके डिके चैनलों की दरें संबंधित कणों के द्रव्यमान पर निर्भर करती हैं। अब तक हिग्स के फोटॉन, W और Z बोसोन में डिके स्पष्ट रूप से देखे जा चुके हैं, जबकि फर्मियॉन में मुख्यतः ताऊ लेप्टन और आंशिक रूप से बॉटम क्वार्क के प्रमाण मिले हैं। दूसरे रन का अधिक डेटा इन मापों को कहीं अधिक सटीक बना सकता है।

- **हिग्स की अन्य विशेषताएं-** दूसरे रन से हम यह भी जानना चाहेंगे कि हिग्स कितनी तेजी से डिके करता है, क्या वह वास्तव में एक फंडामेंटल कण है या उसके भीतर कोई सब-स्ट्रक्चर छिपा है और क्या हिग्स स्वयं से इंटरैक्ट करता है। हिग्स का self-interaction सीधे इस बात से जुड़ा है कि वह स्वयं अपना द्रव्यमान कैसे प्राप्त करता है। साथ ही यह संभावना भी खुली है कि एक से अधिक, भारी हिग्स बोसोन मौजूद हों।
- **उच्च ऊर्जा और नए कणों की संभावना-** दूसरे रन में टकराव की ऊर्जा पहले से अधिक है। इसका अर्थ है कि अब अधिक भारी और अब तक अनदेखे कण बनाए जा सकते हैं। उच्च ऊर्जा पर बेहतर रिजॉल्यूशन मिलता है, जिससे कणों और बलों को और बारीकी से समझा जा सकता है। यही कारण है कि भले ही स्टैंडर्ड मॉडल काफी सफल दिखता हो, वैज्ञानिक यह मानते हैं कि वह अंतिम सिद्धांत नहीं हो सकता।
- **स्टैंडर्ड मॉडल की सीमाएं-** स्टैंडर्ड मॉडल की सबसे बड़ी सीमा यह है कि उसमें गुरुत्वाकर्षण शामिल नहीं है। गुरुत्वाकर्षण को जनरल रिलेटिविटी समझाती है, जो क्वांटम सिद्धांत से अलग ढांचे में खड़ी है। इसके अलावा स्टैंडर्ड मॉडल में कई पैरामीटर और कण संरचनाएं मनमानी प्रतीत होती हैं, जैसे बोसॉन और फर्मियॉन का असंतुलन। ये संकेत देते हैं कि किसी अधिक व्यापक सिद्धांत की आवश्यकता है।
- **सुपरसिमेट्री: एक संभावित विस्तार-** स्टैंडर्ड मॉडल का एक लोकप्रिय विस्तार सुपरसिमेट्री है। यह प्रत्येक बोसोन के लिए एक फर्मियॉन पार्टनर और प्रत्येक फर्मियॉन के लिए एक बोसॉन पार्टनर प्रस्तावित करती है। इससे हिग्स, W और Z बोसोन के अपेक्षाकृत छोटे द्रव्यमान की व्याख्या संभव होती है। सुपरसिमेट्री कई नए कणों और अतिरिक्त हिग्स बोसोन की भविष्यवाणी करती है, जिनकी खोज दूसरे रन का एक बड़ा लक्ष्य है।





### LHC के प्रमुख डिटेक्टर

LHC में चार मुख्य डिटेक्टर हैं। ATLAS और CMS जनरल-पर्पस डिटेक्टर हैं और इन्हीं ने हिग्स बोसोन की खोज की थी। ALICE को भारी आयनों के टकराव के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि क्वार्क–ग्लूऑन प्लाज्मा और शुरुआती ब्रह्मांड जैसी स्थितियों का अध्ययन हो सके। LHCb बॉटम क्वार्क के डिके का अध्ययन करता है, जो दुर्लभ प्रक्रियाओं और नई भौतिकी के संकेत दे सकते हैं।

### मैटर-एंटीमैटर असमानता और डार्क मैटर

LHCb के प्रयोग CP–वायलेशन के अध्ययन के जरिए यह समझने की कोशिश करते हैं कि ब्रह्मांड में मैटर क्यों बचा और एंटीमैटर क्यों नहीं? दूसरी ओर, डार्क मैटर की समस्या भी स्टैंडर्ड मॉडल से बाहर जाती है। ब्रह्मांड के अधिकांश द्रव्यमान का निर्माण ऐसे कणों से हुआ है, जिन्हें हम अभी नहीं जानते। कई सिद्धांत मानते हैं कि डार्क मैटर कण हिग्स क्षेत्र से द्रव्यमान प्राप्त करते हैं, इसलिए हिग्स का विस्तृत अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### आगे का रास्ता

LHC का दूसरा रन केवल पहले रन की पुष्टि नहीं है, बल्कि नई खोजों का द्वार है। चाहे वह हिग्स की गहरी समझ हो, सुपरसिमेट्री की खोज, डार्क मैटर के संकेत या मैटर–एंटीमैटर असमानता की व्याख्या– दूसरा रन हमें यह जानने के और करीब लाता है कि ब्रह्मांड किससे और कैसे बना है।

जंगल की दुनिया



# ब्लू व्हिसलिंग थ्रश: पहाड़ों में बसा नीला सौंदर्य

ब्लू व्हिसलिंग थ्रश चंडीगढ़ क्षेत्र के जंगलों और वन इलाकों में पाया जाने वाला एक अत्यंत आम, लेकिन प्रभावशाली पक्षी है। सुबह और शाम के समय इसकी तेज, मानव जैसी सीटी या सींख जैसी आवाज दूर–दूर तक सुनाई देती है, जिससे यह अपनी उपस्थिति आसानी से दर्ज करा देता है। यद्यपि यह मूल रूप से एक पर्वतीय पक्षी है, लेकिन शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में बसे चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों का प्राकृतिक वातावरण इसके लिए अत्यंत अनुकूल है।


यह पक्षी गहरे नीले-काले रंग का होता है, जिसके सिर और शरीर पर चांदी जैसे नीले रंग की चमकदार धारियां दिखाई देती हैं। धूप पड़ने पर इसका रंग और भी अधिक चमकीला प्रतीत होता है। इसकी सबसे अलग पहचान इसकी चमकीली पीली चोंच है, जो इसके गहरे शरीर रंग के साथ तीव्र विरोधाभास बनाती है। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश का आकार लगभग 31 से 35 सेंटीमीटर तक होता है और इसकी मजबूत काया इसे अन्य थ्रश प्रजातियों से अलग बनाती है।

अंतर्राज्यीय चंडीगढ़ क्षेत्र (आईएससीआर) में इसे बहुत आम पक्षी माना जाता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि यह क्षेत्र चारों ओर से शिवालिक पहाड़ियों से घिरा हुआ है और यहां घने वन, प्राकृतिक नाले, झीलें और हरित पट्टियां मौजूद हैं। सुखना वन अभ्यारण्य, सारंगपुर वनस्पति उद्यान, मोरनी हिल्स और कसौली क्षेत्र इस पक्षी के प्रमुख आवास माने जाते हैं। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश का भोजन मुख्यतः कीड़े-मकोड़े, केंचुए, घोंघे, छोटे केकड़े और अन्य जलीय जीव होते हैं। इसे अक्सर पानी के किनारे चट्टानों पर उछलते-कूदते भोजन खोजते देखा जा सकता है। प्रजनन काल में यह चट्टानों की दरारों, नालों के पास या



पुराने ढांचों में घोंसला बनाता है। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश न केवल चंडीगढ़ क्षेत्र की जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह स्वच्छ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का भी संकेतक माना जाता है।

वैज्ञानिक फैक्ट



# प्राकृतिक इंजीनियरिंग का अद्भुत चमत्कार

मानव शरीर प्राकृतिक इंजीनियरिंग का एक असाधारण नमूना है, जिसकी जटिलता और दक्षता आज भी वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित करती है। शरीर के विभिन्न तंत्र आपस में इस तरह जुड़े होते हैं कि जीवन बिना किसी व्यवधान के निरंतर चलता रहता है। इनमें परिसंचरण तंत्र विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो शरीर की हर कोशिका तक जीवनदायी तत्व पहुंचाने का कार्य करता है।

क्या आप जानते हैं कि एक रक्त कोशिका को पूरे शरीर का एक चक्कर लगाने में केवल लगभग 60 सेकंड का समय लगता है? यह अविश्वसनीय रूप से तेज यात्रा जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। रक्त कोशिकाएं फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर शरीर के हर ऊतक तक पहुंचाती हैं और साथ ही पोषक तत्वों की आपूर्ति करती हैं। इसके विपरीत, वे कोशिकाओं द्वारा उत्पन्न कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस तंत्र की कार्यक्षमता इस बात का प्रमाण है कि मानव शरीर स्वयं को संतुलित रखने और निरंतर कार्यशील बनाए रखने में कितना सक्षम है। हृदय का नियमित धड़कना, रक्त वाहिकाओं का जाल और कोशिकाओं का समन्वय ये सभी मिलकर जीवन की निरंतरता सुनिश्चित करते हैं। विज्ञान का संसार वास्तव में विशाल और चमत्कारों से भरा हुआ है। यह हमें न केवल प्रकृति और शरीर की जटिल संरचनाओं को समझने का अवसर देता है, बल्कि उनके प्रति सम्मान और जिज्ञासा भी जाग्रत करता है। मानव शरीर का अध्ययन हमें यह सिखाता है कि जीवन जितना सरल दिखाई देता है, वास्तव में उतना ही गहराई से संगठित और अद्भुत है।

# एरीज के लिए खास मददगार साबित होगा अंतरिक्ष स्टेशन

पहले एस्ट्रोसेट और दूसरा आदित्य एल–1 के बाद इसरो की अंतरिक्ष में एक और लंबी छलांग की तैयारी है। इस सफलता के बाद भारत अमेरिका और चीन के समकक्ष खड़ा हो जाएगा। बात अगर उत्तराखंड की करें तो यहां नैनीताल में स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वैज्ञानिकों के लिए यह स्टेशन अंतरिक्ष के अध्ययनों में काफी मददगार साबित होगा। तकनीकी रूप से यह उन्नत होगा। इस अंतरिक्ष मिशन से जुटाए जाने वाले आंकड़े एरीज के वैज्ञानिकों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे और एरीज के लिए यह दोहरा लाभ देने वाला मिशन साबित होगा।



बबलू चंद्रा
नैनीताल

अंतरिक्ष स्टेशन अत्याधुनिक तकनीक व अत्यंत सुविधाजनक है, जो पृथ्वी की ऑर्बिट से अंतरिक्ष को चारों ओर से देख सकता है। वर्ष 2028 में प्रस्तावित यह परियोजना देश के पास चलती-फिरती प्रयोगशाला होगी, जो जमीनी दूरबीनों की तुलना में कहीं अधिक कारगर होगी। इस प्रयोगशाला के जरिए चांद, तारे, ग्रह, नक्षत्रों और सुदूर अंतरिक्ष में किसी भी दिशा को देखा जा सकता है और सटीक आंकड़े जुटाए जा सकते हैं।

एरीज सौर अध्ययन के साथ अंतरिक्ष मौसम का महत्वपूर्ण अध्ययन करता है। एरीज की वेदशाला में स्थापित सोलर टेलीस्कोप सूर्य और सोलर फ्लेयर्स पर नजर रखती है। अंतरिक्ष स्टेशन से मिले रियल टाइम डाटा से एरीज के अध्ययन में मदद मिल सकेगी। इसके अलावा एरीज की देव स्थल स्थित 3.6 मीटर की ऑप्टिकल दूरबीन है। इसके जरिए अंतरिक्ष से जुटाया गए आंकड़ों का मिलान



अंतरिक्ष स्टेशन से प्राप्त आंकड़ों से किया जा सकेगा। माइक्रोग्रैविटी में किए गए प्रयोगों के नतीजे खगोल विज्ञान, कॉस्मिक रेडिएशन और एटमॉस्फेरिक स्टडीज में मदद मिलेगी।

यह सभी एरीज के रिसर्च से जुड़े हुए महत्वपूर्ण अध्ययन क्षेत्र हैं। इसके अलावा एरीज हिमालय के वातावरण पर काम करता है, जिसे लेकर एरीज में एसटी रडार स्थापित किया गया है। अंतरिक्ष स्टेशन का एक महत्वपूर्ण कार्य जलवायु समेत हमारी वायुमंडलीय स्थिति में नजर रखना होगा लिहाजा अंतरिक्ष स्टेशन से जुटाए आंकड़ों से एरीज के वैज्ञानिकों के लिए शोध व अन्य अध्ययनों में आसानी हो जाएगी। कुल मिलाकर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन न केवल एरीज, बल्कि देश के तमाम अंतरिक्ष और जलवायु पर अध्ययन करने वाली संस्थाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे कहते हैं कि इसमें दोराय नहीं है कि देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और अभी तक विश्व में अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। अंतरिक्ष स्टेशन बेहद महत्वपूर्ण मिशन है और किसी भी देश का अंतरिक्ष से खुद के अध्ययन का सपना सच हो सकता है और इसरो भारतीय वैज्ञानिकों का यह साकार करने जा रहा है। इस मिशन की सफलता से वैज्ञानिक नभ, जल और थल पर अध्ययन कर सकेंगे। अभी तक पृथ्वी की निचली कक्षा में यूएस का इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन का तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन मौजूद है और अब भारत अंतरिक्ष स्टेशन वाला तीसरा देश बन जाएगा।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,313.93 | 25,642.80 |
| गिरावट | 503.76 | 133.20 |
| प्रतिशत में | 0.60 | 0.52 |

सोना 1,60,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,68,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### ब्रिटेन ने नीतिगत दर 3.75% पर रखा स्थिर

**लंदन।** ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर स्थिर बनाए रखने की घोषणा की। यह फैसला मुद्रास्फीति के लक्ष्य से ऊपर बने होने और आर्थिक वृद्धि में सुधार के संकेतों के बीच किया गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को स्थिर रखने का फैसला बहुमत से किया। समिति के पांच सदस्य दर अपरिवर्तित रखने के पक्ष में थे जबकि चार सदस्य इसमें 0.25 प्रतिशत की कटौती चाहते थे। ब्रिटिश केंद्रीय बैंक के गवर्नर एंड्रयू बेली ने कहा कि वसंत ऋतु तक महंगाई दर के लक्ष्य के करीब आने की उम्मीद है। यदि हालात अनुकूल रहते हैं तो इस साल दरों में और कटौती की गुंजाइश होनी चाहिए।

### एईएसएल ने लगाए एक करोड़ स्मार्ट मीटर

**नई दिल्ली।** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) एक करोड़ स्मार्ट बिजली मीटर लगाने वाली भारत और संभवतः दुनिया की पहली कंपनी बन गई है। कंपनी ने गुरुवार को दावा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में भी एक करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। एईएसएल को पांच राज्यों में कुल 2.5 करोड़ स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कंपनी का दावा है कि रोजाना 25 हजार स्मार्ट मीटर लगाने की उसकी गति उद्योग में सबसे तेज है। यह उपलब्धि कंपनी के तय लक्ष्य से काफी पहले हासिल हुई है।

### सन फार्मा 500 करोड़ में लगाएगी विनिर्माण इकाई

**गुवाहाटी।** दवा कंपनी सन फार्मा असम में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने को 500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। दवा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को मुख्य सचिव रवि कोटा के साथ बैठक में परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की थी। कोटा ने बुधवार देर रात एक्स पर लिखा, सन फार्मास्युटिकल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और असम में औषधि विनिर्माण इकाई स्थापित करने के कंपनी के प्रस्ताव की समीक्षा की। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल अवस्थी और कार्यकारी उपाध्यक्ष रंजीत मोहापात्रा ने कोटा से मुलाकात की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रस्ताव में राज्य में दवा फॉर्मुलेशन विनिर्माण इकाइयों की स्थापना शामिल है।

# अगले महीने से लागू हो सकता है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

## केंद्रीय मंत्री बोले- अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर और भारत अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर शुल्क करेगा कम

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका मार्च के मध्य तक बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके बाद अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क कम कर देगा। समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत भी अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करना शुरू करेगा। संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर एक संयुक्त बयान को चार से पांच दिन में अंतिम रूप देने और उस पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है, जिसके बाद अमेरिका द्वारा लगाया गया शुल्क घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। दोनों देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में समझौते को अंतिम रूप दिया। इसके तहत अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का पहला चरण लगभग तैयार है और हमें उम्मीद है कि अगले चार से पांच दिन में हम अमेरिका तथा भारत के बीच एक संयुक्त बयान को अंतिम रूप देकर उस पर हस्ताक्षर कर देंगे। इसके आधार पर इस साझेदारी का पहला चरण शुरू होगा। गोयल ने कहा कि औपचारिक समझौते का मसौदा तैयार हो रहा है, जिसमें एक या डेढ़ महीने लग सकता है। संभवतः औपचारिक समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर हो जाएंगे। भारतीय वस्तुओं पर कम किए गए 18% शुल्क अमेरिका के कार्यकारी आदेश से लागू होंगे, जो संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर के एक या दो दिन बाद जारी होगा। गोयल ने बताया कि इस समझौते में किसी भी प्रकार के निवेश की प्रतिबद्धता नहीं है।



- भारत-अमेरिका मार्च के मध्य तक समझौते पर कर सकते हैं हस्ताक्षर
- बीटीए का पहला चरण तैयार, संयुक्त बयान के बाद होगा शुरू

### देश को ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता

गोयल ने कहा कि भारत की जीडीपी को तेजी से आगे बढ़ा पाएंगे क्योंकि कानूनी समझौते के बाद हमें और भी रियायतें मिलेंगी। सौदे के 500 अरब अमेरिकी डॉलर के खरीद वाले हिस्से के बारे में मंत्री ने कहा कि भारत जिस तेजी से विकास कर रहा है, उसे देखते हुए देश को बड़ी मात्रा में ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता होगी। हमारी इस्पात उत्पादन क्षमता वर्तमान के 14 करोड़ टन से बढ़कर कुछ वर्षों में 30 करोड़ टन हो जाएगी। इसलिए, जब हमने अमेरिका से अपनी आवश्यकताओं का अनुमान लगाया तो हम 500 अरब डॉलर के आंकड़े पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत की विमानों की मांग, बोइंग को दिए गए और अभी दिए जाने वाले लेकिन तैयार ऑर्डर की संख्या 70-80 अरब डॉलर है। अगर इसमें इंजन और अन्य कलपुर्जे भी जोड़े जाएं तो लागत शायद 100 अरब डॉलर पहुंच जाएगी।

### भारतीय शुल्क में कमी कानूनी समझौते के बाद ही संभव : वाणिज्य सचिव

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस कानूनी समझौते से हमें अमेरिकी सामान पर शुल्क कम करने का अधिकार मिलेगा। अग्रवाल ने कहा कि भारतीय शुल्क में कमी केवल एक कानूनी समझौते के बाद ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शुल्क, एमएफएन (सबसे तरजीही राष्ट्र) शुल्क हैं जबकि अमेरिकी आयात शुल्क, कार्यकारी शुल्क है। अमेरिका- तेल, एलपीजी, एलएनजी, विमान, आईसीटी उत्पाद, लैपटॉप, स्मार्टफोन और डेटा सेंटर उपकरण जैसी सभी वस्तुएं उपलब्ध करा सकता है, जिन्हें भारत अन्य देशों से खरीद रहा है। अग्रवाल ने कहा कि पांच वर्षों में ये खरीद 2,000 अरब डॉलर की होने वाली है। अगर हम अमेरिका से 500 अरब डॉलर की खरीद कर लेते हैं तो इससे हमारी आपूर्ति शृंखला में विविधता और मजबूती ही बढ़ेगी।

### ऊर्जा गलियारा वार्ता में भारत की वृद्धि आधारित प्राथमिकताओं पर जोर

**ह्यूस्टन।** कौंसुल जनरल डीसी मंजुनाथ ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की महत्वाकांक्षा दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी है। भरोसेमंद एवं किफायती ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी उद्योग के साथ संवाद और सहयोग अहम है। ह्यूस्टन स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास (सीजीआई) ने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से ग्लोबल एनर्जी आउटलुक 2026 पर 4 फरवरी को उच्चस्तरीय अमेरिका-भारत ऊर्जा गोलमेज बैठक की। इसमें वैश्विक ऊर्जा, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कंपनियों के 30 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। इनमें एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन, हनीवेल, गेल, लार्सन एंड टुब्रो, वेदरफोर्ड, लैंजाटेक, एसएंडपी ग्लोबल, मैकिन्से और सोसाइटी ऑफ पेट्रोलियम इंजीनियर्स के प्रतिनिधि शामिल थे।

### 500 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए अमेरिका से निर्यात में करनी होगी वृद्धि

मंत्री ने कहा कि भारत में डेटा सेंटरों के लिए भारी रियायतों की घोषणा की गई है। अगर हमें डेटा केंद्रों में 100-150 अरब डॉलर का निवेश मिलता है तो हमें उन केंद्रों के लिए उपकरणों की जरूरत होगी। फरवरी, 2025 में दोनों देशों के बीच तय 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत को निश्चित रूप से अमेरिका से निर्यात और खरीद में काफी वृद्धि करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए इस समझौते के तहत जिन वस्तुओं को खरीदने का वादा किया है उनकी वर्तमान वैश्विक खरीद 300 अरब डॉलर से अधिक है।

### भारत-जीसीसी ने एफटीए वार्ता के नियम-शर्तों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और पश्चिमी एशियाई देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक बातचीत शुरू करने के लिए नियम एवं शर्तों पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए। नियम एवं शर्तों में प्रस्तावित व्यापार समझौते का दायरा और तौर-तरीके बताए गए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीसीसी के साथ बातचीत को लेकर नियम एवं शर्तों पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। जीसीसी, खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का समूह है। गोयल ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ भारतीय जीसीसी क्षेत्र में रह और काम कर रहे हैं। यह अत्यंत उचित है कि अब हम एक अधिक मजबूत और सुदृढ़ व्यापारिक व्यवस्था में प्रवेश करें जो वस्तुओं एवं सेवाओं के अधिक मुक्त प्रवाह को सक्षम बनाएगी, नीति में पूर्वानुमान तथा स्थिरता लाएगी और अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के साथ जीसीसी देशों की खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा। भारत विश्व में अनाज का एक प्रमुख उत्पादक है जबकि जीसीसी देश तेल एवं गैस के निर्यातक हैं।

# भारत ने 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट में 3.52 करोड़ डॉलर का दिया योगदान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने वर्ष 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में 3.52 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया है। इससे वह उन 47 सदस्य देशों की ऑनर रोल सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराया है। संयुक्त राष्ट्र योगदान समिति के अनुसार, तीन फरवरी 2026 तक 47 सदस्य देशों ने संयुक्त राष्ट्र के वित्तीय नियमों के तहत निर्धारित 30 दिन की अवधि के भीतर अपना पूरा नियमित बजट योगदान अदा कर दिया है। भारत ने तीन फरवरी को 2026 के संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट के लिए 3.52 करोड़ डॉलर का भुगतान किया।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने ऑनर रोल में शामिल देशों का जिक्र करते हुए भारत का नाम लिया। उन्होंने कहा कि यह वह देश है जहां दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 182 मीटर ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थित है। हां, बिल्कुल सही.. भारत। भारत लगातार उन देशों में शामिल रहा है जो संयुक्त राष्ट्र को अपना योगदान समय पर और पूर्ण रूप से अदा करते हैं।



- समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराने वाले 47 सदस्य देशों की ऑनर रोल सूची में शामिल हुआ भारत

# नये आयकर अधिनियम के फॉर्म, नियम इसी महीने होंगे अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि आयकर अधिनियम, 2025 के अप्रैल से लागू होने से पहले फरवरी में जरूरी फॉर्म और नियम अधिसूचित किए जाएंगे। इसके साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि एक फरवरी को पेश बजट में पेनाल्टी को शुल्क में बदलने, कार्यवाही को अतिरिक्त कर का भुगतान कर समाप्त करने की सुविधा, शेयर पुनर्खरीद के मामले में कर को युक्तिसंगत बनाने और टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) में कमी जैसे उपाय करदाताओं के लिए चीजों को सुगम बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर जो प्रस्ताव बजट में किए गए हैं, वे वास्तव में कानून को सरल बनाने और करदाताओं के लिए इसे आसान बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का ही एक हिस्सा हैं। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि हम फरवरी में नए आयकर फॉर्म और नियम जारी कर देंगे। नए आयकर अधिनियम, 2025 के एक अप्रैल, 2026 से लागू होने से पहले संबंधित पक्षों से इस पर सुझाव लिया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि सीबीडीटी नए कानून पर बार-बार पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) और एक प्रस्तुति तैयार करने पर भी काम कर रहा है। यह नए अधिनियम के लागू होने के साथ जनता के लिए उपलब्ध होगी ताकि उन्हें चीजों को समझने में आसानी हो।



- सीबीडीटी प्रमुख बोले- साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी की जाएगी जारी

### मुकदमेबाजी की समस्या का भी होगा समाधान

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पिछले साल पूरा जोर (आयकर अधिनियम की) भाषा को सरल बनाने पर था और नए कानून को इस तरह से लाने पर था कि करदाता इसे आसानी से पढ़ और समझ सकें। इस प्रक्रिया के माध्यम से हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चीजों की कई तरह से व्याख्या न हो। इससे परोक्ष रूप से मुकदमेबाजी की समस्या का भी समाधान होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए उस समय प्रक्रियाओं में बदलाव करने का प्रयास नहीं किया गया था लेकिन हमेशा यही मत था कि हम आगे प्रक्रियाओं पर इस तरह से विचार करेंगे जिससे चीजों में और स्पष्टता आए। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू होने से पहले, इस दिशा में दूसरा कदम (बजट में) उठाया गया है।



# सुपरटेक की 16 परियोजनाएं पूरा करे एनबीसीसी

## उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण के आदेश को रखा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

एक दशक से अपने घर की बाट जोह रहे हजारों खरीदारों को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) के उस आदेश को गुरुवार को बरकरार रखा, जिसमें सरकारी स्वामित्व वाली एनबीसीसी को कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक लिमिटेड की 16 आवासीय परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने सभी अधिकरणों और उच्च न्यायालयों को यह आदेश दिया है कि वे ऐसा कोई भी आदेश न दें, जिससे एनबीसीसी कंपनी के निर्माण काम रुक जाएं।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अपनी असाधारण शक्ति का प्रयोग करते हुए एनसीएलएटी के 12 दिसंबर, 2024 के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें एनबीसीसी को घर खरीदारों के हित में परियोजनाओं को अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा कि कई घर खरीदारों के अनुसार, सुपरटेक ने 2010-12 के दौरान 51,000 घरों की बुकिंग की थी। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी के वित्तीय और परिचालन लेनदारों के ब्याज और बकाया का निपटारा तब ही किया जा सकता है जब घर खरीदारों को पूरी तरह से तैयार मकान सौंप दिए जाएं। पीठ ने कहा कि मकानों में पानी, बिजली, सीवेज कनेक्शन जैसी सभी सुनिश्चित सुविधाएं होनी चाहिए, साथ ही आस-पास सड़कें और पार्क भी होने चाहिए। सुपरटेक के वित्तीय और परिचालन लेनदारों को राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) और एनसीएलएटी द्वारा न्यायसंगत पाए गए नुकसान को स्वीकार करना होगा। पीठ ने निर्देश दिया कि एनबीसीसी परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करे और एनसीएलएटी द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति उसे आवश्यक सहयोग प्रदान करे। पीठ ने कहा कि यदि परियोजनाओं में कोई बाधा आती है, तो संबंधित पक्ष उच्चतम न्यायालय में अपील कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने 21 फरवरी 2025 को सुपरटेक की 16 आवासीय परियोजनाओं को लगभग 9,500 करोड़ रुपये की लागत पर पूरा करने के लिए एनबीसीसी को परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त करने के आदेश पर रोक लगाई थी।



- अधिकरणों और उच्च न्यायालयों से कहा- ऐसा आदेश न दें, जिससे एनबीसीसी के निर्माण काम रुकें

### आदेश में संशोधन, अनुराग बीसीसीआई की गतिविधियों में भाग लेने को स्वतंत्र

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को गुरुवार को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने जनवरी 2017 के उस आदेश में संशोधन किया, जिसमें उन्हें बोर्ड के मामलों से प्रतिबंधित किया गया था। साथ ही न्यायालय ने बोर्ड के साथ उनके जुड़ाव के लिए रास्ता साफ कर दिया। न्यायालय ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर, नियमों और विनियमों के अनुरूप बीसीसीआई से संबंधित मामलों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं। शीर्ष अदालत ने दो जनवरी, 2017 को बीसीसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष ठाकुर को निर्देश दिया था कि वह तुरंत बोर्ड के कामकाज से खुद को अलग कर लें और उससे संबंध न रखें। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 2017 के आदेश में संशोधन संबंधी ठाकुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करते हुए गुरुवार को संबंधित आदेश में संशोधन किया।

### मुफ्त उपहार के चुनावी वादों के खिलाफ याचिका पर होगी सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने अतार्किक मुफ्त उपहार की चुनावी घोषणा या वादा करने वाली किसी राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त करने अथवा उसका पंजीकरण रद्द करने के निर्देश संबंधी जनहित याचिका को सुनवाई के लिए मार्च में सूचीबद्ध करने पर गुरुवार को सहमति जताई। याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को बताया कि उनकी याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग को 2022 में ही नोटिस जारी किए गए थे और उन्होंने न्यायालय से मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। वकील ने कहा कि सूरज और चांद को छोड़कर चुनाव के दौरान राजनीतिक दल मतदाताओं से हर चीज का वादा करते हैं और यह भ्रष्टाचार का उदाहरण है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। कृपया हमें याद दिलाएं और अंत में इसका विशेष उल्लेख करें। हम इसे मार्च में सूचीबद्ध करेंगे।

### बच्चों को दूषित रक्त चढ़ाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस को पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में बच्चों को कथित दूषित रक्त चढ़ाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत दीपक हेमब्रम नाम के व्यक्ति द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हेमब्रम ने याचिका में दावा किया कि उनके तमाम प्रयासों के बावजूद पुलिस ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की।

हाईकोर्ट ने चाईबासा के सदर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को प्राथमिकी दर्ज करने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इससे पहले, अदालत की खंडपीठ ने रक्त आधान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का पालन न करने के लिए राज्य सरकार को फटकार लगाई थी, जिसके कारण कथित तौर पर झारखंड में पांच बच्चों में एचआईवी संक्रमण हुआ था। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका पर सुनवाई की।

# भूमि देने में आपत्ति नहीं पर बीएसएफ अधिकार क्षेत्र नियम वापस लें केंद्र : ममता

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि देने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन केंद्र को पहले राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने फैसले को रद्द करना होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र व भाजपा द्वारा राज्य सरकार पर सीमा बाड़ लगाने में बाधा डालने के आरोपों को खारिज किया।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ सहित सभी केंद्रीय एजेंसियों को पहले ही भूमि आवंटित की जा चुकी है। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा, ''''भूमि कोई समस्या नहीं होगी। आपको भूमि मिल जाएगी, लेकिन पहले बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने नियम को बदलें। बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पूरा आंकड़ा नहीं दे रहे हैं कि राज्य ने कितनी जमीन पहले आवंटित की है। रेलवे से लेकर रक्षा प्रतिष्ठानों तक सभी केंद्रीय एजेंसियों को भूमि दी जा चुकी है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने पलटवार किया कि घुसपैठ से बंगाल में जनसांख्यिकीय बदलाव हो रहा है और दावा किया कि केंद्र ने बाड़ लगाने को कई बार जमीन मांगी, लेकिन वह उपलब्ध नहीं कराई गई। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने कई गृह मंत्री देखे हैं और उन्हें शासन का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है।



- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र सरकार के आरोपों को किया खारिज

### वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार करे केंद्र सरकार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किया गया अंतरिम बजट जनहितैषी है और यह वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। बनर्जी ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि बंगाल के बजट की तुलना में केंद्र सरकार का बजट दिशाहीन और सिद्धांतविहीन है। मुख्यमंत्री ने बजट के बाद कहा कि केंद्र द्वारा लगातार वित्तीय अभाव के बावजूद राज्य सरकार ने आम लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल ने सामाजिक कल्याण के उपायों का विस्तार जारी रखते हुए अपने वित्त का विवेकपूर्ण प्रबंधन किया है।

### विस में पेश हुआ 4.06 लाख करोड़ का बजट

बंगाल सरकार ने विधानसभा में 2026-27 के लिए 4.06 लाख करोड़ का अंतरिम बजट बृहस्पतिवार को पेश किया। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं, युवाओं एवं अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को लक्षित करते हुए नकद सहायता एवं भत्ते में वृद्धि के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। राज्य की आधी आबादी महिलाओं की है, जो चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की सबसे भरोसेमंद वोट बैंक बनकर उभरी हैं। इन महिलाओं के लिए राज्य सरकार ने इस साल फरवरी से लक्ष्मीर भंडार योजना में मासिक अनुदान में 500 रुपये की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है।

# न्यायाधीशों की नियुक्तियों से जुड़ी एमओपी में संशोधन पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने राज्यसभा को बताया कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़ी ज्ञापन प्रक्रिया (मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर ... एमओपी) को संशोधित करने की प्रक्रिया पर विचार जारी है और इसके पूरा होने के बाद ही आगे के कदम उठाए जाएंगे। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल गुरुवार को उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की स्थापना करने और इसके स्वरूप को लेकर भी परामर्श जारी है।

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने पूरक प्रश्न के तहत जानना चाहा कि क्या सरकार न्यायिक सुधार ला रही है और क्या राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को फिर से लाया जाएगा? इस पर मेघवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि एनजेएसी विधेयक संसद द्वारा पारित किया गया था, लेकिन बाद में इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई और इसे निरस्त कर दिया गया। मेघवाल ने सदन को बताया कि इसके बाद एमओपी को संशोधित करने की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है और यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा। देश में राष्ट्रीय न्यायिक सेवा शुरू किए जाने से संबंधित अन्य प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 312 में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का प्रावधान है और इस मुद्दे पर न्यायाधीशों के सम्मेलनों में भी कई बार चर्चा हो चुकी है। यह मुद्दा उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। इसे किस स्वरूप में लाया जाए, इस पर परामर्श चल रहा है। यह मामला विचाराधीन है। विधि मंत्री ने कहा कि हमारे लोकतंत्र में न्यायपालिका शासन व्यवस्था का एक स्वतंत्र अंग है और सभी मुद्दों से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम न्यायपालिका के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि न्यायाधीशों को ऐसा अनुकूल वातावरण मिले, जिससे वे जनता को न्याय प्रदान कर सकें।

मंत्री ने कहा कि लंबित मामलों का निपटारा करना न्यायपालिका का अधिकार क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निचली अदालतों की संख्या बढ़ाने में सहायता की है। मेघवाल ने बताया कि 2014 में जिला एवं सत्र अदालतों में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 19,518 थी और इसके बाद हमने 6,376 पद जोड़े।



- विधि एवं न्याय राज्य मंत्री मेघवाल बोले एनजेएसी विधेयक संसद में हुआ था पारित उच्चतम न्यायालय ने इसे किया निरस्त

### इंदौर शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र की आत्महत्या, परिजनों का रैगिंग का आरोप

इंदौर (मप्र)। इंदौर के शासकीय महाविद्यालय के छात्रावास में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र की खुदकुशी के बाद उसके परिजनों ने गुरुवार को आरोप लगाया कि संस्थान में उसकी रैगिंग की जाती थी और उसे परेशान किया जाता था। छात्र के परिजनों ने उसकी मौत के मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। पुलिस के मुताबिक शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र अंतरिक्ष अग्रवाल (20) का शव दो फरवरी को संस्थान के छात्रावास में उसके कमरे में पंखे से बंधे फंदे से लटका मिला था। अंतरिक्ष के पिता पंकज अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय में रैगिंग और बुलिंग (परेशान किए जाने) के बाद मेरा बेटा अंदर से टूट गया था। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) तुषार सिंह परिजनों ने रैगिंग और बुलिंग को लेकर शिकायत नहीं की थी।

### कुकी संगठनों ने समुदाय के विधायकों को मणिपुर में सरकार गठन से दूरी बनाए रखने को कहा

इंफाल। मणिपुर के कई कुकी संगठनों ने अपने समुदाय के विधायकों को राज्य में सरकार गठन की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेने की चेतावनी दी है। साथ ही चुराचांदपुर में पूर्ण बंद और कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान भी किया गया है। भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यह पदभार भाजपा नेता एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के एक वर्ष बाद संभाला। राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच महीनों तक चली जातीय हिंसा के बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट विधायक एल. दिखो ने मणिपुर के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### श्रीलंकाई मछुआरों पर हमले के आरोपों को भारत ने खारिज किया

**कोलंबो।** कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को भारतीय तटरक्षक बल की ओर से श्रीलंकाई मछुआरों के एक समूह पर हमलों का खंडन किया। भारतीय उच्चायोग ने कहा, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि भारतीय नौसेना या भारतीय तटरक्षक बल के किसी भी कर्मी ने ऐसा कोई हमला नहीं किया था। कहा गया है, भारत ने लगातार यह बात कही है कि मछुआरों की आजीविका संबंधी चिंताओं के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्री रामलिंगम चंद्रशेखरन ने दो फरवरी को कहा था कि इस घटना को लेकर भारत सरकार के समक्ष विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### नाइजीरिया में इस्लामिक आतंकियों के हमले में 162 की मौत

**सोकोतो।** पश्चिमी नाइजीरिया के दो गांवों पर हथियारबंद चरमपंथियों के हमले में 162 लोग मारे गए। क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद मोहम्मद उमर बायो ने बताया कि मंगलवार शाम को क्वारा राज्य के वोरो और नुकु गांवों को निशाना बनाकर हमले किए गए। यह हमला नाइजीरिया में हाल के महीनों में हथियारबंद चरमपंथियों के सबसे घातक हमलों में से एक है। बायो ने कहा कि ये हमले इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकवादी संगठन लकुरावा द्वारा किए गए हैं। हालांकि इन हमलों की जिम्मेदारी अब तक किसी ने नहीं ली है। क्वारा राज्य में रेड क्रॉस के सचिव अयोदेजी इमैनुअल बाबाओमो ने कहा कि संगठन उन सुदूर स्थानों पर पहुंचने में असमर्थ रहा है जहां कई लोग मारे गए।

### अमेरिका के हमले की वेनेजुएला ने शुरू कराई जांच

**काराकास।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैद्रीनो लोपेज ने कहा है कि प्रशासन अमेरिका के तीन जनवरी के सैन्य अभियान से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रहा है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया था। लोपेज ने अपने बयान में यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जांच किस तरह या किस स्तर की है, हालांकि इशारा किया कि इस जांच से देश को सेना की बदलाव योजना को समझने, उसका आंकलन करने और उसमें जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सैन्य अभियान में बेहद उच्च गुणवत्ता की तकनीक का इस्तेमाल हुआ था।

# पांच तेजस भारतीय वायुसेना को सौंपे जाने के लिए तैयार



- एचएएल ने कहा- नौ और विमान बन चुके, इंजन मिलने का इंतजार

**नई दिल्ली।** सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि पांच तेजस हल्के लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना को सौंपने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2021 में वायु सेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान खरीदने के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का करार किया था। हालांकि जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति न होने की वजह से इन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में देरी हो रही है।

एचएएल की प्रवक्ता ने बताया, पांच विमान आपूर्ति के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जिनमें अनुबंधित विशिष्टताओं के अनुसार प्रमुख क्षमताएं शामिल हैं। उन्होंने बताया, नौ अतिरिक्त विमान पहले ही बनकर तैयार हो चुके हैं और उनका परीक्षण भी हो चुका है। जीई से इंजन मिलते ही ये आपूर्ति के लिए तैयार हो जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि डिजाइन और विकास संबंधी सभी समस्याओं का तेजी से समाधान किया जा रहा है। तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई वातावरण में अपने मिशन को अंजाम देने में सक्षम है।

## मोबाइल में छिपा जानलेवा खतरा

# ऑनलाइन गेम के टास्क



गाजियाबाद में तीन बहनों के नौंवी मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने की घटना टास्क बेस्ड ऑनलाइन के खतरों को एक बार फिर उजागर किया है। हर फोन में छिपे इस खतरे की शुरुआत 1970 के दशक में पैकेट आधारित कंप्यूटर नेटवर्किंग से हुई थी। 1978 में रॉय टुबशॉ और रिचर्ड बार्टल ने दुनिया का पहला टेक्स्ट आधारित मल्टीप्लेयर एडवेंचर गेम बनाया जिसमें खिलाड़ी टास्क पूरे करते हुए एक काल्पनिक दुनिया में रहते थे। इंटरनेट आने के बाद 1993 में टास्क बेस्ड गेम्स का तेज विकास शुरू हुआ। 1997 में अल्टिमा ऑनलाइन और 1999 में एवरक्वेस्ट जैसे गेम्स ने जैसे आधुनिक टास्क बेस्ड फॉर्मेट को लोकप्रिय बनाया। एप्पल के एप स्टोर और गूगल प्ले स्टोर की शुरुआत के बाद टास्क बेस्ड गेम्स हर व्यक्ति तक पहुंच गए।

### क्यों खतरनाक

- टास्क पूरा करने पर नकली प्रशंसा से मस्तिष्क में डोपामाइन रिलीज होता है, और कठिन टास्क के लिए उत्साह बढ़ता है।
- रोमांच व जोखिम लेने की प्रवृत्ति का लाभ उठाकर किशोरों को आत्मविनाशकारी कार्यों में उलझाते हैं।
- बच्चों के अकेलेपन का फायदा उठाकर उन्हें वर्चुअल चैलेंज के जरिए झूठी अहमियत का एहसास कराते हैं।

### दुनिया में लोकप्रियता चरम पर

- वैश्विक ऑनलाइन गेमिंग मार्केट 2024 में लगभग 152 बिलियन डॉलर का था जो 2025 में 188 बिलियन डॉलर से आगे निकल गया।
- दुनिया भर में यह गेम खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ते हुए अनुमानित तौर पर अब लगभग 3 .6 बिलियन हो गई है।
- गेमिंग मार्केट में एशिया पैसिफिक क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 50% है जिसमें खासकर चीन, दक्षिण कोरिया और भारत का दबदबा है।

### खतरनाक होने के कारण

- ये गेम्स खिलाड़ियों को भावनात्मक रूप से कमजोर बनाकर उन्हें आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने जैसे घातक कदमों की ओर ले जाते हैं।
- दिए जाने वाले टास्क को गुप्त रखने के निर्देश दिए जाते हैं, जिससे खिलाड़ी अपनों से कट जाता है और डर या दबाव में खतरनाक काम करता है।
- टास्क के दौरान मांगे गए निजी फोटो या वीडियो का उपयोग ब्लैकमेलिंग या और ज्यादा जोखिम भरे काम के लिए मजबूर करने में किया जाता है।

### अत्यधिक एडिक्शन के कारण

- गेम्स को मनोवैज्ञानिक रूप से इस तरह बनाया जाता है ताकि खिलाड़ी उसे घंटों तक बिना ब्रेक के खेलता रहे।
- दोस्तों या परिवार से कम जुड़ाव होने पर ज्यादातर बच्चे ऑनलाइन समुदायों को ही अपना सहारा मान लेते हैं।
- टास्क पूरा करने पर मिलने वाली सफलता जीवन की चुनौतियों से बचने का आसान रास्ता बन जाती है।
- बार-बार गेम खेलने से मस्तिष्क के रिवॉर्ड सेंटर में बदलाव आते हैं, जो नशे की लत के समान होते हैं।

### दुर्घटनाएं रोकने के वैश्विक कदम

- दुनिया के कई देशों की सरकारें अब यूनिसेफ के दिशा-निर्देशों और ऑनलाइन सुरक्षा कानूनों के जरिए प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी बढ़ा रही हैं।
- डिवाइस और गेमिंग प्लेटफॉर्म्स पर स्क्रीन टाइम सीमित करने और कंटेंट फिल्टर करने के लिए अब उन्नत किस्म के टूल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- यूनिसेफ जैसे संगठन स्कूलों व समुदायों में डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। इसका सकारात्मक असर दिख रहा है।
- गेमिंग एडिक्शन को अब एक मानसिक विकार मानकर इसके उपचार के लिए विशेष काउंसलिंग और डिजिटल डिटॉक्स केंद्र खोलने की शुरुआत की गई है।

# एआई से नौकरियां बचाने के लिए दक्षिण कोरिया की संसद में लाया गया विधेयक

## मानवीय श्रमिकों का खात्मा होने की आशंका में पहल, राष्ट्रीय एआई रणनीति बनेगी

**सोल, एजेंसी**

भारी उद्योग और उच्च तकनीक वाले विनिर्माण क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देश दक्षिणी कोरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण नौकरियों के नुकसान से श्रमिकों को बचाने के लिए विधेयक पेश किया गया है। यह विधेयक उन बढ़ती चिंताओं के बीच आया है कि एआई मानवीय श्रमिकों खत्म कर देगा। इस विधेयक के तहत एक राष्ट्रीय एआई रणनीति का निर्माण किया जाएगा जो श्रमिकों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ उन्हें बदलते बाजार के अनुसार ढलने के लिए सहायता भी उपलब्ध कराएगा।

विपक्षी पीपुल पावर पार्टी के प्रतिनिधि चोई यून सोक और 10 अन्य सांसदों ने इस विधेयक को संसद में प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में एआई और रोबोटिक्स तेजी से उन्नत हुए हैं और उन्होंने न सिर्फ सरल बल्कि कुशल पेशेवरों की भी जगह लेना शुरू कर दिया है, जिसकी वजह से पूरे समाज में रोजगार की असुरक्षा फैल रही है। कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में भी बहुत सारी स्वचालित ऑर्डरिंग मशीनें काम संभालने लगी हैं और इस वजह से लोग अपनी नौकरियां खो रहे हैं। चिंता जताई गई है कि यदि नौकरियां अचानक एक साथ गायब हो जाती हैं तो यह एक सामाजिक समस्या में तब्दील हो सकती है।



### हुंडई में रोबोटों की तैनाती की योजना से जागी चिंता

हुंडई मोटर ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह 2028 तक एक नए अमेरिकी संयंत्र में एटलस ह्यूमनॉइड रोबोट का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने और धीरे-धीरे उन्हें अपनी असेंबली लाइनों में तैनात करने की योजना बना रही है। कंपनी इस परियोजना को अपने 'फिजिकल एआई' के रूप में प्रचारित कर रही है, जिसमें एआई नियंत्रित औद्योगिक मशीनें जोखिम भरे या नीरस कार्यों को संभालने के लिए मनुष्यों के साथ या उनके स्थान पर काम करेंगी। हुंडई मोटर के मजदूर संघ ने इस योजना का कड़ा विरोध किया है। हालांकि, राष्ट्रपति ली जे मायुंग ने तकनीकी परिवर्तन के प्रतिरोध को खारिज करते हुए कहा है कि लोगों को नए समाज (एआई) के साथ तेजी से तालमेल बिठाना होगा।

- उद्योग विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रत्येक एटलस रोबोट के लिए वार्षिक रखरखाव लागत लगभग 1.4 करोड़ वोन (9700 डॉलर) है, जो लगभग 24 घंटे काम कर सकता है, जबकि एक कर्मचारी पर कंपनी को प्रति वर्ष लगभग 13 करोड़ वोन का खर्च आता है।

विधेयक का उद्देश्य एआई के इस युग में रोजगार के मुद्दों से निपटने के लिए राज्य की नीतियों को स्पष्ट करना है ताकि लोगों के अधिकारों को संरक्षित रखने के साथ गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। चोई के करीबी सूत्र ने गुरुवार को द कोरिया टाइम्स को बताया कि यह कोई ऐसा कानून नहीं है जिसे अभी तैयार किया गया है। इसे लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीम कई वर्षों से एआई और स्वचालन के प्रभाव पर नजर रख रही है।

### संयुक्त राष्ट्र में एआई पर बनी वैज्ञानिक समिति में प्रो. बालारमन रविंद्रन भी



**संयुक्त राष्ट्र।** आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर बालारमन रविंद्रन को एआई पर गठित नए स्वतंत्र वैज्ञानिक पैनल में सेवा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की ओर से अनुशंसित 40 वैश्विक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के समूह में शामिल किया गया है। गुतारेस ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सामने एआई पर नए स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समिति में नियुक्ति के वास्ते प्रत्येक क्षेत्र से 40 प्रतिष्ठित व्यक्तियों की सूची प्रस्तुत की। रविंद्रन आईआईटी मद्रास में डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग (डीएसएआई), वधवानी स्कूल ऑफ डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (डब्ल्यूएसएआई), रॉबर्ट बॉश सेंटर फॉर डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आरबीसीडीएसएआई) और सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल एआई (सीईआरएआई) के प्रमुख हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स, एमहर्स्ट से पीएचडी और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु से मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

# न्यू स्टार्ट संधि खत्म... रूस-अमेरिका के परमाणु जखीरे पर अब रोक नहीं

**मॉस्को, एजेंसी**

- रूस की संधि को एक साल और बढ़ाने की पेशकश ट्रंप ने ठुकराई
- अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए जताई जाने लगी गंभीर चिंता

रूस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे मॉस्को और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों से जुड़े आखिरी बचे समझौते के खत्म होने का दुख है। 'न्यू स्टार्ट' नामक इस संधि के समाप्त होने के साथ ही आधी सदी से ज्यादा समय में पहली बार ऐसा है कि दोनों सबसे बड़ी शक्तियों के परमाणु हथियारों के जखीरों पर कोई रोक नहीं रहेगी। इसके चलते अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए जताई जाने लगी गंभीर चिंता जताई जाने लगी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ''न्यू स्टार्ट'' संधि खत्म होने से परमाणु हथियारों की बिना रोकटोक वाली होड़ शुरू हो सकती है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले साल घोषणा की थी कि अगर वॉशिंगटन भी ऐसा करता है तो वह एक और साल के लिए संधि की सीमाओं का पालन करने के लिए तैयार हैं लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संधि की समयसीमा बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को कहा था कि ट्रंप ने यह साफ कर दिया है कि 21वीं सदी में सही मायने में हथियारों पर नियंत्रण करने के लिए ऐसा कुछ भी करना तब तक नामुमकिन है जब तक कि इसमें चीन शामिल न हो, क्योंकि उसके पास बहुत बड़ा और तेजी से बढ़ता हथियारों का जखीरा है।

'न्यू स्टार्ट' संधि पर 2010 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनके रूसी समकक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने हस्ताक्षर किए थे। संधि के तहत दोनों पक्षों को 700 से ज्यादा मिसाइलों और 1,550 से ज्यादा ऐसे परमाणु हथियार को रखने से रोक दिया गया था, जो तैनाती और इस्तेमाल के लिए तैयार हों। इस संधि को मूल रूप से 2021 में खत्म होना था, लेकिन इसे पांच और सालों के लिए बढ़ा दिया गया था। न्यू स्टार्ट संधि खत्म होने के बाद दुनिया में परमाणु हथियारों की होड़ बढ़ने की आशंका जताई जाने लगी है।



### अमेरिका और रूस सैन्य स्तर पर संवाद को सहमत

**कीव।** रूस और अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की अबू धाबी में बृहस्पतिवार को हुई बैठक में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता बहाल करने पर सहमति बनी। अमेरिका के यूरोपीय कमान ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि यह समझौता अमेरिकी यूरोपीय कमान के कमांडर जनरल एलेक्सस ग्रिनकेविच और वरिष्ठ रूसी और यूक्रेनी सैन्य अधिकारियों के बीच हुई बैठकों के बाद हुआ। ग्रिनकेविच नाटो के सर्वोच्च सहयोगी कमांडर यूरोप भी हैं। कहा गया है कि यह पहल स्थाई शांति की दिशा में काम करने वाले पक्षों के बीच निरंतर सैन्य संपर्क का मंच प्रदान करेगी।

# भारत की अवैध फार्मेसियों के 200 वेबसाइट डोमेन अमेरिका में जब्त

**न्यूयार्क, एजेंसी**

- बिना प्रिस्क्रिप्शन दवाएं, छह लोगों की मौत के बाद उठाया कदम

अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने भारत स्थित एक अंतरराष्ट्रीय अपराध संगठन से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए हैं। अवैध ऑनलाइन फार्मेसियां चलाने वाला ये गिरोह छह से ज्यादा लोगों की मौत और चार लोगों पर ओवरडोज के दुष्परिणामों का कारण बना है जिसके बाद यह कदम उठाया गया है।

अमेरिका की मादक पदार्थ रोधी एजेंसी डीईए ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि देश भर में उसके कार्यालयों की ओर से की गई कई कार्रवाइयों में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। डीईए ने न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के सहयोग से बताया कि 'ऑपरेशन मेल्टडाउन' के तहत अमेरिका में सक्रिय भारत स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए गए हैं।

डीईए के अनुसार, जांच में पाया गया कि इन ऑनलाइन फार्मेसियों के संचालक और उनके सहयोगी बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के अमेरिका भर में ग्राहकों को अवैध रूप से दवाइयां पहुंचा रहे थे। जांच के दौरान डीईए ने हजारों ऐसे ग्राहकों की पहचान की जिन्होंने इन ऑनलाइन फार्मेसियों से दवाएं खरीदी थीं।

## गाजा में इजराइल के हमले में 24 की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इजराइली गोलीबारी में 24 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इजराइल का कहना है कि आतंकियों की तरफ से की गई गोलीबारी में एक सैनिक के गंभीर घायल होने के बाद उसने जवाबी कार्रवाई की।

इजराइल ने यह भी कहा कि उसकी कार्रवाई में तीन शीर्ष चरमपंथी और कुछ ऐसे लोग मारे गए जो उसकी सेना के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। इजराइल ने घातक हमले कर 10 अक्टूबर से लागू युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन किया है। फिलिस्तीनियों की बढ़ती मौतों के बीच गाजा के लोगों का कहना है कि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है मानो युद्ध थमा ही नहीं है।

# एप्स्टीन प्रकरण पर केअर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में

## बाल यौन अपराधी से संबंध रखने वाले मैंडलसन को अमेरिका में राजदूत बनाने पर घिरे

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से कभी नहीं मिले, लेकिन दुनियाभर की नामचीन हस्तियों से एप्स्टीन के संबंध सार्वजनिक होने के बाद स्टार्मर की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है। ब्रिटेन के पूर्व राजकुमार एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर और अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत रहे पीटर मैंडलसन पर पहले ही एप्स्टीन से दोस्ती की गाज गिर चुकी है।

स्टार्मर ने एप्स्टीन से दोस्ती की बात सामने आने के बाद मैंडलसन को पद से हटा दिया था। अब नए खुलासे होने के बाद स्टार्मर की मध्यमार्गी-वामपंथी सरकार पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्टार्मर साल 2024 में एप्स्टीन से संबंध होने के बावजूद लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता मैंडलसन की नियुक्ति के अपने फैसले को लेकर सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के अंदर बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। हाल ही में जारी हुए



दस्तावेजों में दोनों के करीबी संबंध होने की बात सामने आने के बाद ब्रिटेन की राजनीति में तहलका मच गया।

राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस प्रकरण को लेकर स्टार्मर को प्रधानमंत्री पद से हटना पड़ सकता है। मैनचेस्टर विश्वविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर रॉब फोर्ड ने कहा, वह फिलहाल मुश्किलों में घिरे हुए हैं। आज नहीं तो कल उनकी सरकार गिर सकती है। उनकी प्रतिष्ठा को तगड़ी ठेस पहुंची है। लेबर पार्टी की सांसद पाउला बार्कर ने कहा कि प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा।

### माफी मांगी, एप्स्टीन के अपराधों के शिकार लोगों से कहा- मैंडलसन ने झूठ बोला

**लंदन।** स्टार्मर ने यौन अपराधी एप्स्टीन से संबंध रखने वाले पीटर मैंडलसन को अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत नियुक्त करने के लिए एप्स्टीन के अपराधों के शिकार लोगों से माफी मांगी है। कहा, मैंडलसन ने झूठ बोला था और एप्स्टीन को ऐसे व्यक्ति के रूप में पेश किया, जिसे वह मुश्किल से जानते थे। स्टार्मर ने पीड़ितों से कहा, आपके साथ जो हुआ, मैं उसके लिए माफी मांगता हूं। इस बात के लिए माफी मांगता हूं कि ताकतवर लोगों ने आपका उत्पीड़न किया। मैंडलसन के झूठ पर यकीन करने और उन्हें नियुक्त करने के लिए माफी मांगता हूं। इस बात के लिए माफी मांगता हूं कि आपको यह सबकुछ फिर से सार्वजनिक होते हुए देखना पड़ रहा है।

## मुझे एपस्टीन के साथ बिताए हर मिनट पर पछतावा: बिल गेट्स

**न्यूयॉर्क।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ बिताए गए समय पर गहरा खेद व्यक्त किया है। बुधवार को एक साक्षात्कार में गेट्स ने कहा कि उन्हें एपस्टीन के साथ बिताए गए हर मिनट पर पछतावा है।

साल 2013 के एक ड्राफ्ट ईमेल में एपस्टीन ने दावा किया था कि उसने गेट्स को ड्रग्स उपलब्ध कराने और उनके विवाहेतर संबंधों को छिपाने में मदद की थी। यह मेल कभी भेजा ही नहीं गया। गेट्स ने इन दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा, स्पष्ट रूप से जेफरी ने खुद को एक ईमेल लिखा था जो कभी भेजा नहीं गया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 7 फरवरी 01.18 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**- हस्त 7 फरवरी 00 .23 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष**: आज कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। रुके हुए कार्य शुरू हो जाएंगे। घरेलू कार्यों को लेकर अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा। नसों में खिंचाव की समस्या हो सकती हैं।

**वृष**: आज का दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। विद्यार्थियों को योजना बनाकर अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों के करियर और शिक्षा को लेकर परेशानी दूर होगी।

**मिथुन**: आज बाहरी व्यक्तियों से अधिक बातें शेयर न करें। परिवार और संबंधियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यायाम करने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। ऐसा कोई काम न करें, जो दूसरों के लिए असुविधाजनक हो।

**कर्क**: आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णयों की परीक्षा हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। दिखावे व शौक में धन खर्च हो सकता है। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**सिंह**: आज नई जॉब मिलने की संभावना बन सकती है। किसी मित्र की सहायता से आपको अच्छा लाभ प्राप्त होगा। घर का माहौल काफी खुशनुमा रहेगा। अपनी मन :स्थिति को मजबूत बनाए रखें। आपकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

**कन्या**: आज दिन भर काफी भागदौड़ व व्यस्तता रहेगी। संपत्ति खरीदने के लिए दिन बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारी वर्ग के सहयोग से कठिन कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। आपके सपने साकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। व्यापार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला**: आज भावुक होने के कारण अच्छी बातें भी आपको बुरी लग सकती हैं। सामाजिक स्तर पर लोगों के बीच पहचान बढ़ेगी। अपने व्यवहार को सहज और धैर्यवान बनाकर रखें। कारोबार में परेशानी होने की आशंका है।

**वृश्चिक**: आज खोया हुआ बहुमूल्य सामान या धन वापस मिल सकता है। धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों से आप जुड़ सकते हैं। पति-पत्नी को आपस में बात अवश्य करनी चाहिए। मन में नकारात्मक विचार आ सकते हैं। किसी पर भी आंख-मूंदकर भरोसा न करें।

**धनु**: आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में आपको सफलता मिल सकती है। मनोनुकूल कार्यों को आप अत्यधिक समय देंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में टीम बनाकर काम करने से आपको लाभ होगा।

**मकर**: आज अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। जिम्मेदारी वाले कार्यों में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। काफी अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अत्यधिक काम के साथ आपको भरपूर आराम भी करना चाहिए।

**कुंभ**: आज व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बाजार में आपकी छवि अच्छी रहेगी। प्रेमीजन से अपने मन की बात कर सकते हैं, लेकिन वो आपकी बातों को अधिक महत्व नहीं देगा। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है।

**मीन**: आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक साथ पूर्ण करने में सफल रहेंगे। परिवार के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। लोगों के चहेते बने रहेंगे। विरोधी और आलोचक आपके सामने टिक नहीं पाएंगे।

## सुडोकू -53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 3 | | |
| 8 | | | 2 | | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 1 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 9 | 4 | | | | 7 | | | 2 |
| | | 6 | | 9 | | | 8 | |

### सुडोकू - 52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 |



> 12 तारीख को बांग्लादेश में चुनाव हैं। उसके बाद आप यू-टर्न देखेंगे। एक बयान आएगा कि जनता की भावना को देखते हुए क्रिकेट जारी रहना चाहिए। मैं खुद राजनीति में रहा हूं। जब आप क्रिकेटर होते हैं तो आपके खून में क्रिकेट होता है, जब आप राजनेता होते हैं तो राजनीति।
>
> -चेतन शर्मा


# स्टेडियम

कानपुर, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### सूर्यकुमार ने बदली टीम की तस्वीर : पंत

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी कप्तानी ने टीम इंडिया को बदल डाला है। पंत ने आजतक के कार्यक्रम 'सलाम क्रिकेट' में कहा, ''सूर्या भाई की एनर्जी ड्रेसिंग रूम का माहौल ही बदल देती है। वे सिर्फ बल्लेबाज नहीं, बल्कि ऐसे लीडर हैं जो हर खिलाड़ी को आजादी और भरोसा देते हैं।'' पंत के मुताबिक टीम इंडिया में दिखाई दे रही एग्रेसिव माइंडसेट की जड़ में कप्तान की सोच और फास्ट बॉलर्स की भूमिका है। टी20 वर्ल्ड कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और ऋषभ पंत ने पहले सत्र में कहा कि टी20 वर्ल्ड कप को इंजॉय करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल वे रिकवरी फेज में हैं।

### मुंबई-कर्नाटक रणजी क्वार्टर फाइनल आज से

**मुंबई।** टी20 विश्व कप का बुखार भले ही चढ़ रहा हो लेकिन स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई और कर्नाटक के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अगले पांच दिन तक रोमांचक खेल देखने को मिल सकता है। दोनों टीमों का इतिहास शानदार रहा है जिसमें मुंबई के पास 42 रणजी खिताब हैं और कर्नाटक के पास आठ ट्रॉफियां हैं लेकिन ऐसे नॉकआउट मुकाबलों में पिछले रिकॉर्ड का ज्यादा असर नहीं होता। लेकिन फिर भी ऐसे मुकाबलों में मुंबई का दबदबा बरकरार रहा है जो अब नियमित कप्तान शारदुल ठाकुर और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की वापसी से और बढ़ गया है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दिया 204 रनों का लक्ष्य


## महिला प्रीमियर लीग का फाइनल : रॉड्रिग्स, लॉरा और शिनेल ने खेलीं विस्फोटक पारियां

**वडोदरा, एजेंसी**

कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स की अगुआई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चार विकेट पर 203 रन बनाए। जेमिमा ने 37 गेंद में आठ चौकों से 57 रन की पारी खेली जबकि लॉरा वोल्वार्ट (44 रन, 25 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) और शिनेल हेनरी (नाबाद 35, 15 गेंद, चार चौके, दो छक्के) ने चौथे विकेट के लिए 24 गेंद में 55 रन की तूफानी साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

जेमिमा ने वोल्वार्ट के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 76 रन जोड़े। दिल्ली की टीम चार सत्र में चौथी बार फाइनल में खेलते हुए पहली बार खिताब जीतने की कोशिश कर रही है जबकि पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम की नजरें दूसरे खिताब पर हैं।

बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद लिजेल ली (37) और शेफाली वर्मा (20) ने दिल्ली कैपिटल्स को सधी हुई शुरुआत दिलाई। शेफाली ने लॉरेन बेल पर पारी का पहला चौका मारा जबकि लिजेल ने सयाली सतघरे पर लगातार दो छक्के जड़े। शेफाली ने अरुंधति रेड्डी पर दो चौके मारे लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर ऋचा घोष को कैच दे बैठीं। दिल्ली ने पावर प्ले में एक विकेट 53 रन बनाए।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शॉट लगातीं दिल्ली कैपिटल्स की लॉरा वोल्वार्ट। एजेंसी

लॉरा वोल्वार्ट ने आते ही अरुंधति पर चौका जड़ा जबकि लिजेल ने श्रेयंका पाटिल का स्वागत लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ किया। नेदिन डि क्लर्क ने लिजेल को ग्रेस हैरिस के हाथों कैच कराके रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। लिजेल ने 30 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और इतने ही चौके मारे। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स और वोल्वार्ट ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। जेमिमा ने डि क्लर्क पर दो चौके जड़ने के बाद श्रेयंका पर तीन चौके मारे। दिल्ली के रनों का शतक 11वें ओवर में पूरा हुआ। जेमिमा ने डि क्लर्क की गेंद पर एक रन के साथ 32 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जिसमें सात चौके शामिल रहे। जेमिमा ने सतघरे पर भी चौका जड़ा लेकिन इसके बाद उनकी फुलटॉस गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर डि क्लर्क के हाथों में खेल गईं। चिनेल हेनरी ने 19वें ओवर में डि क्लर्क पर चार चौकों और एक छक्के से 24 रन बटोरे और फिर सतघरे पर भी छक्का मारे। वोल्वार्ट पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हुईं।

## टी-19 विश्व कप : खिताबी मुकाबला आज

# भारतीय टीम का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी

**हरारे, एजेंसी**



- बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म से उम्मीदें बढ़ी
- मुकाबला दोपहर एक बजे से शुरू होगा

छठा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम जब आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड से खेलेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने जीत दर्ज की जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे और सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने यादगार पारियां खेली। इस जीत से पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम का हौसला बढ़ा है जिसने पिछली बार 2022 में खिताब जीता था।

भारत ने अमेरिका के खिलाफ पहले ग्रुप मैच से ही बेहतरीन खेल दिखाया है। सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को हराकर भारतीय टीम ने अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा। अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा। भारत को एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और नजरें वैभव सूर्यवंशी पर भी लगी होंगी जिनके बल्ले से हो रही आतिशबाजी का जवाब तलाशने के लिए विरोधी गेंदबाज जूझते नजर आये हैं।

### टीम

**भारत :** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह।

**इंग्लैंड :** थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन।

इंग्लैंड के सामने उन्हें हालांकि संयम से खेलना होगा क्योंकि मैन्नी लुम्सडेन की अगुवाई में उसके पास मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है। भारत का अंडर 19 विश्व कप फाइनल में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और 10वीं बार टीम फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में हुए टूर्नामेंट में भारत ने इंग्लैंड को ही हराया था।



# हम वहां खेलने जा रहे हैं : सूर्यकुमार

## टी-20 विश्व कप

- बायकॉट पर भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान को धोया

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मैच के लिए कोलंबो जाएगी, फिर भले ही पड़ोसी देश ने मैच का बहिष्कार करने की घोषणा क्यों ना की हो। भारत को 15 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी का सामना करना है लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट टीम को उसकी सरकार ने मैच में हिस्सा नहीं लेने के लिए कहा है क्योंकि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत में खेलने से इनकार करने के बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। सूर्यकुमार ने यहां टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की प्रेस मीट के दौरान कहा मुझे लगता है कि उनका फैसला मेरे नियंत्रण में नहीं है। काश मैं उनके फैसले ले पाता लेकिन यह उनका फैसला है। हम एशिया कप में भी खेले थे और हम उनके साथ तीन बार खेले थे। विश्व कप शनिवार से शुरू हो रहा है और भारत उसी शाम अपने पहले मैच में अमेरिका से भिड़ेगा। सूर्यकुमार ने कहा हमारी सोच काफी स्पष्ट है। हमने (पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से) मना नहीं किया है। उन्होंने किया है। आईसीसी ने कार्यक्रम तय किया। हमारी फ्लाइट की टिकट बुक हो गई है और हम वहां (कोलंबो) जा रहे हैं। उन्होंने कहा, टीम में चर्चा हुई है कि हम पहले सात फरवरी को खेल रहे हैं और फिर हम वहां जाएंगे। सूर्यकुमार ने कहा हमने उनके खिलाफ कुछ अच्छा क्रिकेट खेला है। हमें बताया गया है कि मैच 15 तारीख को है, मैच तटस्थ स्थल पर है और अगर हमें मौका मिलता है तो हम खेलेंगे। यह उनके (पाकिस्तानी खिलाड़ियों) के लिए भी एक मुश्किल फैसला है।

### भारत के खिलाफ मैच हमारे नियंत्रण में नहीं : पाक कप्तान

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अपने क्रिकेट बोर्ड के रुख को बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला उनकी सरकार ने लिया था और यह उनके नियंत्रण में नहीं था। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को यहां होने वाले अपने बहुप्रतीक्षित पुरुषों के टी20 विश्व कप ग्रुप लीग मैच का रविवार को बहिष्कार करने की घोषणा की। हालांकि पाकिस्तानी सरकार ने सात फरवरी से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी। सलमान ने कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा भारत का मैच हमारे नियंत्रण में नहीं है। यह सरकार और पीसीबी का फैसला है। वे जो भी कहेंगे, हम वही करेंगे। टी20 विश्व कप शनिवार को भारत और श्रीलंका के अलग-अलग स्टेडियम में शुरू होगा। अगर दोनों टीमें नॉकआउट में आमने-सामने होते हैं तो वे फिर सरकार द्वारा लिए गए फैसले का पालन करेंगे।

### बांग्लादेश से एकता दिखाने के लिए किया विरोध : शरीफ

**कराची।** भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप के मैच के बहिष्कार को सही फैसला बताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के समर्थन के लिए यह सोच समझकर लिया गया फैसला है। पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को कोलंबो में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने के लिए कहा है। इससे पहले सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को विश्व कप से हटाकर स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया। शरीफ ने यहां सरकार की एक बैठक के बाद कहा हमने टी20 विश्व कप पर स्पष्ट रूख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे क्योंकि खेल के मैदान पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा हमने सोच समझकर यह रुख अपनाया है और हम पूरी तरह से बांग्लादेश के साथ हैं। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल सही फैसला है।

# मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे एसोसिएट देश

**मुंबई, एजेंसी**

भले ही नेपाल, आखिरी समय में शामिल हुए स्कॉटलैंड और पहली बार क्रिकेट विश्व कप खेलने वाले इटली के पास क्रिकेट की कोई बड़ी विरासत नहीं हो लेकिन शनिवार को यहां शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के शानदार मंच पर ये टीम अपनी छाप छोड़ने का सपना सजाए हैं। इन तीनों एसोसिएट देशों का टी20 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग अभियान अलग रहा। नेपाल एक उभरती हुई टीम है, बांग्लादेश के भारत में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने के बाद स्कॉटलैंड को शामिल किया गया जबकि विश्व कप में इटली की मौजूदगी यूरोप में खेल के विकास का सबूत है।

संबंधित टीम के कप्तान टूर्नामेंट में खेलने के इस मौके को बखूबी जानते हैं। इटली के कप्तान वेन मैडसेन दक्षिण अफ्रीका के लिए हॉकी खेल चुके हैं। उन्होंने विश्व कप से पहले सभी टीम के कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा इटली में मुख्य खेल फुटबॉल है, लेकिन टी20 विश्व कप में खेलने का मौका हमारे देश के लिए बहुत अहम है और यह इटली को क्रिकेट के नक्शे पर लाने की बात है। स्कॉटलैंड के लिए यह टूर्नामेंट एक अलग तरह की चुनौती पेश करता है क्योंकि उन्हें पिछले महीने के आखिर तक अपनी भागीदारी का अंदाजा भी नहीं था। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन ने कहा, हमारी तैयारी दूसरी टीमों से अलग रही है, लेकिन हम इस स्तर पर खेलने का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। यह हमारे सामने एक शानदार मौका है।

नेपाल लगातार दूसरा टी20 विश्व कप खेल रहा है और वह प्रभावित करने की कोशिश करेगा।

पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बड़े प्रशंसक नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल ने कहा यह टी20 विश्व कप बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हमने 10 साल बाद (2024 में) क्वालीफाई किया था। हम अगली पीढ़ी के लिए छाप छोड़ना चाहते हैं। पौडेल मुंबई में रोहित शर्मा के घरेलू मैदान पर खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा मैं रोहित शर्मा का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं लेकिन उम्मीदों पर खरा उतरना मेरे लिए एक मुश्किल काम होगा। मुझे उम्मीद है कि मैं प्रशंसकों को खुश कर पाऊंगा। भारत में जन्में अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल के लिए उस देश में खेलने का अनुभव खास और भावनात्मक होगा जिसमें उन्होंने जन्म लिया।

भारत के खिलाफ शनिवार को होने वाले पहले मैच से पहले मोनांक ने कहा भारत में आकर विश्व कप खेलकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत में विश्व कप खेलूंगा और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करूंगा। खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

### ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड्स मुकाबला टॉस के बाद रद्द

**कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के बीच टी-20 विश्वकप से पहले गुरुवार को होने वाला अभ्यास मैच बारिश के कारण टॉस होने के बाद रद्द घोषित कर दिया गया। आज यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इसके बाद शुरु हुई बारिश के कारण मैच को रद्द घोषित कर दिया गया।

# सुरुचि-राणा को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत

## एशियाई निशानेबाजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उभरती हुई निशानेबाज सुरुचि सिंह और विश्व चैंपियन सम्राट राणा को शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन भारत ने अपना दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक की संख्या को 10 तक पहुंचा दिया।

रश्मिका सहगल और वंशिका चौधरी ने जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल जबकि प्रियांशी पूर्वा और चहक कोहली इसी स्पर्धा के युवा वर्ग में शीर्ष दो स्थानों पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के दो दिन के बाद भारत 10 स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है जबकि उज्बेकिस्तान उससे काफी पीछे तीन स्वर्ण के साथ दूसरे पायदान पर है। उज्बेकिस्तान के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव ने जीता जिन्होंने 48 शॉट के फाइनल में सम्राट और सुरुचि को 479.6 के मुकाबले 481.3 अंक से हराया। पिछले साल चार आईएसएसएफ विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के अलावा सत्रांत विश्व कप फाइनल में शीर्ष पर रहीं 19 साल की सुरुचि और सम्राट ने 60 शॉट के क्वालीफिकेशन दौर में 10 टीम के बीच कुल 583 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और उज्बेकिस्तान के अलावा वियतनाम (582 अंक, दूसरा) और चीनी ताइपे (575 अंक, चौथा) की जोड़ियां भी फाइनल में पहुंचीं।



एशियाई निशानेबाजी की मिश्रित विजेता टीम। एजेंसी

# बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने की जीत से शुरुआत

**अलीकांटे (स्पेन)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने यहां बोक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 में यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को आसानी से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की जबकि हितेश गुलिया भी अगले दौर में पहुंच गए जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

लवलीना महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने तेज और सटीक मुक्कों के संयोजन से यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में हराकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में हितेश ने कनाडा के विन्सेंट सांटाओरिएलो को 5-0 से शिकस्त दी। लवलीना के अलावा भारत की अन्य महिला मुक्केबाजों ने भी दमदार जीत दर्ज कीं।

## डेविस कप

### नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले से पहले बोले भारत के नंबर एक एकल टेनिस खिलाड़ी

# दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं : नागल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह नीदरलैंड के खिलाफ भारत के डेविस कप मुकाबले से पहले कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के दौरान दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। नागल खराब फॉर्म और उसके कारण खराब नतीजों की वजह से मुश्किलों से भरे 2025 सत्र के बाद विश्व रैंकिंग में 281वें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन हफ्तों के एकाग्र रिहैबिलिटेशन ने उन्हें मुकाबले में उतरने से पहले आत्मविश्वास दिया है।



नागल ने ट्रेनिंग सत्र के बाद अच्छा महसूस कर रहा हूं, दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा मैं पिछले दो-तीन हफ्तों से बहुत मेहनत कर रहा हूं। मेरे लिए शिविर बैंकॉक के ठीक बाद शुरू हो गया था। मुझे वहां इतना अच्छा महसूस नहीं हो रहा था लेकिन मैं उसी रात वापस आ गया, अपना रिहैब शुरू किया और सच कहूं तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैंने डेविस कप के लिए तैयार होने के लिए वह सब कुछ किया जो मैं कर सकता था। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को बैंकॉक में कूल्हे में चोट लगी थी और उन्होंने माना कि उबरने का दौर मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। इस सुझाव के बावजूद कि धीमे कोर्ट भारत के लिए बेहतर हो सकते थे नागल ने बेंगलुरु में मुकाबला आयोजित करने के फैसले का समर्थन किया और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की ताकत की ओर इशारा किया।

उन्होंने कहा (जेस्पर) डि जोंग और गाय (डेन ओडेन), वे दोनों क्ले कोर्ट पर बहुत अच्छे हैं। उन्होंने उस सतह पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मुझे लगता है कि यह अच्छा हुआ कि हमने बेंगलुरु को चुना। मैं यहां सहज हूं, मैंने अपने करियर में इन परिस्थितियों में खेलते हुए बहुत समय बिताया है। नागल ने परिचित माहौल के महत्व पर भी जोर दिया और आयोजन स्थल तय होने के बाद अपना ट्रेनिंग स्थल बेंगलुरु में स्थानांतरित कर लिया था। नागल ने कहा जब हमें पता चला कि डेविस कप यहां होने वाला है तो हमने अपना शिविर स्थानांतरित कर लिया।

### युगल दूसरे दर्जे का प्रारूप नहीं: भांबरी

**बेंगलुरु।** एक समय भारत के बेहतरीन एकल खिलाड़ियों में गिने जाने वाले युकी भांबरी का करियर एक अप्रत्याशित लेकिन सीखने वाला सफर रहा है। एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आने के तुरंत बाद चोटों ने उनके एकल करियर को रोक दिया। प्रायोजन की अनिश्चितता ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया और जो उम्मीदें लोगों ने देखीं थी वे उस प्रारूप में काफी हद तक अधूरी रह गईं। युकी खुद को भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी के तौर पर अपने पेशेवर जीवन के सबसे सफल दौर में पाते हैं। पिछले 18 महीने में उन्होंने चार एटीपी खिताब जीते, एक ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेला और यह इस बात का एक उदाहरण है कि एलीट स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ी के लिए क्या कर सकता है।